# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2022

# आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

पिपराइच (एसएनबी)। मोटेश्वर महादेव मंदिर से सावन माह के सोमवार की पूर्व संध्या पर निकलने वाले जुलूस व मुहर्रम आदि त्योहार के मद्देनजर पिपराइच थाना परिसर में आज रविवार को शान्ति समिति की वैठक में प्रभारी थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वैठक में शामिल लोगों ने शांति व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने सवसे पहले पूरे क्षेत्र से आये ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों तथा दो समुदायों के लोगों से त्योहार से जुड़ी समस्याओं को वताने का आग्रह किया।

इसके वाद उन्होंने कहा कि आगामी 8 अगस्त को मुहर्रम तथा सावन सोमवार है। रविवार शाम एक साथ निकलने वाले जुलूस को आपसी भाईचारे के साथ सम्पन्न करायें। यदि कोई उपद्रवी तत्व अशांति फैलाने का प्रयास करेगा।तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सवसे पहले आप अपने गांव घर में प्रेम के साथ किसी भी उपद्रवी तत्वों की गोपनीय जानकारी मुझे दे आवश्यकता पड़ने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। हल्का दरोगाओं से सूअर वाड़ों तथा डीजे वालों की पूरी जानकारी देनें तथा उस पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। मोटेश्वर नाथ मंदिर में लगने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा आदि पर महन्त संतोष गिरी से चर्चा की गई। तालाव, मंदिर के मुख्य द्वार, गर्भ गृह आदि भीड़भाड़ जगहों पर सीसीटीवी सहित अन्य सुरक्षा आदि की व्यवस्था पर सहमति वनी।

इस अवसर पर मोटेश्वर मंदिर के महन्त संतोष गिरी, ग्राम प्रधान संजय पटेल,सभासद व्यास मुनि, कमरूद्दीन, सुरेश सिंह, हिदायतुल्लाह, अली मुहम्मद, अनिल सिंह,गुड्डू सिंह गिरजेश यादव सहित क्षेत्रीय ग्राम प्रधान,दोनों समुदाय के गणमान्य गण मौजूद रहे।

# किशोरी के अपहरण के मामले में केस

बांसगांव (एसएनबी)। क्षेत्र के हरनहीं में स्थित एक कालेज में पढ़ने गयी एक छात्रा को वहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक के खिलाफ मुकामी पुलिस ने धारा 363 के तहत केस दर्ज की। पुलिस छात्रा की वरामदगी और आरोपित युवक की गिरफ्तारी कर प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर ढखवा निवासी तथा 17 वर्षीय किशोरी के पिता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में वताया है कि 15 जुलाई को उनकी पुत्री हरनहीं में स्थित एक कालेज में पढ़ने गई थी। पिता का आरोप है कि पढ़ाई के वाद जव पुत्री कालेज से वाहर निकली तो खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम झरकटहा निवासी विशाल यादव उसे वहला फुसलाकर भगा ले गया।

# महिला का शव बरामद, शिनाख्त नहीं

गोरखपुर (एसएनबी)। आनन्दनगर रेलखण्ड के रावतगंज व महावनखोर हाल्ट के मय अज्ञात महिला का शव पुलिस ने वरामद किया। महिला की शिनाख्त कराने की कोशिश की गई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीपीगंज के स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचना दी कि कैम्पियरगंज एवं पीपीगंज के वीच महावनखोर एवं रावतगंज हाल्ट के निकट महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर एसआई अतुल कुमार तिवारी मय हमराह मौके पर पहुंचे। जहां एक अज्ञात महिला का शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पायी।

# नाबालिग संग छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

गोरखपुर (एसएनबी)। सात साल की नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इधर हरकत में आयी पुलिस ने सोखा को हिरासत में लिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है। फुटहवा ईनार प्रतिनिधि के अनुसार चौरीचौरा क्षेत्र में एक अधेड़ झाड़फूक और सोखैती का काम करता है। विगत 15 जुलाई को पड़ोस में रहने वाली एक सात साल की बच्ची खेलते हुए उसके पास जा पहुंची। सोखा ने पहले बच्ची को मोबाईल में अश्लील वीडियो दिखाया और अश्लील हरकत शुरू कर दी। बच्ची रोते-बिलखते हुए अपने घर पहुंच कर और सारी बातें अपनी मां को बता दिया। पीड़िता की मां ने तत्काल 112 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची लेकिन तब तक सोखा फरार हो गया। वारदात के तीसरे दिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी सोखा को हिरासत में लिया। क्षेत्र में चर्चा यह है कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद पुलिस को सूचना देने के बाद भी तीन दिन तक क्यों नहीं कोई कार्यवाही की गई।

# मनबढों ने पुजारी को पीटकर किया लहूलुहान

बड़हलगंज (एसएनबी )। क्षेत्र के आनंदगढ़ गांव के ठाकुर जी मन्दिर के पुजारी को गांव के मनवढ़ पिता-पुत्र ने वुरी तरह पीटकर लहुलुहान कर दिया। पुजारी द्वारा लिखित तहरीर देने के वाद भी अभी तक पुलिस नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

रविवार को सांयकाल 4 वजे के आसपास गांव के मनवढ़ अनूप पुत्र फौजदार व फौजदार पुत्र छविलाल ने मन्दिर में गुटखा खाकर थूकने से मना करने पर पुजारी दूधनाथ यादव को वुरी तरह पीटकर लहुलुहान कर दिया।

**आनंदगढ़ गांव के ठाकुर जी मन्दिर का मामला**

पुजारी ने वताया कि इससे पूर्व भी मन्दिर परिसर में शराव पीने से मना करने पर उक्त मनवढ़ों द्वारा गाली-गलौज की जाती थी। घटना से आक्रोशित गांव के आधा दर्जन लोगों ने कोतवाली पहुंचकर उक्त मनवढ़ पिता-पुत्रों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। देर शाम तक पुलिस धारा कोई कार्रवाई नहीं करने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने वताया कि उक्त मनवढ़ द्वारा हिन्दू धर्म व देवी-देवताओं पर भी अभद्र टिप्पणी की जाती हैं जिससे कभी भी माहौल विगड़ने का अंदेशा हैं। इस सम्वन्ध में कोतवाल मधूप नाथ मिश्र ने कहा कि उक्त युवक को कल थाने पर वुलाया गया है, हिन्दू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने तथा पुजारी के साथ मारपीट करने की सजा उसे जरूर मिलेगी।

# गबन का आरोपित पूर्व बैंक प्रबंधक गिरफ्तार

बड़हलगंज (एसएनबी )। वड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने जालसाजी व गवन के आरोपी पूर्व वैंक प्रवंधक को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया।

कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने वताया कि रविवार को ग्राम खोखर टोला रहमत नगर थाना राजघाट निवासी एवं यूको वैंक मदरिया के पूर्व शाखा प्रवंधक अव्दुल मलिक पुत्र गफूर अहमद को उसके गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसके खिलाफ थाने में जालसाजी व गवन के आरोप में विभिन्न मुकदमा दर्ज था। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। कोतवाल ने वताया कि वादी श्यामनारायण मिश्र पुत्र पुजारी मिश्र के पिता की 2004 में मृत्यु के कारण ग्राम रघुनाथपुर की अपनी जमीन श्यानारायण मिश्र तथा उनके दोनों भाई अशोक मिश्र, राधेश्याम मिश्र व माता शांति देवी का नाम वारिस दर्ज हो गया। पिता की मृत्यु के कई वर्ष वाद पता चला कि इन्तखाफ खतौनी में अंकित था कि आदेशानुसार शाखा प्रवंधक यूको वैंक मदरिया 16-8-2005 के अनुसार गाटा संख्या 10,86, 155 में अपने अंश को पुजारी पुत्र शिवजतन ने चालीस लाख रूपया गारंटी वंधक रखा। वादी का परिवार कभी लोन नहीं लिया था। जिसके वाद उन्होंने धारा 419, 420, 467, 468, 471, 406, 120 वी में मुकदमा दर्ज कराया था। इसी प्रकार गगहा थाना क्षेत्र के सखरूआ निवासी पवित्र नारायण शुक्ल पुत्र स्व राम आार शुक्ल मुंवई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। जो आवश्यकता पड़ने पर ही मुंवई से घर आता है। वह जून 2010 में शादी पड़ने पर घर आया थे। तव गांव के कुछ लोगों से पता चला कि हमारे नाम से यूको वैंक मदरिया में किसान समृद्धि योजना के तहत पंद्रह लाख का लोन हुआ है। जवकि उनका गांव उक्त वैंक के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है। तव उन्होंने यूको वैंक मदरिया में जाकर पता किया तो पता चला कि 27-6-2006 को उनके सखरूआ स्थित जमीन पंद्रह लाख रूपये में लोन स्वीकृत है। इसी संवंध में उन्होंने थाने में धारा 419, 420, 467, 468, 471, 409 में मुकदमा दर्ज कराया था। गिरफ्तार करने वालों में एसआई जुगेश आनंद, घनश्याम यादव, का सत्यप्रकाश तिवारी आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

> दूसरे की भूमि पर लोन कर लाखों के गबन का आरोपित है अब्दुल मलिक

# सड़क के किनारे बेधड़क खुल रही हैं दुकानें

गोरखपुर (एसएनबी)। राजकीय गर्ल्स पालीटेक्निक छात्रावास के पीछे सड़क के किनारे अवैध कब्जे का सिलसिला पुलिसिया शह पर जारी है। चर्चा है कि पुलिस हर माह इस तरह के अवैध दुकानदारों से वसूली करती है। एक चर्चित सिपाही की अहम भूमिका है।

असुरन चौक से पिपराइच मार्ग पर स्थित राप्ती कांप्लेक्स के बगल में सड़क के किनारे अवैध कब्जा कर तावड़तोड़ दुकानें बनायी जा रही हैं। कोई गन्ना का जूस बेच रहा है तो कोई विरयानी। रिक्शा वाले भी अपनी दुकान खोल रखे हैं। यह सब असुरन चौकी की पुलिस की शह पर हो रहा है और चर्चा है कि पुलिस हर माह वसूली करती है। पालीटेक्निक छात्रावास के पीछे दो दर्जन से अधिक दुकानें फुटपाथ पर छप्पर और टीनशेड डालकर बना दी गयी हैं। चर्चा है कि अवैध कब्जेदारों ने दुकान खोलने वालों से पेशगी भी वसूल ली है। ऊपर से हर माह चौकी की पुलिस को रकम देनी पड़ती है। यहां यह भी बता दें कि नगर निगम की ओर से अभी कुछ दिन पहले ही अतिक्रमण हटाया गया था और कहा गया था कि अगर फिर से अतिक्रमण होता है तो मुकामी पुलिस की जिम्मेदारी होगी। सवाल यह उठता है कि असुरन चौकी पुलिस आखिर क्या कर रही है? बता दें कि यहीं पर एक मुर्गा काटने वाले की दुकान भी है जो पिछले दिनों मोबाइल लूट में गिरफ्तार हुआ था। अभी भी उसकी दुकान पुलिस की शह पर चल रही है।

राजकीय गर्ल्स पालीटेक्निक छात्रावास के पीछे अवैध कब्जे का सिलसिला पुलिसिया शह पर है जारी

**देर रात तक क्यों खुली रहती है दुकान :** राप्ती कांप्लेक्स के सामने एक दुकान है जो देर रात तक खुली रहती है वह भी पुलिस की शह पर। यहां से हर माह पुलिस का अच्छी रकम मिलती है। रात 11 वजे शराव की दुकान वंद हो जाती है और फिर इस दुकान पर वियर-शराब विकती है। यही कारण है कि दुकान देर रात तक खुली रहती है और वहां ग्राहकों की भीड़ भी लगती है लेकिन असुरन चौकी की पुलिस को यह सब नहीं दिखता।



# थाने में भिड़े दो पक्ष, तीन हुए अरेस्ट

**GORAKHPUR (17 July):** भूमि विवाद के मामले में रविवार की दोपहर गुलरिहा थाने पहुंचे दो पक्ष के लोग पुलिसकर्मियों के सामने ही भिड़ गए. कहासुनी के बाद हाथापाई शुरू हो गई. मामला बढ़ने पर पुलिस ने दोनों पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में ले लिया. धर्मशाला निवासी अजय, विजय व उनके भाई की भूमि गुलरिहा थाना क्षेत्र के एकला नंबर दो गांव में है. एक भाई जो दिव्यांग है, उसने अपने हिस्से की भूमि प्रॉपर्टी डीलर को बेचने के लिए एडवांस रुपए ले लिया है. एक भाई भूमि के बंटवारे पर आपत्ति जता रहे हैं. रविवार को पुलिस ने सभी लोगों को थाने बुलाया था. दोपहर में एक पक्ष थाने में अपनी बात रख रहा था. इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने हाथापाई शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने एक पक्ष से अजय, विजय व दूसरे पक्ष से सुरेंद्र निषाद निवासी सरैया को हिरासत में ले लिया. इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी अरुण कुमार चौबे ने बताया कि हंगामा करने वाले दोनों पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है.

## छींटाकशी करने के आरोपितों का शांतिभंग में चालान

भटहट : दुकान पर बैठकर रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं पर छींटाकशी करने वाले दो युवकों को गुलरिहा थाना पुलिस ने रविवार की सुबह हिरासत में ले लिया. पूछताछ के बाद दोपहर बाद शांतिभंग में चालान कर दिया. चौकी प्रभारी भटहट ज्योति नारायण तिवारी ने बताया कि बरगदही के सिंहोरवा में रविवार सुबह दुकान पर बैठे गांव के अखिलेश व जैनपुर के धर्मपाल निषाद रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं पर छींटाकशी कर रहे थे.

# ग्रीन कॉरिडोर: पेशेंट की न चली जाए जान, 10 जिलों को बताया प्लान

**सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस और थानों की पुलिस ग्रीन कॉरिडोर करेगी तैयार**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (17 July):** गोरखपुर शहर के लिए गंभीर पेशेंट के साथ कोई एंबुलेंस रवाना हो तो रवानगी के दस मिनट पहले ही कंट्रोल रूम को वॉट्सएप और इसके बाद फोन कॉल के जरिए सूचना देनी होगी. इससे ट्रैफिक पुलिस और संबंधित थानाक्षेत्र ग्रीन कॉरीडोर तैयार कर देंगे. साथ ही संबंधित एंबुलेंस पर पहचान का फ्लैग भी लगाए जाएंगे ताकि जब वह वाहन गुजरे तो पता चल सके कि जिस एंबुलेंस के लिए कॉरीडोर बनाया गया है, वह गुजर गया है. शहर में प्रवेश होने वाले किसी भी जिले के सरकारी एंबुलेंस को यह सुविधा प्रदान की जाएगी. एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि अगर सड़क का एक लेन जाम है तो सरकारी एंबुलेंस विपरीत लेन में भी जा सकती है और ऐसा करने से कोई विधिक कार्यवाही नहीं होगी.

## 10 जिलों के जिम्मेदारों को ट्रेनिंग

102 और 108 नंबर एंबुलेंस के संचालन की व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है. इसी कड़ी में एंबुलेंस का संचालन कर रही संस्था जीवीके-ईएमआरआई के दस जिलों के प्रबंधन से जुड़े लोगों को सीएमओ कार्यालय के प्रेरणा श्री सभागार में शनिवार को प्रशिक्षित किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में गोरखपुर शहर के एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह भी पहुंचे और उन्होंने आश्वस्त किया कि संस्था की तत्परता और सहयोग से ग्रीन कॉरीडोर की व्यवस्था और मजबूत की जाएगी.

i UPDATE



एसपी ट्रैफिक ने ली 108 व 102 एम्बुलेंस के ऑपरेटर्स की मीटिंग.

## पिकअप के साथ ही इलाज शुरू

गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़ और बलिया जिलों से आए संस्था के प्रोग्राम मैनेजर्स और इमर्जेंसी मेडिकल एक्जीक्यूटिव (ईएमई) को हैदराबाद से आए मुफीद उर्रहमान, डॉ. शिव कुमार वडवेल और धर्मेंद्र ने प्रशिक्षित किया. सभी लोगों से कहा गया है कि एंबुलेंस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करें. खासतौर से समुदाय में यह संदेश दें कि 108 नंबर सेवा का इस्तेमाल करने से मरीज को पिक अप करने के साथ ही इलाज शुरू हो जाता है और उसकी जान बचाना आसान हो जाता है.

## 102 में प्रसव की सुविधा

यह भी बताएं कि प्राइवेट वाहन की तुलना में 102 नंबर एंबुलेंस से गर्भवती को ले जाना जरूरी है, क्योंकि ऐसा करने से आपात स्थिति में एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव की सुविधा उपलब्ध है. इस मौके आपरेशनल हेड निखिल रघुवंशी, क्षेत्रीय समन्वयक जगदीश्वर पांडेय, सुमित प्रताप सिंह, अनुराग पांडेय, गोरखपुर के प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेद्वी प्रमुख तौर पर मौजूद रहे. प्रशिक्षण सत्र देर शाम तक आयोजित किया गया. गोरखपुर के प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि शीघ्र ही इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन (ईएमटी) और पायलट का भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा.



# गोरखपुर टू नेपाल: क्रिमिनल्स का सेफ गेम

# सेफ जोन विद नो पेन



## नेपाल में फरारी काट रहा था सुनील उर्फ बहादुर

सर्विलांस सेल और कैंट पुलिस की संयुक्त टीम ने 25 हजार के इनामी

**केस 01**

बदमाश सुनील उर्फ बहादुर को 10 जुलाई को पकड़ा. पुलिस ने बताया कि इस बदमाश ने नेपाल में ठिकाना बनाया था. मोहरीपुर थाना चिलुआताल निवासी सुनील चौहान पर लूट और डकैती, हत्या तक के मुकदमे हैं. यह काफी दिनों से फरार था. पुलिस ने बताया कि सुनील चौहान का एक संगठित गिरोह है. जो नेपाल में कारोबारियों की रेकी कर उनके साथ लूट एवं डकैती जैसी संगीन अपराध कराता है.

## शातिर टमाटर नेपाल से चला रहा था गैंग

कैंट पुलिस और प्रभारी सर्विलांस सेल ने शातिर अपराधी मनोज साहनी उर्फ टमाटर

**केस 02**

को 16 जुलाई को कचहरी साइकिल स्टैंड के पास अरेस्ट किया. टमाटर पर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था. पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया अपराधी मनोज साहनी उर्फ टमाटर हत्या, लूट और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देता था. टमाटर और उसके साथी एक संगठित गिरोह चलाते हैं. जोकि नेपाल के व्यापारियों की रेकी कर उन्हें भारत की सीमा में कदम रखते ही लूट लेते थे.

## कार चोर को सौंपा नेपाल

देवरिया के मिर्जा दिलशाद बेग पर गोरखपुर समेत कई जिलों में गाड़ी चोरी, अपहरण, फिरौती और हत्या जैसी घटनाओं में केस दर्ज हुए. अस्सी के दशक में वो फरारी के दौरान ही डी कंपनी यानी दाउद इब्राहिम का खास बन गया. कम ही समय में उसे फरारी के दौरान ही दाउद ने नेपाल की कमान सौंप दी. फिर क्या मिर्जा दिलशाद बेग ने नेपाल में बैठकर जब चाहा, रिमोट घुमाया और गोरखपुर समेत पूर्वांचल की धरती पर गोली चलवा दी. साल 1994 में उसने पैसे के दम पर नेपाल में चुनाव जीता और मंत्री भी बना. नेपाल के बढ़नी बॉर्डर पर स्थित कृष्णानगर में उसने आलीशान हवेली बनवाई. जहां से षड्यंत्र रचकर इंडिया में क्राइम करवाता था.



**हाल में दो अपराधी पकड़े गए हैं. जो नेपाल से रेकी करते थे. इंडिया में आते ही उनकी रेकी पर कारोबारियों को शिकार बनाया जाता था. ऐसे अपराधी जो नेपाल में शरण पाते हैं, उनके शरणदाताओं का भी पता लगाएंगे.**

**डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी गोरखपुर**

## i SHOCKING

### इनामी अपराधियों के षड्यंत्र का अड्डा बना नेपाल

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (17 July):** ये दो मामले हाल फिलहाल के हैं. अपराधियों का नेपाल कनेक्शन काफी पुराना है. जब भी गोरखपुर में अपराधी कोई बड़ी घटना को अंजाम देते हैं या फिर इनामी हो जाते हैं, तो फरार होने के लिए वह पहला ठिकाना नेपाल को ही बनाते हैं. गोरखपुर में बम विस्फोट कर दहला देने वाला अपराधी परवेज टांडा से लेकर मौजूदा वक्त में मनोज साहनी उर्फ टमाटर जैसे अपराधियों को फरार होने के लिए सबसे मुफीद जगह जो नजर आती है वह नेपाल ही है. ये जरूर है कि समय-समय पर शरणदाता यानी आका वहां बदलते रहते हैं. समय पर बड़े-बड़े नाम जो नेपाल में इंडिया के मोस्टवांटेड अपराधियों को शरण देते रहे हैं. पुलिस उनके नाम भी खोलती रही है, लेकिन इस समय नेपाल में अपराधियों को कौन पनाह दे रहा है, ये पुलिस के लिए भी बड़ा सवाल बना है.

## भारत-नेपाल सीमा से पकड़े गए प्रमुख आतंकी

- यूक्रेन की मॉडल डारिया मोलचंद नेपाल के रास्ते इंडिया आई, यहां सेक्स रैकेट चलाने का लगा आरोप.
- 1991 मे खालिस्तान एरिया फोर्स का डिप्टी कमांडर सुखबीर सिंह.
- 1991 में ही नेपाल की बढ़नी सीमा पर खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट के भागा सिंह और अजमेर सिंह की गिरफ्तारी हुई थी.
- 1993 में आतंकी टाइगर मेमन.
- 1995 में आईएसआई एजेंट यासिया बेगम.
- 2000 में आसिम अली और चार आतंकी.
- 2002 में परसामलिक थाने के पास कारतूसों का जखीरा पकड़ा गया था, जो कि बिहार के एमसीसी उग्रवादियों ने नेपाल के माओवादियों के लिए भेजा था.
- 2007 में लश्कर के आतंकी सादात रशीद मसूद आलम की गिरफ्तारी.
- 2009 में मुंबई के आतंकी नूरबक्श और इश्तियाक उर्फ शैतान की गिरफ्तारी.
- 2013 में आतंकी लियाकत अली शाह की गिरफ्तारी.
- 2013 में आतंकी हमलों में 140 लोगों की हत्या के आरोपी और मोस्ट वॉन्टेड आंतकवादी यासीन भटकल की गिरफ्तारी.
- अब्दुल करीम टुंडा को भी उत्तराखंड में नेपाल की खुली सीमा पर ही गिरफ्तार किया गया था.

## परवेज टांडा ने संभाली कमान

मिर्जा दिलशाद बेग के मरने के बाद गोरखपुर में हत्या और बम विस्फोट जैसी घटनाओं में शामिल फरार अपराधी परवेज टांडा ने नेपाल की कमान संभाली. काफी दिनों तक उसने नेपाल से अपना गैंग पूरे पूर्वांचल में चलाया. एक दिन नेपाल में परवेज टांडा की भी हत्या कर दी गई. इसके बाद से नेपाल में डी कंपनी की गैंग कौन चला रहा है ये पुलिस के लिए सवाल बना हुआ है.

## आतंकवादियों को भी शरण देता था दिलशाद

साल 1998 में दिलशाद की हत्या कर दी गई. बताया जाता है कि गोरखपुर या फिर इंडिया के किसी भी कोने से अपराध कर नेपाल जाने पर मिर्जा दिलशाद बेग ही एक ऐसा शख्स था, जो अपराधियों को शरण देता था.

# जालसाजी और गबन का आरोप पूर्व बैंक प्रबंधक किया गया अरेस्ट

**BARHALGANJ:** बड़हलगंज पुलिस ने जालसाजी व गबन के आरोप में यूको बैंक मदरिया के पूर्व शाखा प्रबंधक अब्दुल मलिक को गिरफ्तार किया है. रविवार को पुलिस ने उसे राजघाट थाना क्षेत्र के खोखर टोला रहमतनगर स्थित आवास से गिरफ्तार कर जेल भेजा. कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने बताया, रघुनाथपुर के श्यामनारायण मिश्र ने तहरीर दी थी कि उनके पिता की मौत के बाद भूमि श्याम नारायण मिश्र, भाई अशोक मिश्र, राधेश्याम मिश्र व माता शांति देवी के नाम0हो गई. उनका इंतखाब व खतौनी में 16 अगस्त 2005 को अंकित था कि पुजारी ने भूमि को यूको बैंक में 40 लाख के लिए बंधक रखा था. उनके परिवार ने बैंक से कोई ऋण नहीं लिया था. इसे लेकर अब्दुल मलिक के विरुद्ध केस हो गया.

# बहू से दुष्कर्म के आरोप में ससुर गिरफ्तार, गया जेल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। रामगढ़ताल इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने अपनी बहू से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। बहू का आरोप है कि सौतेली सास खुद ही ससुर के पास जबरन उसे भेजी थी। विरोध करने पर उसने धमकी भी दी थी।

पुलिस ने आरोपों के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी ससुर को रविवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। रामगढ़ताल इलाके में बेलघाट के मूल निवासी एक व्यक्ति ने अपने परिवार के साथ रहते थे। उनकी बहू का आरोप है कि सास सौतेली है। आए दिन वह दबाव बनाकर ससुर के पास भेजती थी। एक दिन मौका पाकर ससुर ने उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता ने रामगढ़ताल थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज कर रविवार को आरोपी को जेल भेज दिया है।

**मां के सामने बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप: चौरीचौरा/झंगहा।** झंगहा थाना क्षेत्र के राजधानी बलुघट्टा पुल के पास शनिवार रात आठ बजे झंगहा थाना क्षेत्र के राजधानी गांव में अपने ननद के घर जा रही मां व बेटी के मुंह में गमछा ठूंस कर बेटी के साथ मनबढ़ों द्वारा दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है।

## किशोरी को भगाने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा

बांसगांव। क्षेत्र के हरनहीं में स्थित एक कालेज में पढ़ने गई एक छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक के खिलाफ मुकामी पुलिस ने धारा 363 के तहत केस दर्ज कर छात्रा और युवक की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर ढखवा निवासी तथा 17 वर्षीय किशोरी के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 15 जुलाई को उनकी पुत्री हरनहीं में स्थित एक कालेज में पढ़ने गई थी। पिता का आरोप है कि पढ़ाई के बाद जब पुत्री कालेज से बाहर निकली तो खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम झरकटहा निवासी विशाल यादव उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया।

## चौरीचौरा में बालिका के साथ हुआ दुष्कर्म

चौरीचौरा। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के नगर पंचायत मुंडेरा बाजार में एक नौ वर्षीय बालिका के साथ शनिवार को एक युवक ने दुष्कर्म किया है। रविवार को बालिका के पिता की तहरीर पर चौरीचौरा थाना पुलिस ने आरोपित विक्की पुत्र रघुनाथ पर धारा 376, 504 आईपीसी व पाक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

# बदली शाहपुर थाने की सूरत, एडीजी ने की तारीफ

गोरखपुर। शाहपुर थाने की सूरत बदल गई है। कभी उजाड़ नजर आने वाले परिसर में अब हरियाली है। थाना भवन, कार्यालय की सुंदरता लोगों को भा रही है। शनिवार को थाने पहुंचे एडीजी जोन अखिल कुमार ने थानेदार रणधीर मिश्रा के कार्य की तारीफ की। राजघाट की तरह शाहपुर थाने में अब-हर तरफ हरियाली है। पुराना भवन चमक रहा है। मेस, बैरक, महिला हेल्पडेस्क का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही फरियादी और पुलिसकर्मियों के लिए सभी बुनियादी सुविधा उपलब्ध है।

# छेड़खानी में आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची से छेड़खानी के मामले में शाहपुर पुलिस ने रविवार को एक आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शाहपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के जंगल तुलसीराम बिछिया निवासी गौरव प्रजापति केस दर्ज था। शाहपुर पुलिस ने रविवार को गौरव प्रजापति पीएसी तिराहा बिछिया के पास से गिरफ्तार किया है।

# गैर इरादतन हत्या के आरोपी को जेल भेजा

झंगहा/चौरीचौरा। 25 मई की शाम को करीब 5 बजे गांव के ही इंदल चौहान के शादी समारोह के अवसर पर बारात विदा होने के दौरान दीवां गांव के सुभाष चौहान, सुग्रीव चौहान, रामप्रीत, बृजेश चौहान, अरविंद चौहान, नारायण गुप्ता तथा सुभाष चौहान के चार अज्ञात रिश्तेदारों ने मिलकर लाठी डंडे से 25 वर्षीय संगम यादव को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही संगम यादव की मौत हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज किया था।

# छह लोगों के खिलाफ मारपीट-बलवा का केस

गोरखपुर। गुलरिहा थानाक्षेत्र के बेलवा रायपुर गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। इस मामले में एक पक्ष से पुलिस ने पहले ही केस दर्ज किया था। अब एसएसपी के आदेश पर दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, बेलवा रायपुर गांव निवासी बृजेश्वर गौड़ व धर्मेंद्र के बीच विवाद हुआ था।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत

भरोहिया/पीपीगंज। पीपीगंज थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत भरोहिया में रविवार को विवाहिता रिंकी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों की सूचना पर पहुंची पीपीगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिंकी की छह साल पहले शादी हुई थी।

# गबन मामले में पूर्व बैंक प्रबंधक गिरफ्तार

कलंक के खिलाफ

- बड़हलगंज में शख्स की मौत के साल भर बाद दिया 4 लाख का लोन
- मुंबई में रह रहे व्यक्ति की जमीन पर दे दिया था 15 लाख का ऋण

बड़हलगंज, हिन्दुस्तान संवाद। कोतवाली पुलिस ने जालसाजी के दो अलग-अलग मामलों में 19 लाख की जालसाजी व गबन के आरोपी यूको बैंक के पूर्व बैंक प्रबंधक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। शहर के राजघाट थानाक्षेत्र के खोखर टोला स्थित घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी प्रबंधक ने दो लोगों की जमीन पर कुल 19 लाख का लोन जारी किया था जबकि जमीन मलिकों को इसकी जानकारी ही नहीं थी।

बड़हलगंज कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि वादी श्यामनारायण मिश्र के पिता पुजारी मिश्र की 2004 में मृत्यु के बाद ग्राम रघुनाथपुर की पैतृक जमीन पर श्यानारायण तथा उनके दोनों भाई अशोक और राधेश्याम मिश्र तथा माता शांति देवी का नाम दर्ज हुआ। पिता की मृत्यु के कई वर्ष बाद पता चला कि खतौनी में अंकित था कि आदेशानुसार शाखा प्रबंधक यूको बैंक मदरिया 16 जुलाई 2005 के अनुसार गाटा संख्या 10,86, 155 में अपने अंश को पुजारी पुत्र शिवजतन ने 04 लाख रुपये गारंटी बंधक रखा। श्यामनारायण का कहना था कि उनके परिवार ने कभी लोन लिया ही नहीं था। उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया।

इसी प्रकार गगहा थाना क्षेत्र के सखरूआ निवासी पवित्र नारायण शुक्ल पुत्र राम अधार शुक्ल मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर ही सखरुआ आते हैं। जून 2010 में शादी समारोह में शामिल होने वह घर आए थे। तब गांव के कुछ लोगों से पता चला कि उनके नाम से यूको बैंक मदरिया में किसान समृद्धि योजना के तहत पंद्रह लाख का लोन हुआ है। जबकि उनका गांव यूको बैंक के क्षेत्राधिकार में नहीं आता था। पवित्र नारायण ने यूको बैंक मदरिया में जाकर पता किया तो पता चला कि 27 जून 2006 को उनकी सखरूआ स्थित जमीन पंद्रह लाख रुपये में लोन स्वीकृत है। उन्होंने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

कोतवाल ने बताया कि रविवार को ग्राम खोखर टोला रहमत नगर थाना राजघाट निवासी यूको बैंक मदरिया के पूर्व शाखा प्रबंधक अब्दुल मलिक पुत्र गफूर अहमद को उनके घर खोखर टोला, रहमत नगर थाना राजघाट से गिरफ्तार किया गया। श्यामनारायण और पवित्र नारायण द्वारा दर्ज कराए गए मामले के बाद अब्दुल मलिक फरार चल रहा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई जुगेश आनंद, घनश्याम यादव, कांस्टेबल सत्यप्रकाश तिवारी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


# गबन मामले में पूर्व बैंक प्रबंधक गिरफ्तार

कलंक के खिलाफ

- बड़हलगंज में शख्स की मौत के साल भर बाद दिया 4 लाख का लोन
- मुंबई में रह रहे व्यक्ति की जमीन पर दे दिया था 15 लाख का ऋण

बड़हलगंज, हिन्दुस्तान संवाद। कोतवाली पुलिस ने जालसाजी के दो अलग-अलग मामलों में 19 लाख की जालसाजी व गबन के आरोपी यूको बैंक के पूर्व बैंक प्रबंधक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। शहर के राजघाट थानाक्षेत्र के खोखर टोला स्थित घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी प्रबंधक ने दो लोगों की जमीन पर कुल 19 लाख का लोन जारी किया था जबकि जमीन मलिकों को इसकी जानकारी ही नहीं थी।

बड़हलगंज कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि वादी श्यामनारायण मिश्र के पिता पुजारी मिश्र की 2004 में मृत्यु के बाद ग्राम रघुनाथपुर की पैतृक जमीन पर श्यानारायण तथा उनके दोनों भाई अशोक और राधेश्याम मिश्र तथा माता शांति देवी का नाम दर्ज हुआ। पिता की मृत्यु के कई वर्ष बाद पता चला कि खतौनी में अंकित था कि आदेशानुसार शाखा प्रबंधक यूको बैंक मदरिया 16 जुलाई 2005 के अनुसार गाटा संख्या 10,86, 155 में अपने अंश को पुजारी पुत्र शिवजतन ने 04 लाख रुपये गारंटी बंधक रखा। श्यामनारायण का कहना था कि उनके परिवार ने कभी लोन लिया ही नहीं था। उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया।

इसी प्रकार गगहा थाना क्षेत्र के सखरूआ निवासी पवित्र नारायण शुक्ल पुत्र राम अधार शुक्ल मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर ही सखरुआ आते हैं। जून 2010 में शादी समारोह में शामिल होने वह घर आए थे। तब गांव के कुछ लोगों से पता चला कि उनके नाम से यूको बैंक मदरिया में किसान समृद्धि योजना के तहत पंद्रह लाख का लोन हुआ है। जबकि उनका गांव यूको बैंक के क्षेत्राधिकार में नहीं आता था। पवित्र नारायण ने यूको बैंक मदरिया में जाकर पता किया तो पता चला कि 27 जून 2006 को उनकी सखरूआ स्थित जमीन पंद्रह लाख रुपये में लोन स्वीकृत है। उन्होंने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

कोतवाल ने बताया कि रविवार को ग्राम खोखर टोला रहमत नगर थाना राजघाट निवासी यूको बैंक मदरिया के पूर्व शाखा प्रबंधक अब्दुल मलिक पुत्र गफूर अहमद को उनके घर खोखर टोला, रहमत नगर थाना राजघाट से गिरफ्तार किया गया। श्यामनारायण और पवित्र नारायण द्वारा दर्ज कराए गए मामले के बाद अब्दुल मलिक फरार चल रहा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई जुगेश आनंद, घनश्याम यादव, कांस्टेबल सत्यप्रकाश तिवारी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शहर में ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था और होगी मजबूत

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पूर्वी यूपी के 10 जिले में 102 और 108 नंबर एंबुलेंस के संचालन की व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। इसी कड़ी में एंबुलेंस का संचालन कर रही संस्था जीवीके-ईएमआरआई के दस जिलों के प्रबंधन से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यशाला सीएमओ कार्यालय के सभागार में हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसपी ट्रैफिक डॉ एमपी सिंह भी पहुंचे। उन्होंने आश्वस्त किया कि संस्था की तत्परता और सहयोग से ग्रीन कॉरीडोर की व्यवस्था और मजबूत की जाएगी।

एसपी ट्रैफिक ने कहा कि शहर के लिए गंभीर मरीज के साथ कोई एंबुलेंस पहले ही कंट्रोल रूम को वाट्स एप और इसके बाद फोन कॉल के जरिये

## कार्यशाला में ये रहे मौजूद

गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़ और बलिया जिलों से आए संस्था के प्रोग्राम मैनेजर्स और इमर्जेंसी मेडिकल एक्जीक्यूटिव (ईएमई) को हैदराबाद से आए मुफीदुर रहमान, डॉ शिव कुमार वडवेल और धर्मेंद्र ने प्रशिक्षित किया। इस मौके निखिल रघुवंशी, क्षेत्रीय समन्वयक जगदीश्वर पांडेय, सुमित प्रताप सिंह, अनुराग पांडेय आदि रहे।

# अपना जर्जर मकान तोड़ने पहुंचा व्यापारी

**विवाद**

- अलीनगर दक्षिणी में है दवा व्यापारी का मकान, किराएदार नहीं खाली कर रहा गोदाम
- किराएदार पर जान से मारने की धमकी का आरोप, दोनों पक्षों को थाने ले गई पुलिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। अलीनगर दक्षिणी में स्थित जर्जर मकान किराएदार से खाली कराने के लिए अफसरों से गुहार लगाकर थक चुके दवा व्यापारी ने रविवार को पत्नी के साथ खुद मकान गिराने की कोशिश की।

दवा व्यापारी ने जैसे ही हथौड़ी चलाई मकान के गोदाम में कब्जा करने वाले किराएदार भाइयों ने हंगामा शुरू कर दिया। व्यापारी ने किराएदार भाइयों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने किराएदार को चार दिन में मकान खाली करने को कहा है।

भालोटिया मार्केट के दवा व्यापारी चंद्रप्रकाश अग्रवाल का अलीनगर दक्षिणी में पुश्तैनी मकान है। चंद्रप्रकाश ने बताया कि कुछ महीने पहले मकान के सामने रहने वाले युवक ने गोदाम को कुछ दिनों के लिए सामान रखने के लिए मांगा था। मार्च में उन्होंने गोदाम खाली करने को युवक से कहा तो पहले उसने समय मांगा। अब गोदाम खाली नहीं करना चाहता है।

गोरखनाथ मंदिर के साथ ही पुलिस व प्रशासन के अफसरों को कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। किराएदार लोगों से फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दिलवा रहा है। चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि पुलिस किराएदार से बात नहीं करती सिर्फ उनको ही संयम बरतने की सलाह देकर घर भेज दिया जाता है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कल्याण सिंह सागर ने बताया कि चौकी प्रभारी से रिपोर्ट मांगी गई है नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# सुधार की तरफ सिर्फ एक कदम ही बढ़ पाई पुलिस

**28 % तक संतकबीरनगर किए है सुधार**

- मार्च में 45.30 थी यहां पब्लिक अप्रूवल रेटिंग जून में बढ़कर हो गई 73.47

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखपुर पुलिस की सुधार की प्रक्रिया में काफी उतार चढ़ाव रहा है। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में बीते चार महीने में गोरखपुर पुलिस में पौने दो प्रतिशत से ज्यादा सुधार नहीं हो पाया है। हालांकि दूसरे महीने में तो तीन प्रतिशत के प्रति गिरावट दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद के दो महीने में कुछ हद तक सुधार दिखा लेकिन उतना भी नहीं की पुलिस को शाबाशी दी जा सके। बीते चार महीने में सबसे ज्यादा सुधार संतकबीरनगर और बस्ती पुलिस में देखने को मिला है। संतकबीरनगर जिले की पुलिस ने सबसे ज्यादा 28 प्रतिशत तक खुद में सुधार किया तो वहीं बस्ती पुलिस ने भी पहले महीने की अपेक्षा चौथे महीने में 22 प्रतिशत तक सुधार किया है।

दरअसल, एडीजी अखिल कुमार पुलिस की कार्यप्रणाली की समीक्षा जनता से भी करानी शुरू कर दी है। विभिन्न मानकों पर अध्ययन के बाद लोग पोल सहित अन्य माध्यमों से अपनी राय बता रहे हैं कि किस जिले की पुलिस से कितने संतुष्ट हैं। जोन के 11 जिलों में बीते मार्च महीने से यह सर्वे कराया जा रहा है। बीते दिनों चौथा सर्वे सामने आया है। जून में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर जनता ने पुलिस के प्रति जो रिपोर्ट दी है उसमें पहले नम्बर पर संतकबीरनगर जिले की पुलिस रही तो वहीं दूसरे और तीसरे नम्बर पर बस्ती और सिद्धार्थनगर जिले की पुलिस रही।

सबसे खराब प्रदर्शन गोरखपुर पुलिस का रहा। यहां की पुलिस जनता की नजर में 11 नम्बर पर रही। यानी सबसे कम लोग गोरखपुर पुलिस की कार्य प्रणाली से संतुष्ट दिखे।



झंगहा पुलिस द्वारा फरार आरोपी के घर रविवार को नोटिस चस्पा किया गया।

# फरार आरोपी के घर नोटिस चस्पा

ब्रह्मपुर/चौरीचौरा। झंगहा पुलिस ने रविवार को देवरिया जिले के गौरीबाजार क्षेत्र के सोपरी गांव में पांच वर्ष से फरार आरोपी हरेराम यादव के घर पर कोर्ट का नोटिस चस्पा किया। क्षेत्र के ग्राम पंचायत ब्रह्मपुर निवासी कमरूद्दीन अंसारी द्वारा मु. संख्या 384/2017 धारा 457, 380, 411 आईपीसी के तहत केस दर्ज कराया गया था।

# छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज

खोराबार। खोराबार क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली युवती के साथ गांव के ही युवक द्वारा छेडख़ानी करने, धमकी देने के साथ साथ मारने पीटने के मामले में खोराबार पुलिस ने युवती की तहरीर पर रविवार को मुकदमा दर्ज किया है।

खोराबार क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली युवती 16 जूलाई शनिवार शाम को घर से चौराहे पर किसी काम से जा रही थी कि उसी दौरान गांव का युवक सुरज पुत्र सुनील ने उसके साथ छेड़खानी की। घर आकर युवती अपने भाई के साथ साथ माता-पिता को घटना की जानकारी दी। युवती के घर वालें युवक के घर जाकर उलाहना दिया तो युवक ने मारा-पीटा।

# अज्ञात महिला का शव बरामद

कैम्पियरगंज। आनन्दनगर रेलखण्ड के रावतगंज व महावनखोर हाल्ट के मध्य अज्ञात महिला का शव पुलिस ने बरामद किया। महिला की शिनाख्त कराने की कोशिश की गई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पीपीगंज के स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचना दी कि कैम्पियरगंज एवं पीपीगंज के बीच महावनखोर एवं रावतगंज हाल्ट के निकट महिला का शव पड़ा हुआ है। इस सूचना पर उप निरीक्षक मय हमराह घटनास्थल पर रवाना होकर मौके पर पहुंचे।

**पहल** | जोन में चौकीदारों का फिर होगा दशकों पहले जैसा भौकाल, थानों से लेकर मुख्यालय तक की बैठकों में भी होंगे शामिल

# चौकीदारों के घर जाकर पुलिस अधिकारी करेंगे चाय पर चर्चा

■ अरविन्द कुमार राय

गोरखपुर। क्राइम कंट्रोल के आधार स्तम्भ ग्राम प्रहरियों (चौकीदार) का दशकों पुराना रुतबा फिर लौटने जा रहा है। एक बार उनको अपने 'घराने' में वही सम्मान मिलेगा जो दशकों पहले मिला करता था। पुलिस के अफसर अब ग्राम प्रहरियों के घर पहुंचेंगे और उनके साथ चाय पर चर्चा करेंगे। इस पहल से जहां एक तरफ ग्राम प्रहरियों को उनके कार्यों का बोध होगा वहीं दूसरी तरफ आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अराजक तत्वों के बीच खलबली मच जाएगी।



■ एडीजी जोन ने लिखी है अफसरों को चिट्ठी

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन से पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि थानेदार, क्षेत्राधिकारी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एक-एक ग्राम प्रहरियों के घर जाएंगे। उनके साथ चाय पर चर्चा करेंगे। चर्चा के दौरान उनके इलाके के सम्बंध में विस्तार से बात करेंगे। इतना ही नहीं अब थानेदार अब ग्राम प्रहरियों को नियमानुसार ही थाने पर ड्यूटी के लिए बुलाएंगे। अनावश्यक रूप से व्यक्तिगत सेवाएं न ली जाएं। उन्होंने यह भी कहा है कि ग्राम प्रहरियों को थाने में ठहरने और विश्राम करने के लिए व्यवस्था की जाए। थाने पर ड्यूटी के लिए आने और ड्यूटी के बाद जाने के दौरान उनसे रजिस्टर पर हस्ताक्षर जरूर कराया जाए। एडीजी ने कहा है कि ऐसा किए जाने से ग्राम प्रहरियों को अपने कर्तव्य का बोध होगा और काम के प्रति उनकी रुचि बढ़ेगी। इतना ही नहीं अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### चौकीदारों का नंबर होगा अफसरों के पास

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने कहा है कि ग्राम प्रहरियों का मोबाइल नम्बर अफसरों को जानकारी हो। ग्राम प्रहरी कोई भी सूचना वाट्स ऐप या मैसेज के जरिए थानेदारों के साथ पुलिस अधिकारियों को भेज सकेंगे।

### थाने से लेकर मुख्यालय तक बैठक होगी

अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा है कि थाने स्तर पर हल्कावार ग्राम प्रधान, बीट पुलिस अधिकारी और ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी आयोजित की जाए। इस दौरान सभी के द्वारा एक-दूसरे को मोबाइल नम्बरों का आदान-प्रदान किया जाए। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा है कि पुलिस अधीक्षकों द्वारा जिला मुख्यालय स्तर पर ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी आयोजित की जाए और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं।

### संसाधनों से सुसज्जित किए जाएंगे ग्राम प्रहरी

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने पुलिस अधिकारियों से कहा है कि सभी ग्राम प्रहरियों को लाल साफा, खाकी कोट, जर्सी, धोती, बेल्ट क्लास्प, चमड़े की पेटी, मुंडा और जूता आदि उपलब्ध करा दिया जाए। साथ ही जिलाधिकारी से पत्राचार कर ग्राम प्रहरियों के खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कराई जाए।

> कुछ ग्राम प्रहरियों ने उपस्थित होकर बताया था कि उन्हें थानों पर यथोचित सम्मान नहीं मिल रहा है। इससे उनमें काम के प्रति रुचि कम हो रही है। ग्राम प्रहरियों को संसाधन मुहैया कराने तथा उनमें उत्साह बढ़ाने के लिए पहल की जा रही है। अफसर उनके घर जाएंगे और साथ बैठक चाय पीएंगे तो न केवल उत्साह बढ़ेगा बल्कि उन्हें सम्मान को बोध भी होगा।
>
> **अखिल कुमार**, अपर पुलिस महानिदेशक

# बदली शाहपुर थाने की सूरत, एडीजी ने की तारीफ

**जासं. गोरखपुर:** शाहपुर थाने की सूरत बदल गई है। उजाड़ नजर आने वाले परिसर में हरियाली है। थाना भवन, कार्यालय की सुंदरता लोगों के मन को भा रही है। शनिवार को थाने पहुंचे एडीजी जोन अखिल कुमार ने थानेदार के कार्य की तारीफ की।

राजघाट की तरह शाहपुर थाने में अब हर तरफ हरियाली है। पुराना भवन चमक रहा है। मेस, बैरक, महिला हेल्प डेस्क का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही फरियादी व पुलिसकर्मियों के लिए सभी बुनियादी सुविधा की उपलब्ध है। अब थाना पूरी तरह से बदल गया है। स्थानीय लोग इसे थाना प्रभारी रणधीर मिश्रा की मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा बता रहे हैं। शनिवार की दोपहर शाहपुर थाने पहुंचे एडीजी जोन अखिल कुमार ने जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया।



शाहपुर थाने का निरीक्षण करते एडीजी अखिल कुमार ● पुलिस मीडिया सेल

**राजघाट में हुए बदलाव की शासन ने की थी तारीफ**: निरीक्षक रणधीर मिश्रा ने राजघाट थाने में तैनाती के दौरान खंडहर की तरह दिखने वाले भवन व परिसर की सूरत जनसहयोग से बदली थी। एडीजी जोन, डीआइजी, एसएसपी ने तारीफ करते हुए इनाम दिया था। अपर मुख्य गृह सचिव ने भी थानेदार की सराहना की थी। डीआइजी रेंज जे. रविन्दर गौड ने राजघाट की तरह रेंज के सभी थानों को चमकाने के निर्देश देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज जिले के पुलिस कप्तान को दिए थे।

# और मजबूत की जाएगी ग्रीन कारिडोर की व्यवस्था

- सड़क की एक लेन जाम हो तो दूसरी लेन से जा सकती है एंबुलेंस
- एंबुलेंस रवाना होने से 10 मिनट पहले ट्रैफिक पुलिस को किया जाए सूचित

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : एंबुलेंस संचालन की व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एंबुलेंस का संचालन कर रही संस्था जीवीके-ईएमआरआइ के 10 जिलों के प्रबंधन से जुड़े लोगों को सीएमओ कार्यालय के प्रेरणाश्री सभागार में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एसपी ट्रैफिक डा. एमपी सिंह ने आश्वस्त किया कि ग्रीन कारिडोर की व्यवस्था और मजबूत की जाएगी।

एसपी ट्रैफिक ने संस्था से अपेक्षा की कि जब भी गोरखपुर शहर के लिए गंभीर मरीज के साथ कोई एंबुलेंस रवाना हो तो रवानगी के दस मिनट पहले ही कंट्रोल रूम को वाट्सएप और इसके बाद फोन काल के जरिये सूचित किया जाए। इससे ट्रैफिक पुलिस और संबंधित थाना क्षेत्र में ग्रीन कारिडोर तैयार कर देंगे। साथ ही संबंधित एंबुलेंस पर पहचान का फ्लैग भी लगा दिया जाए ताकि जब वह वाहन गुजरे तो पता चल सके कि जिस एंबुलेंस के लिए कारीडोर बनाया गया है वह गुजर गई है। शहर में दाखिल होने वाली किसी भी सरकारी एंबुलेंस को यह सुविधा प्रदान की जाएगी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनोज राय ने बताया कि अगर सड़क की एक लेन जाम है तो सरकारी एंबुलेंस विपरीत लेन में भी जा सकती है। ऐसा करने से कोई विधिक कार्यवाही नहीं होगी।

गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़ और बलिया जिलों से आए संस्था के प्रोग्राम मैनेजर और इमर्जेंसी मेडिकल एक्जीक्यूटिव (ईएमई) को हैदराबाद से आए मुफीदुर रहमान, डा. शिव कुमार और धर्मेंद्र ने प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर आपरेशनल हेड निखिल रघुवंशी, क्षेत्रीय समन्वयक जगदीश्वर पांडेय, सुमित प्रताप सिंह, अनुराग पांडेय, गोरखपुर के प्रोग्राम मैनेजर प्रवीण कुमार द्विवेदी उपस्थित थे।

## छींटाकशी करने के आरोपितों का शांतिभंग में चालान

**भटहट** : दुकान पर बैठकर रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं पर छींटाकशी करने वाले दो युवकों को गुलरिहा थाना पुलिस ने रविवार की सुबह हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद दोपहर बाद शांतिभंग में चालान कर दिया। चौकी प्रभारी भटहट ज्योति नारायण तिवारी ने बताया कि बरगदही के सिंहोरवा में रविवार सुबह दुकान पर बैठे गांव के अखिलेश व जैनपुर के धर्मपाल निषाद रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं पर छींटाकशी कर रहे थे।

# छह लोगों पर मारपीट बलवा का केस दर्ज

गोरखपुर। गुलरिहा के बेलवा रायपुर गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। एक पक्ष से पुलिस ने पहले ही केस दर्ज किया था। अब एसएसपी के आदेश पर दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बेलवा रायपुर गांव निवासी बृजेश्वर गौड़ व धर्मेंद्र के बीच दस जुलाई की सुबह दीवान बनाने के लेकर विवाद हुआ था। जिसे लेकर विवाद हो गया था। धर्मेन्द्र गौड़ की तहरीर पर विपक्षी के चार लोगों के खिलाफ गुलरिहा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने शनिवार को धर्मेन्द्र, बासमती,सूरज, विनीत, सुनीता,अनीता के खिलाफ धारा मारपीट, बलवा, धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

झंगहा : चौरी चौरा थाना क्षेत्र की एक महिला ने कुछ लोगों पर बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि वह झंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव जा रही थीं। साथ में उनकी ननद व बेटी भी थी। तीन मनबढ़ों ने मुंह में कपड़ा ठूंसकर मां-बेटी को अपहृत कर लिया और सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने इसका वीडियो भी बना लिया है। अब वह शिकायत करने पर फेसबुक व वाट्सएप पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। थाना प्रभारी झंगहा राजेंद्र मिश्रा का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच भूमि विवाद है। (जासं)

# थाने में भिड़े दो पक्ष तीन हिरासत में

**जासं, गोरखपुर:** भूमि विवाद के मामले में रविवार की दोपहर गुलरिहा थाने पहुंचे दो पक्ष आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दोनों पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। धर्मशाला निवासी अजय, विजय व उनके भाई की भूमि गुलरिहा थाना क्षेत्र के एकला नंबर दो गांव में है। भूमि के बंटवारे को लेकर आपस में खींचतान चल रही है। रविवार दोपहर में एक पक्ष थाने में अपनी बात रख रहा था। इसी दौरान आक्रामक रुख अपनाते हुए दूसरे पक्ष के लोगों ने हाथापाई शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने एक पक्ष से अजय, विजय व दूसरे पक्ष से सुरेंद्र निषाद निवासी सरैया को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी अरुण कुमार चौबे ने बताया कि हंगामा करने वाले दोनों पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है।

## अपहरण के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना पुलिस ने झंगहा थाने के बिढाआ गांव के विशाल निषाद को किशोरी के अपहरण के मामले में फुटहवा ईनार के पास से रविवार को गिरफ्तार किया।

## बालिका के साथ दुराचार आरोपित पुलिस हिरासत में

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मुंडेरा बाजार में शनिवार दोपहर नौ वर्षीया बालिका से एक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया है। चौरी चौरा थाना पुलिस आरोपित विक्की के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पूछताछ में जुटी है। (जासं)

# गबन के आरोप में बैंक के पूर्व प्रबंधक गिरफ्तार

**बड़हलगंज** : बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने जालसाजी व गबन के आरोप में यूको बैंक मदरिया के पूर्व शाखा प्रबंधक अब्दुल मलिक को गिरफ्तार किया है। पूर्व शाखा प्रबंधक काफी दिनों से फरार था। रविवार को पुलिस ने उसे राजघाट थाना क्षेत्र के खोखर टोला रहमत नगर स्थित उसके आवास से गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

# हत्यारोपित को पुलिस ने भेजा जेल

झंगहा : झंगहा थाना पुलिस ने रविवार को गैर इरादतन हत्या के आरोप में दीवां निवासी बृजेश चौहान को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। (जासं)

# ट्रैफिक विभाग खुद नहीं करा सका, निजी संस्थान ने कराई कार्यालय के छत की मरम्मत

गोरखपुर। ट्रैफिक विभाग अपने कार्यालय के छत की मरम्मत कराने में सक्षम नहीं है। इसके लिए उसने इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड (आईजीएल) की मदद मांगी। आईजीएल की ओर से ट्रैफिक कार्यालय के छत की मरम्मत करा दी गई है। दरअसल, टीआई मनोज राय ने कंपनी के बिजनेस हेड एसके शुक्ला से संपर्क किया था। समस्या जानने के बाद उन्होंने कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी को छत की शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश दिया। कंपनी की ओर से शुरू कराया गया काम रविवार को पूरा हो गया। पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट किया। ब्यूरो

# चौरीचौरा क्षेत्र में बालिका से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज, आरोपी हिरासत में

चौरीचौरा। इलाके के एक गांव में नौ वर्षीय बालिका से शनिवार दोपहर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया था। पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के मुताबिक, तहरीर में पिता ने बताया कि बेटी रविवार को घर में अकेली सोई थी। इसी दौरान गांव का ही युवक घुस गया और दुष्कर्म किया। बच्ची के शोर मचाने पर जब तक लोग पहुंचते वह फरार हो गया। ब्यूरो

# जालसाजी के आरोपी पूर्व बैंक प्रबंधक को जेल भेजा

**अमर उजाला ब्यूरो**

**बड़हलगंज।** इलाके के एक शख्स की जमीन पर गलत तरीके से ऋण देने के मामले में आरोपी यूको बैंक के पूर्व प्रबंधक अब्दुल मलिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। वह राजघाट के रहमत नगर का निवासी है। आरोप है कि 2004 में मदरिया शाखा प्रबंधक रहने के दौरान उसने जालसाजी की थी।

जानकारी के मुताबिक, रघुनाथपुर निवासी श्याम श्याम नारायण मिश्रा ने केस दर्ज कराया था। उनका कहना था कि पिता पुजारी मिश्रा की 2004 में मौत हो गई थी। उसके बाद खेती, जमीन माता के नाम पर हो गई। आरोप है कि फर्जी तरीके से गलत दस्तावेज पर मदरिया बैंक से 15 लाख रुपये का ऋण कर दिया गया। तीनों भाई



पूर्व प्रबंधक अब्दुल मलिक।

**दूसरे की जमीन पर फर्जी तरीके से दिया गया था ऋण**

को जब इसकी जानकारी हुई तो पता किए तो बैंक से बताया गया ऋण लिया गया है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। रविवार को पुलिस ने आरोपी पूर्व बैंक प्रबंधक को जेल भेज दिया।

## थाने में ही भिड़ गए दो पक्ष, तीन हिरासत में

**गुलरिहा।** जमीन विवाद में रविवार को थाने आए दोनों पक्ष आपस में ही भिड़ गए। तीन लोगों को हिरासत में ले लिया गया। जानकारी के मुताबिक, धर्मशाला निवासी अजय, विजय व उनके भाई की जमीन गुलरिहा थाना क्षेत्र के एकला नंबर दो में है। एक भाई जो दिव्यांग है, उसने अपनी जमीन बेचने के लिए किसी प्रापर्टी डीलर से रुपये ले लिया है। वहीं, अन्य भाई जमीन के बंटवारे पर आपत्ति जता रहे हैं। थाने में दोनों पक्ष पुलिस के सामने अपनी बात रख रहे थे। इसी दौरान आक्रामक रुख अपनाते हुए एक दूसरे से हाथापाई की नौबत आ गई। पुलिस ने एक पक्ष से अजय व विजय व दूसरे पक्ष से सुरेंद्र निषाद निवासी सरैया को हिरासत में ले ली है। कार्यवाहक थाना प्रभारी अरुण कुमार चौबे ने बताया कि दोनों पक्षों से तीन लोगों को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। ब्यूरो

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**चौरीचौरा।** पुलिस ने बालिका के अपहरण के आरोपी को रविवार दोपहर फुटहवा ईनार के पास से गिरफ्तार कर बालिका को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि तीन महीने पहले क्षेत्र की बालिका को बहला-फुसला कर आरोपी लेकर फरार हो गया था। पुलिस केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी। रविवार को मुखबिर की सूचना सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

## छेड़खानी का आरोपी दबोचा गया

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके में बालिका से छेड़खानी के आरोपी गौरव प्रजापति को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। आरोपी जंगल तुलसीराम बिछिया का निवासी है। इंस्पेक्टर रणधीर मिश्रा ने बताया कि छेड़खानी, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पीएसी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

झंगहा। इलाके के बरही लैला मोड़ के पास से रविवार को पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी दीवां गांव निवासी बृजेश चौहान को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, 25 मई की शाम करीब 5 बजे गांव के ही इंदल चौहान के शादी समारोह के अवसर पर बारात विदा होने के दौरान दीवां गांव के सुभाष चौहान, सुग्रीव चौहान, रामप्रीत, बृजेश चौहान, अरविंद चौहान, नारायण गुप्ता तथा सुभाष चौहान व उनके चार अज्ञात रिस्तेदारों ने मिलकर लाठी डंडे से 25 वर्षीय संगम यादव को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही संगम यादव की मौत हो गई थी। पिता राधेश्याम यादव की तहरीर पर झंगहा पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। रविवार को एक आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा। ब्यूरो

# ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था और मजबूत और मजबूर होगी



गोरखपुर। 102 और 108 नंबर एंबुलेंस के संचालन की व्यवस्था बेहतर की जाएगी। एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने एंबुलेंस का संचालन कर रही संस्था जीवीके-ईएमआरआई के 10 जिलों के प्रबंधन से जुड़े लोगों को आश्वस्त किया कि संस्था की तत्परता और सहयोग से ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था और मजबूत की जाएगी।

कहा कि गोरखपुर शहर के लिए गंभीर मरीज के साथ कोई एंबुलेंस रवाना हो तो रवानगी के 10 मिनट पहले ही कंट्रोल रूम को व्हाट्सएप और इसके बाद फोन कॉल के जरिए सूचना दी जाए। इससे ट्रैफिक पुलिस और संबंधित थाना ग्रीन कॉरिडोर तैयार करेगा।

साथ ही संबंधित एंबुलेंस पर पहचान का फ्लैग भी लगा दिया जाए, जिससे जब वह गुजरे तो पता चल सके कि जिस एंबुलेंस के लिए कॉरिडोर बनाया गया है वह गुजर गई है। शहर में दाखिल होने वाली किसी भी जिले की सरकारी एंबुलेंस को यह सुविधा प्रदान की जाएगी।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनोज राय ने बताया कि अगर सड़क का एक लेन जाम है, तो एंबुलेंस विपरीत लेन में भी जा सकती है। ऐसा करने से कोई विधिक कार्रवाई नहीं होगी। ब्यूरो

# अपहरण और दुष्कर्म के आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। अलग-अलग थानों की पुलिस ने अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एकएक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। चौरीचौरा पुलिस ने अपहरण के आरोप में वांछित अभियुक्त विशाल निषाद पुत्र शिवसागर निषाद निवासी विठुआ थाना झंगहा को पकड़ा। विशाल के विरूद्ध स्थानीय थाने पर आईपीसी की धारा 363, 366 के तहत केस दर्ज है। इसी क्रम में रामगढ़ताल थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित जोगिन्दर सिंह पुत्र रामप्यारे सिंह निवासी तारामण्डल रोड पार्ट सी, बुद्ध विहार कालोनी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। आरोपित के विरूद्ध आईपीसी की धारा 376 के तहत केस दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2022

# कच्ची शराब के खिलाफ चला संयुक्त अभियान

रुद्रपुर। कच्ची शराब के खिलाफ आबकारी और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। कोइलगढ़हा गांव के पास कुर्ना नाला के बीच चार घण्टे तक छापेमारी चली। जिसमें शराब बनाते हुए दो महिलाओं सहित तीन कारोबारी धरा गए। टीम ने धधकती हुई भट्ठियों के साथ ही बीस कुन्तल से अधिक लहन नष्ट कर दिया।

# फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनाने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**तरकुलवा(एसएनबी)**। तरकुलवा पुलिस ने फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनाकर लोगों को विदेश भेजने के मामले में रविवार को एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस टीम ने बड़ी संख्या में पासपोर्ट और अन्य उपकरण बरामद किया। इस मामले के चार अन्य आरोपी फरार हैं। तरकुलवा के थानेदार टीजे सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिधावे गांव का रहने वाला संदीप चौहान पुत्र संतू चौहान अपने गांव में कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी तरीके से पासपोर्ट में हेराफेरी कर लोगों को विदेश भेजने और पासपोर्ट की वैधता समाप्त जो जाने पर फर्जी तरीके से उसका नवीनीकरण करने का काम करता था। जिसकी सूचना पर छापेमारी कर मौके से मुख्य आरोपी संदीप चौहान को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पुलिस टीम ने दो अदद छायाप्रति पासपोर्ट, दो मोहर, सोलह पासपोर्ट, दो प्रिंटर, एक सीपीयू और एक मानीटर बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने संदीप चौहान पुत्र संतू चौहान निवासी ग्राम सिधावे थाना तरकुलवा, रजत दुबे उर्फ गुड्डू पुत्र बालेंद्र निवासी बारीडीह थाना मदनपुर, दीपक सिंह उर्फ दीपू पुत्र उपेंद्र सिंह, नागेंद्र उर्फ शुभम पुत्र रवींद्र प्रताप दुबे निवासीगण कुसुमहा थाना मदनपुर एवं विजय प्रताप पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 व 12(1 बी ) पासपोर्ट अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार अभियुक्त संदीप को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। छापेमारी करने वाली टीम में इंस्पेक्टर जगन्नाथ सिंह, कान्स्टेबल सदरुद्दी अंसारी, आदर्श तिवारी, रोहित यादव, महिला कान्स्टेबल रोमा सोनकर शामिल रहे।

**भारी संख्या में पासपोर्ट और अन्य उपकरण बरामद**

# रंजिश को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर के भटौली टोला में पुरानी रंजिश को लेकर हुए वाद विवाद में पुलिस ने वादनी श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी बृजेश यादव के तहरीर पर उक्त गांव निवासी सत्यदेव यादव पुत्र नेभू, होशिला पुत्र सत्यदेव, प्रिन्त पुत्र रामप्रवेश निवासी फतेहपुर भटौली पर मारपीट की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# 30 लीटर कच्ची शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। पुलिस अधीक्षक व आबकारी विभाग के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तह आबकारी विभाग व रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोईलगढ़हा के बिचला टोला में कुर्ना नाला के किनारे दबिश देकर छापा मारा। जिससे अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने दबिश के दौरान मौके से पांच भट्ठियों को तोड़ा व 12 कुन्तल तैयार लहन को नष्ट किया। इसके साथ ही छापेमारी के दौरान टीम ने 30 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये कच्ची शराब कारोबारियों ने अपना नाम रामसुभग पुत्र स्व. दीप निषाद, बलकेसी पत्नी रामसुभग, किस्मावती देवी पत्नी स्व. रामयस निषाद निवासी कोईलगढ़हा बिचला टोला बताया। पुलिस ने पकड़े गये सभी कच्ची शराब कारोबारियों को आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेज दिया। छापेमारी टीम में आबकारी निरीक्षक कुलदीप सिंह व प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर राजू सिंह, मय हमराही सिपाही अभय सिंह आदि लोग साथ में थे।



टीम मे आबकारी निरीक्षक व प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर मय हमराही सिपाही

# हत्या के बाद अब छिनैती

**लार (एसएनबी)**।लार थाना क्षेत्र के भेड़िहरवा टोला दुर्गा मंदिर के समीप चनुकी भाटपाररानी मार्ग पर बुलेट सहित तीन बाइकों सवार छः युवको ने दोगारी मिश्र गांव निवासी पंकज चौहान पुत्र रामपूजन चौहान से बीती रात छिनैती का प्रयास किया। बाइक सवार युवकों ने पंकज मुह दबाकर कर गड्ढे में फेंक दिया। पंकज ने बताया कि उक्त लोगो ने मौके से मेरी बाइक लेकर फरार हो गए। पंकज का आरोप है कि हल्का दारोगा के दबाब बनाकर छिनैती की घटना को चोरी में बदलकर तहरीर दिलवाई है।

# हत्या के बाद अब छिनैती

**लार (एसएनबी)**।लार थाना क्षेत्र के भेड़िहरवा टोला दुर्गा मंदिर के समीप चनुकी भाटपाररानी मार्ग पर बुलेट सहित तीन बाइकों सवार छः युवको ने दोगारी मिश्र गांव निवासी पंकज चौहान पुत्र रामपूजन चौहान से बीती रात छिनैती का प्रयास किया। बाइक सवार युवकों ने पंकज मुह दबाकर कर गड्ढे में फेंक दिया। पंकज ने बताया कि उक्त लोगो ने मौके से मेरी बाइक लेकर फरार हो गए। पंकज का आरोप है कि हल्का दारोगा के दबाब बनाकर छिनैती की घटना को चोरी में बदलकर तहरीर दिलवाई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, अभियुक्त धराया

**अकटहीबाजार (एसएनबी)**। बनकटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा गांव की एक महिला ने अपनी सो रही नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म करने की तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग किया था। जिसमें प्राथमिक जांच के उपरान्त स्थानीय पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जानकारी व तहरीर के अनुसार 6 जुलाई की रात वह अपने घर पर सोई थी व नाबालिक बेटी झोपड़ी में सो रही थी कि रात 11 बजे कोई घर में घुस कर बेटी के साथ गलत नियत से हरकत कर रहा था कि अचानक नींद खुली तो उसने उस युवक का नाम चिल्लाते हुए अपने मां के पास पहुंच पूरी घटना सुनाया। फिर उसकी मां ने बताया कि मैं आस पास उसे ढूढने लगी तभी उक्त युवक अंधेरे का लाभ लेते हुए भाग निकला जिसे मैने देखा। उसकी हरकतें पास में लगे सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हो गयी है। पीड़िता नाबालिक के मां की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने अभियोग पंजीकृत उक्त युवक को गिरफ्तार कर धारा 354,लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 7 व 8 के तहत चालान कर दिया। इस बावत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

# काम कर रहे मजदूरों को मारा, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उसरा बाजार औद्योगिक क्षेत्र में आरएन पोल्ट्री फीड है। जिसमें काम कर रहे मजदूरों को कुछ लोगों ने मारापीटा व जान माल की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने रामसकल यादव के तहरीर पर नन्दू यादव पुत्र सुदामा अलगटपुर, पन्नेलाल पुत्र रामप्यारे परसा जंगल व दो अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मारपीट की धारा 323, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# ट्रेनों में चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

देवरिया, निज संवाददाता। यात्रियों का सामान चुराने वाले युवक को देवरिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक से जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। युवक के पास से चोरी का एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार चोर के विरुद्ध देवरिया और गोरखपुर में दो दर्जन से अधिक केस दर्ज है।

सदर रेलवे स्टेशन के जीआरपी के दरोगा राम सिंह पुलिस बल के साथ प्लेटफार्म पर संघन चेकिंग कर रहे थे। अभी वह पश्चिम तरफ शौचालय के समीप पानी की टंकी के समीप ही पहुंचे थे कि एक युवक पुलिस को देख कर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर उसे दबोच लिया। पुलिस ने उसकी तलाशी लिया तो उसके पास से एक मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने युवक से मोबाइल के बारे में पूछताछ किया तो उसने चोरी की मोबाइल होने की बात कहीं। पुलिस ने युवक से पूछताछ किया तो उसने अपना नाम गोपाल जायसवाल पुत्र स्व. शीतल जायसवाल निवासी पैना रोड बरहज थाना बरहज जिला देवरिया बताया। उस पर कई थानों में दो दर्जन केस दर्ज है।

# फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा

**तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद।** फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनाकर लोगों को विदेश भेजने के वाले एक युवक को तरकुलवा पुलिस ने रविवार को उसके दुकान से रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने मौके से भारी संख्या में पासपोर्ट और अन्य उपकण बरामद किया। पुलिस की पूछताछ में चार अन्य सहयोगियों का नाम प्रकाश में आया है। सभी छापेमारी के बाद से फरार चल रहे हैं।

तरकुलवा थानाक्षेत्र के सिधावे गांव का रहने वाला संदीप चौहान पुत्र संतू चौहान अपने गांव में कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर एक दुकान चलाता है।

वह दुकान में फर्जी तरीके से पासपोर्ट में हेराफेरी कर लोगों को विदेश भेजने और पासपोर्ट की वैधता समाप्त हो जाने पर फर्जी तरीके से उसका नवीनीकरण करने का काम करता था। किसी ने इसकी सूचना तरकुलवा पुलिस को दी। पुलिस ने दुकान पर छापेमारी कर मौके से मुख्य आरोपी संदीप चौहान को रंगे हाथ पकड़ लिया।

# सात के विरुद्ध बलवा और मारपीट का केस

देवरिया। भूमि पर कब्जा करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने 7 के विरुद्ध बलवा और मारपीट का केस दर्ज किया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर केस दर्ज करने के लिए गुहार लगाया था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के खोराराम गांव के रहने वाले विनोद कुमार पुत्र स्व.महेन्द्र कुमार ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोग उसकी भूमि पर कब्जा करने की नियत से मिट्टी डाल रहे थे। विनोद और उसके परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया तो हमलावरों ने गोलबंद होकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने राकेश यादव, ऋषिकेश यादव आदि विरुद्ध बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# बालिका से छेड़खानी करने वाला युवक गिरफ्तार

सोहनपुर। झोपड़ी में सो रही बालिका के साथ युवक ने रेप करने की कोशिश किया। शोर मचाने पर परिजन पहुंचे तो युवक फरार हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध छेड़खानी और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# छह पूर्व की सभी विवेचनाओं का थानेदार कराए निस्तारण

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक ने रविवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में क्राइम मीटिंग लिया। सभी थानेदारों को निर्देश दिया कि छह माह से पुराने सभी विवेचनाओं को निस्तारण करें। ऐसा न करने वाले थानेदार पर कार्रवाई की चेतावनी दिया। क्षेत्र में होने वाली घटनाओं पर रोक लगाने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सभी थानेदारों से उनके क्षेत्र के अपराध के बारे में जानकारी लिया। इसके बाद एसपी ने जिले में अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। थानेदार क्षेत्र में अभियान चलाकर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करें। क्षेत्र में गश्त को तेज करें जिससे चोरी व लूट की घटनाओं पर रोक लग सके। लंबित जनशिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लेने का निर्देश दिया। वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगेस्टर आदि की कार्यवाही करने के निर्देश दिया। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व अतिक्रमण हटवाने के सम्बन्ध में समस्त थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करने, एंटी रोमियो टीम द्वारा अभियान को निरंतर जारी रखने, वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करने को कहा।

## एसपी ने बीट पुलिस कर्मियों से ली जानकारी

जिले के सभी थानों से आये बीट पुलिस अधिकारी से उनके पास लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों के बारे में एसपी ने जानकारी लिया। प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए महिला आरक्षियों को महिला हेल्प डेस्क पर आने वाले आगन्तुकों से अच्छा व्यवहार करने एव मधुर भाषा का प्रयोग किये जाने का निर्देश दिया। बरामदगी के शेष अपहृताओं की समीक्षा करते हुए उनकी बरामदगी करने का निर्देश दिया।

# उसरा औद्योगिक आस्थान में खुलेगा फायर स्टेशन

**हि अच्छी खबर**

देवरिया, निज संवाददाता। जिले के उसरा औद्यौगिक आस्थान में छोटी-बड़ी दर्जनों फैक्ट्रियां लग गई हैं। आग लगने पर अधिक नुकसान न हो इसके लिए अब औद्योगिक आस्थान में फायर स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसके लिए भूमि की मांग जिला प्रशासन से किया गया है।

कुछ वर्ष पूर्व उसरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में आग लग गई थी। तब काफी नुकसान हुआ था। हाल के दिनों में इस क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों की संख्या तेजी से बढ़ी है। यहां शराब फैक्ट्री के अलावा खाद्य विभाग का बड़ा गोदाम भी है। इसे देखते हुए अब आग से बचाव के मुकम्मल इंतजाम भी किए जाने की तैयारी है।

**भूमि के लिए अधिकारियों को भेजा गया पत्रः** औद्योगिक आस्थान में एक फायर स्टेशन बनाने का प्रपोजल तैयार किया गया है। इसके लिए पुलिस विभाग ने आलाधिकारियों से अनुमति ले ली है। पिछले दिनों अग्निशमन विभाग ने जिला प्रशासन से उसरा औद्योगिक अस्थान में भूमि उपलब्ध कराने के लिए पत्राचार किया है। वहीं नवागत अग्निशमन अधिकारी ने उसरा बाजार का निरीक्षण किया है। भूमि विभाग को मिलने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

- फायर स्टेशन के लिए अग्निशमन अधिकारी ने किया निरीक्षण
- विभाग ने जिला प्रशासन और उद्योग विभाग से भूमि की मांग की है
- उसरा में गोदाम के साथ छोटी-बड़ी दर्जनों फैक्टरियां चल रही हैं

"उसरा औद्योगिक आस्थान में अग्निशमन स्टेशन बनाने की तैयारी है। इसके लिए उसरा बाजार का निरीक्षण किया गया है। भूमि के लिए जिला प्रशासन से पत्राचार किया गया है। भूमि मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मानचन्द्र बरगुर्जर**, अग्निशमन अधिकारी, देवरिया।

## एक फायर स्टेशन, 35 लाख की आबादी निर्भर

जनपद की वर्तमान समय में कुल जनसंख्या करीब 35 लाख है। आबादी व क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से जनपद के सभी तहसील क्षेत्रों में फायर स्टेशन की सुविधा होनी चाहिए। लेकिन अभी जनपद मुख्यालय पर ही फायर स्टेशन है। रुद्रपुर व मझौलीराज में फायर स्टेशन निर्माणाधीन है। धन की कमी से निर्माण की गति सुस्त है। ऐसे में अकेले एक फायर स्टेशन के भरोसे आग पर काबू पाना मुश्किल है।

# ठगी करने वाले अज्ञात पर केस

देवरिया। बाजार गई महिला के दो ठगों ने उनका जेवरात, नगदी और एटीएम लेकर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के उमानगर मोहल्ले की रहने वाली फुलपरी देवी ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि 3 जुलाई की शाम को बाजार करने के लिए गोरखपुर रोड गई हुई थी। रास्ते में एक युवक मिला और माता जी नमस्कार किया और मुझसे वाते करने लगा । इतने में एक और लड़का आ गया और मुझे वातो मे उलझाकर मेरा चेन, अंगुठी, कान का झाला मोवइल, दो एटीएम, चाबी, चश्मा तथा दस हजार रुपये लेकर फरार हो गई।

# पुलिस ने बरामद की फरियादी की बाइक

गौरीबाजार। थाना गेट से गायब हुई एक फरियादी की बाइक पुलिस ने बरामद कर ली। फरियादी की तहरीर पर सक्रिय हुई पुलिस बाइक को पता लगाने में जुट गई थी। पता चला बाइक गलती से बदल गई है। पुलिस ने लिखा पढ़ी कर दोनों बाइक मालिकों को उनकी बाइक सौंप दी। गौरीबाजार के लेड़हा निवासी फूलचंद निषाद शनिवार को आपसी झगड़े के निपटारे के लिए थाने पहुंचे थे।

# मारपीट कर किया घायल

खुखुंदू : आपसी रंजिश में महिला को मारपीट कर कुछ लोगों ने घायल कर दिया। महिला का उपचार पीएचसी पर कराया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम बरडीहा की रहने वाली नीतू ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें आरोप लगाया है कि आपसी रंजिश में कुछ लोगों ने अपशब्द बोला, जब उसने विरोध किया तो आरोपितों ने पिटाई कर दी। घायल महिला का उपचार पीएचसी पर कराया गया। (जासं)

# दो सगे भाइयों समेत तीन के विरुद्ध मुकदमा

**देवरिया** : दो सगे भाइयों समेत तीन के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात मारपीट व एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। परसिया भंडारी गांव के रहने वाले दिव्यांशु कुमार पुत्र गणेश प्रसाद 15 जुलाई को मकान निर्माण के लिए दरवाजे के सामने बालू गिरवाया, जो बगल में स्थित काली माता मंदिर की चहारदीवारी से सटे गिरा है। गांव के संतोष सिंह, उसके भाई प्रमोद सिंह व चाचा हरिशंकर सिंह ने मंदिर के पास बालू गिरवाने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया और अपशब्द बोला। बीच बचाव करने आई मां व भाई की पिटाई की। (जासं)

# मारपीट के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : उक्सराबाजार के एक पोल्ट्री फार्म पर कार्यरत कर्मचारियों को मारने-पीटने और धमकी देने के मामले पर फार्म के मालिक रामसकल यादव की तहरीर पर दो नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है । इनमें अलगट पुर के नंदू यादव परसाजंगल के पन्नेलाल यादव और दो अज्ञात शामिल हैं। (जासं)

# दबंगई के बल पर दूसरे की भूमि पर किया था कब्जा

- दबंगों ने अवैध रूप से मिट्टी खनन कर की थी धान की बोआई
- पुलिस व राजस्व टीम की जांच के बाद कार्रवाई, पांच पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, देवरिया: दबंगई के बल पर तीन व्यक्तियों की भूमि पर अवैध कब्जा कर धान की रोपाई करने वाली महिला, उसके दो पुत्रों समेत पांच के विरुद्ध पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 की धारा सात व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम की रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई से दबंगों में खलबली मच गई है।

शहर के भुजौली कालोनी के रहने वाले घनश्याम सिंह, तरकुलवा के रामपुर अवस्थी गांव के विकास सिंह व राजेश सिंह ने शहर से सटे मेहड़ा पुरवा नगर बाहर गांव में दो-दो कट्ठा भूमि वर्ष 2010 में बैनामा कराया था। जिस पर तीनों लोग काबिज हैं। आरोप है कि एक जुलाई को मेहड़ा पुरवा के चंदन उर्फ वैभव यादव व निखिल यादव पुत्रगण स्व.सुरेंद्र यादव, उसकी मां इंद्रावती देवी, महेंद्र यादव व संजय यादव पुत्रगण स्व.सत्यनारायण यादव ने असामाजिक तत्वों के सहयोग से उनकी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया। पूरे खेत से करीब एक से डेढ़ फीट मिट्टी खनन कर धान की रोपाई करा रहे थे। सूचना पर तीनों बैनामेदार विकास सिंह, राजेश सिंह व घनश्याम सिंह मौके पर पहुंचकर इसका विरोध किया तो इंद्रावती देवी के ललकारने पर चंदन उर्फ वैभव व निखिल यादव ने तमंचा व महेंद्र यादव व संजय यादव ने कुदाल व लोहे के राड़ के साथ दौड़ा लिया।

सदर कोतवाली में तहरीर दी तो पुलिस राजस्व का मामला बताकर टरका दिया। 10 जुलाई को आरोपित निखिल ने बैनामेदार घनश्याम सिंह फोनकर धमकी दी। कहा कि भूमि चाहिए तो डेढ़ लाख रुपये कट्ठे के हिसाब से पैसा दो व अपनी बाउंड्री करा लो। अन्यथा पुलिस के पास जाओगे तो हत्याकर कर लाश गायब कर दी जाएगी। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त जांच में शिकायत सही पाई गई है। एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

# फर्जी तरीके से पासपोर्ट तैयार करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**जासं, तरकुलवा**: फर्जी तरीके से पासपोर्ट तैयार कर विदेश भेजने के मामले का पुलिस ने रविवार को पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आरोपित संदीप चौहान को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मौके से पासपोर्ट तैयार करने में संबंधित उपकरण भी बरामद किया। शेष अन्य चार आरोपित फरार हैं।

थानाक्षेत्र के सिधावे गांव का रहने वाला संदीप चौहान पुत्र संतू चौहान अपने गांव में साथियों के साथ मिलकर पासपोर्ट में हेराफेरी करता था। लोगों को विदेश भेजने व पासपोर्ट की वैधता समाप्त हो जाने पर फर्जी तरीके से नवीनीकरण करने का काम करता था। मुखबीर की सूचना पर छापेमारी कर पुलिस ने मौके से मुख्य आरोपित संदीप को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो पासपोर्ट की छाया प्रति, दो मुहर, सोलह पासपोर्ट, दो प्रिंटर, एक सीपीयू व एक मानीटर बरामद किया। पुलिस ने संदीप के अलावा मदनपुर थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव के रहने वाले रजत दुबे उर्फ गुड्डू, कुसुमहा के रहने वाले दीपक सिंह उर्फ दीपू, नागेंद्र उर्फ शुभम व विजय प्रताप पर मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर टीजे सिंह ने बताया कि मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। शेष की गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# राजस्थान के रेलयात्री का मोबाइल चुराने का आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, देवरिया: कवि गुरु एक्सप्रेस ट्रेन में राजस्थान के यात्री का मोबाइल चुराने वाले आरोपित को चोरी के मोबाइल के साथ जीआरपी देवरिया ने रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।



जीआरपी की गिरफ्त में चोरी का आरोपित (मध्य में) • सौ. जीआरपी

राजस्थान के जनपद नागौर के थाना जसवंतगढ़ के रिदमलास गांव के सुरेश शर्मा पुत्र रामगोपाल शर्मा असम के कामाख्या में किसी निजी कंपनी में नौकरी करतें हैं। वह 22 फरवरी को 19615 कवि गुरु एक्सप्रेस ट्रेन के कोच संख्या बी एक में सीट संख्या 64 पर यात्रा कर रहे थे। चोर बैतालपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन के गुजरते समय रात 10.09 बजे मोबाइल चुरा लिया। रेलयात्री ने तीन मार्च को जीआरपी देवरिया थाने में तहरीर दी। जीआरपी ने 10 जून को मुकदमा दर्ज किया और विवेचना शुरू की। रविवार को सदर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी के दौरान जीआरपी ने चोर को पकड़ा। उसके पास से चोरी गया मोबाइल बरामद किया। आरोपित गोपाल जायसवाल पुत्र स्व.शीतल जायसवाल, पैना रोड बरहज का रहने वाला है। वह वर्तमान में गोरखपुर के शाहपुर में पादरी बाजार मोहनापुर, वार्ड नंबर दो में रहता है। बरामद मोबाइल की कीमत 26500 रुपये है। आरोपित के विरुद्ध वर्ष 2004 से 2022 के बीच बरहज, सदर कोतवाली के अलावा जीआरपी गोरखपुर, भटनी व देवरिया में आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट व चोरी के 25 मामले दर्ज हैं। जीआरपी देवरिया के उप निरीक्षक श्रीराम सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# टापटेन अपराधियों की होगी गिरफ्तारी

जासं, देवरिया: एसपी संकल्प शर्मा रविवार की शाम सख्त तेवर में दिखे। उन्होंने अपराध गोष्ठी में पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को अपराध रोकने में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से निपटेगी। टापटेन अपराधियों व माफिया की गिरफ्तारी की जाएगी।



पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में अपराध गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, एएसपी डा .राजेश सोनकर (दाएं) • जागरण

पुलिस लाइन के मनोरंजन सभागार में करीब छह घंटे तक बैठक चली। एसपी ने कहा कि कच्ची के निर्माण, बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाएं। चोरी व लूट की घटनाओं पर रोक के लिए रात में गश्त करें। जन शिकायतों व आइजीआरएस के मामलों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करें। बैंक ड्यूटी मुस्तैदी से करें। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए पंद्रह दिन अभियान चलाया जाएगा। विभिन्न मुकदमों में वांछित, इनामी, जिला बदर, एनबीडब्ल्यू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करें। पाक्सो एक्ट के मामलों की विवेचना दो माह के भीतर पूरी करें। आरोपितों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी ढंग से पैरवी करें। आपदा विभाग की तरफ से पुलिसकर्मियों को दामिनी एप अपलोड करने पर जोर दिया। ताकि बिजली गिरने की पूर्व सूचना मिल सके। आपदा विशेषज्ञ पंकज कुमार व फील्ड कोआर्डिनेटर विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सर्पदंश होने पर झाड़फूंक की बजाय तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाएं। ताकि समय से इलाज मुहैया हो सके और पीड़ित की जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि यूपी 112 में तैनात पुलिसकर्मी फ्रंटलाइन वर्कर होते हैं। सूचना पर सबसे पहले पहुंचते हैं। उन्हें आपदा से बचाव की जानकारी होनी चाहिए। पुलिसकर्मियों को एलईडी स्क्रीन के जरिये बाढ़, भूकंप आदि से बचाव की जानकारी दी गई। इस मौके पर एएसपी डा. राजेश सोनकर, सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी, सीओ रुद्रपुर जिलाजीत, सीओ सलेमपुर देव आनंद, सीओ भाटपाररानी पीके तिवारी, सीओ बरहज पंचम लाल, सीओ लाइन विनय यादव, प्रतिसार निरीक्षक पंकज सिंह, प्रधान लिपिक भुनेश राय, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निरीक्षक मृत्युन्जय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# महिला ने दर्ज कराया तीन लोगों पर मुकदमा

रुद्रपुर : क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर के भटौली टोला की रहने वाली एक महिला ने पति को पुरानी रंजिश में मारने पीटने के मामले में गांव के तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। फतेहपुर के भटौली टोला की रहने वाली पुष्पा देवी पत्नी बृजेश यादव की तहरीर पर पुरानी रंजिश को लेकर पति को गाली देने और लाठी डंडे से मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस सत्यदेव, होसिल और प्रिंस यादव के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

**जासं, मईल:** क्षेत्र के बकुची में ग्राम सभा की भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर रविवार को प्रशासन का बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान तहसीलदार बरहज अश्वनी कुमार, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और अतिक्रमण हटवाया।

# घर से बाजार गया युवक लापता

सलेमपुर। घर से बाजार करने गया एक युवक लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चला तो रविवार को परिवार के लोगों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी।



शैलेश यादव।

कोतवाली थाना क्षेत्र के धनौती राय गांव निवासी योगेंद्र यादव का 17 वर्षीय पुत्र शैलेश यादव शनिवार की दोपहर करीब दो बजे घर से बाजार करने के लिए सलेमपुर के लिए निकला। देर रात तक जब घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोग परेशान हो गए।

रविवार को युवक के चाचा विजय यादव ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। कोतवाल नवीन कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है। तलाश की जा रही है। युवक का मोबाइल बंद बता रहा है। इसके चलते लोकेशन नहीं मिल पा रही है। संवाद

# मारपीट की घटना में सात लोगों पर केस

## आरोपियों पर आपसी रंजिश में पिटाई करने का आरोप

रुद्रपुर। क्षेत्र के दो जगहों पर हुई मारपीट की घटना में रविवार को पुलिस ने सात लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया।

उसरा बाजार स्थित आर्यन पोल्ट्री फॉर्म में कार्य करने वाले युवक रामसकल यादव ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि फैक्ट्री में कार्य करने के दौरान चार युवकों ने उसकी पिटाई कर दी।

उन्होंने बीच-बचाव करने आए मजदूरों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अलगटपुर गांव के नंदू यादव और परसा जंगल निवासी पन्ने लाल यादव सहित चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया।

वहीं, दूसरी घटना में फतेहपुर भटौली निवासी पुष्पा देवी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के सत्यदेव यादव, होसिला यादव और प्रिंस पर मारपीट का अभियोग पंजीकृत किया।

महिला ने आरोपियों पर आपसी रंजिश में पिटाई करने का आरोप लगाया है। संवाद

# चार लोगों का शांतिभंग में चालान

चनुकी। थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों का शांति भंग में चालान किया है। कस्बा के चौक वार्ड निवासी विनोद बरनवाल व दिलीप बरनवाल के बीच बिजली के तार खींचने को लेकर मारपीट हो गई। इसी थाना क्षेत्र के नदौली निवासी संजय तिवारी व राकेश तिवारी के बीच भूमि विवाद है। इसके चलते दोनों लोगों के बीच गाली-गलौज व मारपीट हो गई। पुलिस ने रविवार को चौक वार्ड के शशांक, नीलेश व नदौली के संजय व राकेश का शांतिभंग में चालान कर दिया। संवाद

अमर उजाला

# छह माह बाद पीड़ित के घर पहुंचे एएसपी

संवाद न्यूज एजेंसी

चनुकी। बरामदे में सो रहे चौकीदार के बेटे की पेट्रोल से जलाकर की गई हत्या के मामले में छह महीने बाद अपर पुलिस अधीक्षक पीड़ित के घर पहुंचे। उन्होंने मृतक के पिता से पूछताछ की। मामले की विवेचना क्राइम ब्रांच कर रही है।

ग्लार थाना क्षेत्र के रक्सा गांव निवासी थाने के चौकीदार उत्तम यादव का पुत्र विजय यादव उर्फ राजन 16 अक्तूबर की रात बरामदे में सो रहा था। रात 12 बजे उसके ऊपर पेट्रोल गिरा कर आग लगा दी गई। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान 17 अक्तूबर को राजन की मौत हो गई। राजन ने मौत के पहले बनाए गए एक ऑडियो में गांव के ही कुछ लोगों का नाम बताया था।

चौकीदार उत्तम यादव ने ऑडियो के आधार पर 18 अक्तूबर को पांच लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना

## 16 अक्तूबर को चौकीदार के बेटे को जला कर मारा गया था

## क्राइम ब्रांच कर रही है मामले की विवेचना

के बाद मामले की विवेचना एसएसआई राममोहन सिंह सहित कई लोगों ने की फिर भी विवेचना पूरी नहीं हो सकी।

इसके बाद यह मामला क्राइम ब्रांच में चला गया। शनिवार को देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक राकेश सोनकर इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह को साथ लेकर रक्सा पहुंचे। उन्होंने राजन के पिता से पूछताछ की। पीड़ित उत्तम के अनुसार घटना के बाद पुलिस मामले को दूसरी तरफ मोड़ना चाहती है।

इसके चलते अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इंस्पेक्टर नवीन सिंह बताया कि मामले को क्राइम ब्रांच देख रही है।

# फर्जी पासपोर्ट बनाने का आरोपी गिरफ्तार किया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

## बड़ी संख्या में पासपोर्ट और अन्य सामान बरामद

## मामले के अन्य चार आरोपी फरार हैं

देवरिया। फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनाकर लोगों को विदेश भेजने के मामले में तरकुलवा पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने बड़ी संख्या में पासपोर्ट और अन्य सामग्री बरामद की है। इस मामले के अन्य चार आरोपी फरार हैं।

थानाक्षेत्र के सिधावे गांव का रहने वाला संदीप चौहान पुत्र संतू चौहान गांव में कुछ अन्य साथियों के साथ पासपोर्ट में हेराफेरी करता था।

लोगों को विदेश भेजने और पासपोर्ट की वैधता समाप्त हो जाने पर फर्जी तरीके से उसका नवीनीकरण करता था। इसकी सूचना पर पुलिस ने छापा मारा और मुख्य आरोपी संदीप को रंगे हाथ पकड़ लिया।

पुलिस टीम ने दो अदद छायाप्रति पासपोर्ट, दो मुहर, सोलह पासपोर्ट, दो प्रिंटर, एक सीपीयू और एक मॉनीटर बरामद किया। छापा मारने वाली टीम में इंस्पेक्टर जगन्नाथ सिंह, कांस्टेबल सदरुद्दीन अंसारी, आदर्श तिवारी, रोहित यादव, महिला कांस्टेबल रोमा सोनकर शामिल रहीं।

तरकुलवा के थानेदार टीजे सिंह ने बताया कि इस मामले में संदीप चौहान निवासी ग्राम सिधावे थाना तरकुलवा, रजत दुबे उर्फ गुड्डू बारीडीह थाना मदनपुर, दीपक सिंह उर्फ दीपू, नागेंद्र उर्फ शुभम निवासी कुसुम्हा थाना मदनपुर एवं विजय प्रताप निवासी अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने गिरफ्तार संदीप को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, दस घायल

देवरिया। शहर के रामगुलाम टोला निवासी मैनेजर प्रसाद पुत्र स्व. रामअवध ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शनिवार की रात में पिता का ब्रह्मभोज था। सभी लोग भोजन करने के बाद बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के कारण लाठी, डंडों से हमला कर दिया। इसमें दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। संवाद

# नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

सोहनपुर। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग से हुए दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मां का आरोप है कि छह जुलाई को उसकी नाबालिग लड़की से रात में सोते समय एक व्यक्ति ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। थाने पर सुनवाई न होने से मां ने एसपी को फोन कर जानकारी दी। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। संवाद

# कच्ची शराब के अड्डों पर मारा छापा, तीन गिरफ्तार

## 12 क्विंटल लहन नष्ट किया, 30 लीटर शराब बरामद की गई

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। कच्ची शराब के धंधे को लेकर चर्चित कोइलगड़हा गांव में रविवार की सुबह पुलिस ने छापा मारा। आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 12 क्विंटल लहन नष्ट किया गया। टीम ने 30 लीटर कच्ची शराब के साथ दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तीनों को चालान कर दिया गया।

आबकारी निरीक्षक कुलदीप सिंह और प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह के नेतृत्व में कोइलगड़हा गांव के बिचला टोला पर छापा मारा गया। यहां एक साल में छह बार पुलिस कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है।



कोइलगड़हा गांव में कच्ची शराब की धधक रहीं भट्ठियां। संवाद

कार्रवाई के दौरान धंधेबाज कुर्ना नाला पार करके फरार हो जाते हैं। इस बार पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। नदी के किनारे शराब के अड्डे पर पांच भट्ठियां धधक रही थीं।

उसे पुलिस ने नष्ट कर दिया। शराब बनाने को तैयार करीब 12 क्विंटल लहन मिला। पुलिस ने गिरफ्तार कोइलगढड़हा गांव के बिचला टोली निवासी रामसुभग निषाद, बलकेशी देवी और किसमती देवी का चालान कर दिया।

कोतवाल ने बताया कि कच्ची शराब के अड्डों पर पुलिस की कार्रवाई तेजी से जारी रहेगी। शराब के अवैध धंधे से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

देवरिया। जीआरपी ने चोरी के मोबाइल फोन के साथ रविवार को एक युवक को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े आरोपी की पहचान बरहज थाना क्षेत्र के पैना गांव निवासी गोपाल जायसवाल के रूप में हुई। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2022

# मकान पर चलाए ईंट-पत्थर, दो हिरासत में

- कसया कस्बे के मालती पांडेय विद्यालय के समीप हुई घटना
- पीड़ित गृह स्वामी ने मेडिकल परीक्षण कराकर पुलिस को सौंपी तहरीर

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** कसया कस्बे के श्रीमती मालती पांडेय कन्या इंटरमीडिएट कॉलेज के समीप एक व्यक्ति के मकान पर कुछ लोगों ईंट-पत्थर चलाये। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पीड़ित गृह स्वामी ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।

कसया थाना के वार्ड नंबर 12 वीर अब्दुल हमीद नगर पिपरहिया टोला के मालती पांडेय कन्या इंटमीडिएट कॉलेज के समीप कनखोरिया निवासी प्रेमनाथ तिवारी पिछले एक दशक से मकान बनवाकर पूरे परिवार के साथ निवास करते हैं। आरोप है कि देर रात पौने दस बजे उनके घर कमरे के जंगले पर खड़ा होकर एक युवक ताक झांक कर रहा था कि प्रेमनाथ तिवारी ने उसे बाहर से देखकर पूछताछ करने का प्रयास किया कि उसने कुछ अराजकत्वों को बुलाकर गंदी गंदी गाली देते हुए ईंट-पत्थर चलाने लगे। मौके पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी सीधे थानाध्यक्ष को दिया। एसओ के निर्देश पर कसया थाने से महिला और पुरुष कर्मियों ने आरोपी को तलाश की, लेकिन आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने युवक के पिता समेत दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पीड़ित ने रविवार को नामजद समेत दो दर्जन अज्ञात के खिलाफ तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। एसओ सुधीर सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# कोर्ट के आदेश पर बरामद शराब को किया नष्ट

**अहिरौली बाजार, हिसं।** अहिरौली बाजार थाना परिसर में रविवार को आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2020 से 2021 तक के कुल 41 मुकदमों में बरामद अवैध शराब को कोर्ट के आदेश पर नष्ट करा दिया गया। नष्ट किए गए शराब की कीमत 46 हजार 600 रुपये आंकी गई थी।

कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए एसपी धवल द्वारा एसओ को निर्देशित किया था कि आबकारी अधिनियम के तहत बरामद की गई अवैध शराब को नष्ट करा दिया जाय। इसके बाद एसओ पंकज गुप्ता ने रविवार को शराब नष्ट करने की कार्रवाई की। 41 मुकदमों में बरामद अवैध कच्ची एवं देशी शराब को जेसीबी द्वारा गड्ढे में डाल दिया गया।

# दो वारंटियों को भेजा जेल

अहिरौली बाजार। अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने रविवार को दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे अवधेश व रामनगीना निवासी ग्राम मोती पाकड़ थाना अहिरौली बाजार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके खिलाफ कोर्ट ने वारंट किया था। वारंट जारी होने के बाद पुलिस इनकी तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को पुलिस ने दोनों को घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ पंकज गुप्ता ने बताया कि दोनों जेल भेज दिया गया है।

# अंधविश्वास फैला रहे चार गिरफ्तार

गुरवलिया बाजार। रविवार को तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विजयपुर उत्तर पट्टी में धार्मिक प्रार्थना के द्वारा लोगों में अंधविश्वास फैलाने के आरोप में चार व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए आईपीसी की धारा 505 के तहत पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस दौरान पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाठक, उप निरीक्षक श्रवण यादव आदि शामिल रहे।

# बैंक के पास लगवाया सीसीटीवी कैमरा

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के खोड्डा चौराहे पर सुकरौली के पूर्व प्रमुख प्रमोद कुमार सिंह ने अपने निजी धन से शासन का सहयोग करते हुए खोड्डा चौराहे पर बैंक के पास सीसीटीवी कैमरा लगवाया है। इससे होने वाले अपराधिक घटनाओं पर विराम लगेगा।

मिशन त्रिनेत्र के तहत एसओ अहिरौली बाजार पंकज गुप्ता ने पूर्व प्रमुख प्रमोद कुमार सिंह को प्रेरित किया और उनकी कोशिश रंग लाई। पूर्व प्रमुख ने अपने खोड्डा चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर शासन को समर्पित कर दिया। जानकारी जब क्षेत्राधिकारी कसया पीयूषकांत राय को हुई तो वह खोड्डा बाजार में पहुंचे और पूर्व प्रमुख प्रमोद सिंह का स्वागत करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। कहा कि ऐसे ही समाजसेवियों को आगे आकर थाना क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना चाहिए ताकि अपराध को नियंत्रित किया जा सके।

# एसपी ने 11 थानेदारों के बदले कार्यक्षेत्र

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एसपी धवल कुमार जायसवाल ने रविवार की देर शाम 11 थानेदारों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है, जिसमें पांच को पहली बार थाने की जिम्मेदारी सौंपी है। एसपी ने इसे कानून व्यवस्था के दृष्टिगत तबादला किया जाना बताया।

- **पांच को पहली बार मिली थाने की जिम्मेदारी**
- **कानून व्यवस्था के दृष्टिगत किया गया तबादला : एसपी**

नए परिवर्तन के अनुसार तरयासुजान के थानेदार कपिलदेव चौधरी को कसया, राजेंद्र कुमार सिंह को हाटा से तरयासुजान, रणजीत सिंह भदौरिया को कुबेरस्थान से हाटा, सुधीर कुमार सिंह कसया से सेवरही, आशुतोष सेवरही से तुर्कपट्टी, दुर्गेश कुमार सिंह को पुलिस लाइंस से खड्डा, विजेंद्र कुमार यादव प्रभारी यूपी डायल 112 को विशुनपुरा, आशतोष कुमार तिवारी प्रभारी साइबर सेल ने नेबुआ नौरंगिया, सुमन सिंह प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र से महिला थाना, जितेंद्र टंडन प्रभारी न्यायालय सुरक्षा को बरवापट्टी, एसआइ राघवेंद्र सिंह पीआरओ सेल से कुबेरस्थान, जय प्रकाश पाठक तुर्कपट्टी से क्राइम



ब्रांच, संतोष कुमार यादव हनुमानगंज से क्राइम ब्रांच, धनवीर सिंह खड्डा से प्रभारी फीड बैक सेल, गिरिजेश उपाध्याय नेबुआ नौरंगिया से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, नरेंद्र प्रताप राय विशुनपुरा से प्रभारी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट सुरक्षा, एसआई रेखा देवी महिला थाना प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र, मनोज कुमार पंत पुलिस लाइन प्रभारी साइबर सेल, रविंद्र सिंह पुलिस लाइन से प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ, शाह आलम पुलिस लाइन से प्रभारी यूपी डायल 112, अनिल कुमार यादव, दिनेश कुमार व हेमेंद्र पांडेय पुलिस लाइन से क्राइम ब्रांच भेजा गया। इसके अलावा 19 एसआइ इधर-उधर किए गए।

# चार के विरुद्ध मारपीट व दुष्कर्म का मुकदमा

**जासं, कठकुइयां:** कुबेरस्थान थाने के एक गांव की युवती ने गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर कई वर्षों से दुष्कर्म करने एवं गर्भपात कराने का आरोप लगाया था। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर आरोपित युवक समेत चार के विरुद्ध मारपीट, दुष्कर्म व गर्भपात कराने का मुकदमा दर्ज हुआ है।

पीड़िता ने कुबेरस्थान पुलिस को तहरीर दी थी, कार्रवाई नहीं होने पर उसने एसपी से न्याय की मांग की थी। युवती का कहना है कि उसके गांव का एक युवक शादी की बात कहकर पांच वर्षों से यौन संबंध बनाता रहा। कुछ माह पहले गर्भ ठहर गया तो उसने गर्भपात करा दिया। युवती ने अपनी मां को यह बात बताई तो आरोपित के स्वजन से बातचीत की गई। सच्चाई जानने के बाद स्वजन नाराज हो उठे। पंचायत बुलाकर समझौता का दबाव बनाया जा रहा था, जानमाल की धमकी भी दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

**गांजा तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल:** विशुनपुरा थाने के प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुदही रेलवे स्टेशन के पश्चिमी ढाला से तीन किग्रा 450 ग्राम गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सुबह सात बजे रेलवे ढाला के पास गांजा के साथ पकड़े गए तस्कर की पहचान विनोद कुमार जायसवाल निवासी दुदही के रूप में हुई।

**गिरफ्तार कर जेल भेजे गए दो वारंटी : अहिरौली बाजार :** थाने के मोतीपाकड़ गांव के अवधेश और रामनगीना के विरुद्ध कोर्ट ने वारंट जारी किया था। विचाराधीन मुकदमे में दोनों कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे थे। पुलिस ने उन्हें उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




# आज कड़ी सुरक्षा के बीच होगा जलाभिषेक

**जासं, पडरौना:** श्रावण मास में पहले सोमवार को कुबेरधाम, करहिया व सिधुआ स्थान आने वाले भक्तों को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मान्यताओं के अनुसार श्रावण भक्तों के आशाओं-इच्छाओं की पूर्ति का मास है। भोलेनाथ का यह सर्वाधिक प्रिय महीना है। इसी माह में देवी सती अपनी कठिन तपस्या से भगवान शिव को प्रसन्न कर, उन्हें पति रूप में प्राप्त की थीं। इस तरह यह माह विशेष फलदायी माना जाता है।



आचार्य भोलानाथ पांडेय व नितेश कुमार उर्फ सोनू पांडेय ने कहा कि इस माह में जलाभिषेक कर भगवान भोले की आराधना की जाती है। इस दौरान भोलेनाथ माता



पार्वती संग लोक-कल्याण तथा पालनार्थ मृत्यलोक में आ जाते हैं। माना जाता है कि वह सदैव जागृत अवस्था में रहते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि शिव को भाए पावन सावन। सुप्रसिद्ध श्री शिव शक्ति कुबेरनाथ धाम सहित अन्य देवालयों में पूरे एक माह तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। व्रत रह कर श्रद्धालु शिवलिंग पर शहद, दुग्ध, घृत, दही, गन्ने का रस, गंगाजल, चंदन आदि चढ़ा जलाभिषेक करते हैं। इस काल में प्रकृति की हरियाली व सुंदरता को देख मन प्रसन्न हो जाता है।

# अंधविश्वास फैलाने के आरोप में चार को जेल

**जासं गुरवलिया बाजार :** तुर्कपट्टी थाने के विजयपुर उत्तरपट्टी में बाइबिल की प्रार्थना के दौरान लोगों में अंधविश्वास फैलाने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस पहुंची तो गांव में नहर की पटरी के किनारे पडरौना कोतवाली के मनिकौरा गांव के जितेंद्र कुमार अपने सहयोगियों सुभाष कुमार, अरविंद खटिक, उमाशंकर खटिक के साथ बाइबिल की प्रार्थना के बाद उपचार के नाम पर लोगों में दवा बेच रहा था। पुलिस को देख भीड़ हट गई, चारो आरोपित पकड़ कर थाने लाए गए। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश पाठक, एसआइ श्रवण यादव, अभिषेक सिंह, कांस्टेबल विजय बहादुर सिंह, धर्मेंद्र यादव, अमरेंद्र राय, महिला कांस्टेबल रीता कुमारी, रोही राय शामिल रहे।

# पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त छापेमारी में 10 क्विंटल लहन नष्ट



हेतिमपुर के भैसहां गांव में लहन नष्ट करती पुलिस व आबकारी टीम ● जागरण

**जागरण संवाददाता हेतिमपुर:** भैसहा गांव में कसया थाना पुलिस व आबकारी विभाग ने रविवार की सुबह संयुक्त कार्रवाई की। छापेमारी में 10 क्विंटल लहन नष्ट की गई।

कसया थाने के प्रभारी सुधीर कुमार सिंह व आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार प्रधान के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। टीम ने लहन नष्ट करने के साथ ही 16 से अधिक कच्ची की भट्ठियां तोड़ीं। 25 लीटर कच्ची बरामद हुई। कोई धंधेबाज पकड़ा नहीं जा सका।

कच्ची के धंधे को लेकर यह गांव क्षेत्र में चर्चित है। छोटी गंडक नदी के किनारे भैसहा गांव होने के कारण धंधेबाज नदी पार कर भाग निकले। टीम में आबकारी के अशोक कुमार पाल, तेजपाल, पुलिस के हेड कांस्टेबल जयप्रकाश, आशुतोष पाठक, अनिल सिंह, सम्मी कुमार शामिल रहे। जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने कहा कि अभियान लगातार चल रहा है। किसी दशा में कच्ची का धंधा चलने नहीं दिया जाएगा।

## थाने में नष्ट की गई बरामद अवैध शराब

**अहिरौली बाजार:** अहिरौली बाजार थाना परिसर में रविवार को आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2020 से 2021 तक के कुल 41 मुकदमों में बरामद 46600 रुपये की अवैध शराब नष्ट की गई। न्यायालय के निर्देश पर गड्ढा खोदकर शराब नष्ट की गई। क्षेत्राधिकारी कसया पीयूष कांत राय ,प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता, सहायक अभियोजन अधिकारी दूधनाथ नाथ जयसवाल, अमित कुमार श्रीवास्तव , वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार, दीवान चंद्रमा यादव आदि मौजूद रहे।



अहिरौली थाना परिसर में शराब नष्ट करती पुलिस। संवाद

# अहिरौली बाजार थाने में नष्ट की गई शराब

**अहिरौली बाजार।** थाना परिसर में रविवार को 41 मुकदमों में बरामद अवैध शराब नष्ट कराई गई।

बरामद शराब की कीमत करीब 46 हजार छह सौ रुपये बताई गई थी। न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई हुई है। अहिरौली बाजार थानाध्यक्ष पकंज गुप्ता ने बताया बरामद शराब को जेसीबी की मदद से गड्ढों में दबा दिया गया है। संवाद

# बकिया नाला की पटरी से पेड़ काटते युवक को पकड़ा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रामकोला।** कप्तानगंज मार्ग के बकिया नाला पटरी पर रविवार को पेड़ काटने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। अर्जुन का पेड़ काटते हुए युवक पकड़ा गया। उसके साथ मौजूद अन्य लोग भाग गए। मौके पर एक बाइक और तीन साइकिलें बरामद की गईं। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

रामकोला थाना क्षेत्र के अहिरौली कुसमी तथा परोरहा के कुछ किसानों का खेत पटरी के किनारे है। पटरी पर लगे पेड़ों की वजह से परेशानी होती है। इसलिए अर्जुन के पेड़ों को काटकर लोग अपने खेत तक मिट्टी समतल करना चाहते थे। रविवार की सुबह लोगों ने पेड़ काटना शुरू किया तो कुछ ही दूरी पर रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी।

बिना अनुमति के हरे पेड़ काटने की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस को देखकर कुछ लोग भाग गए। लेकिन युवक मौके पर पकड़ा गया। वहां पर मिली एक बाइक और तीन साइकिलों को पुलिस थाने उठा ले गई।

इस संबंध में एसएचओ नीरज राय ने बताया कि वन विभाग को इसकी सूचना दी गई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।



बकिया नाला की पटरी से पेड़ काटे जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस। संवाद

## पेड़ काटने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम

# अंधविश्वास फैलाने के आरोप में चार गिरफ्तार

## प्रार्थना सभा में असाध्य रोगों के शर्तिया इलाज का कर रहे थे दावा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गुरवलिया बाजार।** अंधविश्वास फैलाने के आरोप में तुर्कपट्टी पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत विजयपुर उत्तर पट्टी के पश्चिम टोला में करीब एक माह से असाध्य व अन्य रोगों के इलाज का दावा करने वाले कुछ लोग प्रार्थना सभा आयोजित कर अंधविश्वास को बढ़ावा दे रहे थे।



प्रार्थना सभा से चार आरोपी गिरफ्तार। संवाद

प्रार्थना सभा की ओर से मतांतरण का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने पुलिस से शिकायत की। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रार्थना सभा का आयोजन करने वाले चार व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के मुताबिक रविवार को ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि गांव में विगत कुछ दिनों से हर रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही है। इसमें एक धर्म व बाइबिल का प्रचार किया जा रहा है। आयोजकों की ओर से यह अंधविश्वास फैलाया जा रहा है कि प्रार्थना करने से असाध्य रोग व जादू टोना की परेशानी दूर हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप था कि प्रार्थना सभा की आड़ में लोगों को प्रभावित कर धर्मांतरण का प्रयास किया जा रहा है। यह भी जानकारी मिली कि जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्र में इस तरह की प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस तो पाया कि टेंट लगाकर प्रार्थना सभा की आड़ में बीमारियों को ठीक करने का दावा कर अंधविश्वास फैलाया जा रहा है। दवा के नाम पर शीशियों में तरल पदार्थ भी वितरित किया जा रहा था।

पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को हिरासत में लिया। इस संबंध में तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाठक ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इनकी पहचान जितेंद्र कुमार खटिक निवासी देवीपुर योगी टोला थाना धनहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार, सुभाष कुमार खटिक व अरविंद कुमार खटिक निवासी विजयपुर उत्तर पट्टी पश्चिम टोला तथा उमाशंकर खटिक निवासी ग्राम चकियवां नेहरू नगर थाना कोतवाली देवरिया जिला देवरिया के रूप में हुई।

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2022



चोरी की दो बाइक, तमंचा व कारतूस के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा। • हिन्दुस्तान

# दो बाइक, तमंचा व कारतूस के साथ एक को दबोचा

# सावन महीने का पहला सोमवार आज, शिवालयों में उमड़ेगी भीड़

**तैयारी**

महराजगंज, निज संवाददाता। भोलेनाथ का प्रिय सावन मास के पहले दिन जिले के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु उमड़ेंगे। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने रविवार को सुरक्षा व्यवस्था के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए प्रबंध का जायजा लिया। मान्यता है कि सोमवार भगवान शिव का प्रिय दिन है। ऐसे में सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में भूतभावन, अवघड़दानी, महादेव को बेलपत्र, धतूरा, भांग चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

निचलौल क्षेत्र के ईटहियां पचमुखी शिवलिंग की दर्शन के लिए भक्तों की



इटहियां पंचमुखी शिव मंदिर में रविवार को एएसपी निवेश कटियार, एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्रा, सीओ सुनील दत्त दुबे ने जायजा लिया।

काफी भीड़ जुटने की उम्मीद है। ऐसे में सुरक्षा में लगे पुलिस के जवानों के साथ मंदिर प्रशासन से जुड़े हुए पदाधिकारी भी काफी सक्रिय हैं। वहीं कटहरा के शिवमंदिर, कांक्षेश्वरनाथ मंदिर, बहुरहवा बाबा शिवमंदिर, जड़ार के शिवमंदिर, हरपुर महंथ शिवमंदिर में पूजन व दर्शन के बाद श्रद्धालु भोलेनाथ को जलाभिषेक करेंगे। झनझनपुर संवाद के अनुसार सदर क्षेत्र के कटहरा स्थित प्राचीन शिवमंदिर में श्रद्धालुओं भी श्रद्धालु भोलेनाथ को जलाभिषेक करेंगे। ग्राम प्रधान कमलेश सिंह ने बताया कि सावन माह में पूरा गांव प्रसन्न है।

## कड़ी सुरक्षा में सावन मेले का आनंद उठाएंगे श्रद्धालु

भारत-नेपाल सीमा से सटे इटहिया पंचमुखी शिव मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण व महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की पर्याप्त संख्या ड्यूटी लगाई गई है। इस बीच एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्रा, एएसपी निवेश कटियार, सीओ सुनील दत्त दुबे ने रविवार को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इटहिया शिव मंदिर में पहुंच कर जायजा लिया। अधिकारियों ने कि मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु पर सुरक्षा कर्मियों की नजर रहेगी। खासकर महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा व असुरक्षा महसूस होती है तो उनके लिए महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। वहां वह अपनी समस्या रख सकती हैं।

## सीसीटीवी कैमरे से होगी निगहबानी

इटहिया के पंचमुखी शिव मंदिर में लगने वाले सावन मेला की निगहबानी के लिए पहले 16 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगे थे। इसे अब बढ़ा कर 24 स्थानों पर लगा दिया गया है। मंदिर के प्रवेश द्वार, मंदिर के अंदर के परिसर, पूर्वी व उत्तरी निकास द्वार, मंदिर के बाहरी चारों कोनों पर व मंदिर के गर्भगृह में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।

**बैरियर तक ही आएंगे वाहन:** मंदिर प्रबंध समिति ने मेले में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाया गया है। इसमें लमुहा पोखरा, इटहिया गांव को जाने वाले रास्ते में पुल पर, मंदिर के पूरब नौका टोला, नौका टोला के पूर्वी छोर व रेगहिया नहर पुल पर बैरियर लगा है।

# 11 बोरी यूरिया के साथ तीन गिरफ्तार

**भगवानपुर।** परसामलिक थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव अहिरौली के उत्तर नोमेन्स लैन्ड पर रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे स्थानीय पुलिस ने नेपाल जा रही 11 बोरी भारतीय यूरिया के साथ तीन लोगों को हिरासत में ले ली। आरोपितों ने पूछताछ में अपना नाम सुग्रीव पासवान निवासी रेहरा, गनेश पासवान निवासी निपनिया, छोटू भारती निवासी निपनिया बताया। थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ कस्टम एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

# कॉस्मेटिक सामान संग दो महिलाएं गिरफ्तार

**कार्रवाई**

खनुआ। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के कुनसेरवा चौराहा के पास शनिवार की देर रात एसएसबी 66 वीं वाहिनी के जवानों ने दो महिलाओं को तस्करी के कास्मेटिक सामन के साथ पकड़ लिया। भारत नेपाल सीमा चौकी हरदीडाली के एसएसबी चौकी प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ प्रसाद को रात में सूचना मिली कि कुनसेरवा बाईपास नहर रोड से कुछ महिलाएं नेपाल से अवैध सामान ले जा रही हैं। दोनों आरोपित महिलाओं को महिला सुरक्षा कर्मियों की मदद से गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए सामानों में 600 पीस नेपाली डव शैम्पू, 864 पीस क्लोजप टूथपेस्ट, 14440 पीस फेयर लवली बड़ा, 576 पीस फेयर लवली (प्रत्येक 25 ग्राम। हिरासत में ली गई महिलाएं नीता कोल्हुई क्षेत्र व चिंता सोनौली क्षेत्र की रहने वाली है। दोनों के खिलाफ सोनौली में कस्टम एक्ट के अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही के लिए कस्टम कार्यालय नौतनवा को सुपुर्द किया गया।

## चार किलो वजनी शंख के साथ सात आरोपी गिरफ्तार

# 1.35 करोड़ का अष्टधातु से बना शंख बरामद किया

**सफलता**

- नेपाल, गोरखपुर, कोल्हुई व नौतनवा के निवासी है आरोपी
- गोरखपुर से नेपाल जा रहे थे आरोपी, छपवा बाईपास से गिरफ्तार

**नौतनवा (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद।** महराजगंज जिले की नौतनवा पुलिस ने रविवार को अष्टधातु से बने बेशकीमती शंख के साथ वाहन जांच के दौरान सात आरोपियों को छपवा बाईपास के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी कार से नेपाल की तरफ जा रहे थे। चार किलो वजनी शंख की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 करोड़ 35 लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

नौतनवा पुलिस रविवार को छपवा बाईपास पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान गोरखपुर की तरफ से आ रही एक कार को पुलिस टीम ने रोका। चेकिंग में कार से चार किलो वजन का शंख मिला। इसके बाद पुलिस ने कार में सवार सभी सात लोगों को हिरासत में ले लिया।

प्रारम्भिक पूछताछ में वे शंख के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पुलिस टीम का कहना है कि प्रथमदृष्टया जांच में शंख अष्टधातु का प्रतीत हो रहा है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.35 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। विशेषज्ञों से यह पता कराया जाएगा कि अष्टधातु के शंख की गुणवत्ता क्या है। हिरासत में लिए गए आरोपित नेपाल, गोरखपुर, कोल्हुई व नौतनवा के निवासी बताए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबक आरोपी शंख को नेपाल में ले जाकर बेचने की फिराक में थे, लेकिन सीमा पार करने के पहले ही हत्थे चढ़ गए। नौतनवा थाना के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि बरामदगी के आधार पर कार में सवार सभी सात आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि बरामद शंख आरोपितों के पास कैसे पहुंचा? जांच के बाद सभी तथ्य सामने आएंगे।



नौतनवा पुलिस ने रविवार को छपवा बाईपास के पास से अष्टधातु के शंख के साथ सात आरोपियों को दबोचा। • हिन्दुस्तान



चोरी की दो बाइक, तमंचा व कारतूस के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा। • हिन्दुस्तान

# दो बाइक, तमंचा व कारतूस के साथ एक को दबोचा

- निचलौल के अमड़ी पुल के पास पुलिस को मिली सफलता
- पकड़े गए बाइक लिफ्टर के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेजा

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल पुलिस ने शनिवार की आधीरात को झुलनीपुर मार्ग के अमड़ी पुल पर एक आपराधिक किस्म के युवक को चोरी की दो बाइक, तमंचा व 315 बोर की कारतूस के साथ दबोचा है। पुलिस ने केस दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया है।

एसओ निचलौल रामाज्ञा सिंह को सूचना मिली कि एक युवक चोरी की दो बाइक लेकर नेपाल बार्डर की तरफ जा रहा है। इसपर एसओ ने अपने साथ एसआई फिरोज आलम सिद्दीकी, प्रदीप सिंह, अखिलेश , दीपक आदि को साथ लेकर उसका पीछा कर अमड़ी पुल के पास पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने नाम सदरे आलम निवासी ग्राम कोहड़वल थाना निचलौल बताया। वह अभी एक महीने पहले बाइक चोरी के एक अन्य अपराध में जेल से छूट कर आया था। पुलिस ने एक अपाची बाइक व एक अन्य चोरी की बाइक, एक तमंचा व 315 बोर का कारतूस पकड़ा है। पूछताछ में उसने कबूल किया है कि दोनों बाइक चोरी की है। पुलिस ने उसके खिलाफ बाइ [illegible] हत के [illegible] है।

## एक नजर में

# 15 बोरी यूरिया व पांच बाइक बरामद

**निचलौल :** लालपुर के पास रविवार को कस्टम विभाग ने छापामारी कर नेपाल ले जाई जा रही 15 बोरी यूरिया बरामद किया । पांच बाइकों को भी पकड़ लिया गया, जबकि आरोपित भागने में सफल रहे। कस्टम निरीक्षक भगवान शाह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि यूरिया लालपुर गांव के बाग में रखी है। वहां से बाइक व पिकअप से सीमा पार कराया जा रहा है। टीम ने छापेमारी कर मिली बाइकों व यूरिया को जब्त कर लिया ।(जासं)

# तस्करी के कास्मेटिक सामान के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

**जासं, सोनौली :** कुनसेरवा चौराहा के पास शनिवार की देर रात सशस्त्र सीमा बल के 66 वीं बटालियन के जवानों ने दो महिलाओं को तस्करी के कास्मेटिक सामान के साथ पकड़ लिया। महिलाओं के खिलाफ थाना सोनौली में कस्टम एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर सामान को कस्टम कार्यालय नौतनवा को सिपुर्द कर दिया।

भारत-नेपाल सीमा चौकी हरदीडाली के एसएसबी चौकी प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि रात में सूचना मिली कि कुनसेरवा बाईपास नहर रोड पर कुछ महिलाएं नेपाल से अवैध सामान लेकर किसी का इंतजार रही हैं। टीम पहुंची तो वह भागने लगीं, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि सामान बिना कस्टम कराए नेपाल से भारत में बिक्री के लिए ले जा रहीं थी। पकड़े गए सामान में 600 पीस नेपाली शैंपू , 864 पीस टूथपेस्ट, 14440 पीस क्रीम बड़ा, 576 पीस क्रीम (प्रत्येक 25 ग्राम ), एक बोरी खाद व एक साइकिल भी बरामद हुई। महिलाओं का नाम नीता ग्राम महमूदपुर थाना कोल्हुई और चिंता ग्राम पिपरहिया थाना सोनौली जनपद महराजगंज है।

कार्यवाहक कमांडेंट तरणीस कुमार हंस ने बताया कि टीम में एएसआइ फतेह सिंह, अजय कुमार अवस्थी, अरविंद, दिनेश कुमार व पुलिस टीम में एसआइ सुधीर यादव, राहुल यादव, एकता वर्मा, सुषमा यादव व केशरी सिंह उपस्थित रहे।

# मुकदमा उठाने को लेकर दो पक्षों में विवाद, एक गिरफ्तार

**जासं, आनंदनगर:** मुकदमा वापस लेने की बात को लेकर रविवार को सिंहपुर थरौली गांव में आरोपित पक्ष ने वादी पक्ष से विवाद कर लिया। पुरंदरपुर पुलिस ने आरोपित पक्ष के एक युवक उदयचंद को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपित पक्ष की महिलाओं ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया है।

पुरंदरपुर के प्रभारी थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि सिंहपुर थरौली गांव निवासी किरण देवी ने गांव के ही तीन लोगों पर एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज कराया है, जिसकी जांच सीओ स्तर से चल रही है। रविवार को पीड़ित पक्ष ने सूचना दी थी कि आरोपित पक्ष उनपर मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं। जिसके बाद गांव में पहुंची पुलिस ने आरोपित पक्ष के एक सहयोगी उदयचंद को गिरफ्तार कर लिया। उसका चालान कर दिया गया है। आरोपित की गिरफ्तारी के कारण ही उनके द्वारा पुलिस पर आरोप लगाए जा रहे है। सीओ कोमल प्रसाद मिश्रा ने बताया कि पूरे मामले में जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**हादसे में किशोर की मृत्यु:** जासं, महराजगंजः रविवार की सुबह टेंपो लेकर पानी बांटने निकले किशोर अमन तिवारी की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई।

रविवार को अमन घर से टेंपो लेकर निकला था। गांव में ही टेंपो चालू करने लगा। अचानक टेंपो चालू होने के बाद आगे बढ़ने लगा। उसे रोकने के लिए अमन आगे बढ़ा कि दीवार और टेंपो के बीच में फंस गया, जिससे मृत्यु हो गई।

# चोरी के मोटर पंप व पंखी के साथ युवक गिरफ्तार

**जासं, फुलमनहा:** बृजमनगंज पुलिस ने रविवार को चोरी का मोटर पंप व पंखी के साथ अनिल यादव निवासी करमहा को गिरफ्तार कर लिया । ग्राम पंचायत बैसार के टोला जसनपुर निवासी जगदेव का मोटर पंप 15 जुलाई को चोरी हो गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में लगी हुई थी।

# एक करोड़ 35 लाख रुपये की अष्टधातु के साथ सात गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाहनों की जांच के दौरान शक के आधार पर पकड़े गए आरोपी**

**धातु को नेपाल ले जाने की फिराक में थे, सातों का किया चालान**

**नौतनवां।** पुलिस ने शनिवार देर शाम वाहनों की जांच के दौरान क्षेत्र के संपतिहा चौराहे के पास से कार में सवार सात युवकों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

पकड़े गए युवकों के पास से चार किलोग्राम अष्टधातु मिली है। बरामद अष्टधातु की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ 35 लाख रुपये बताई जा जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार देर शाम क्षेत्र के संपतिहा चौराहे के पास पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक चारपहिया वाहन में सवार सात लोग आते दिखे। संदेह के आधार पर उनकी कार को रोक कर तलाशी ली गई तो उनके पास से शंख के आकर में लगभग चार किलोग्राम की अष्टधातु मिली। उन्होंने बताया कि अष्टधातु को उक्त युवक नेपाल ले जाने की फिराक में थे।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी आकाश पाठक निवासी हथियागढ़ थाना पुरंदरपुर, नरेंद्र निवासी कोल्हुई, श्रवण सिंह निवासी थवईपार, पीपीगंज जनपद गोरखपुर, अनूप कुमार निवासी कोल्हुई, कृष्ण कुमार गुप्ता निवासी भैरहवा, नेपाल, अमजद खान निवासी राहुल नगर कस्बा नौतनवा एवं नसरुल्लाह उर्फ सलाउद्दीन निवासी घनश्याम नगर कस्बा सोनौली का चालान कर दिया गया है।

# चोरी हुआ मोटरपंप बरामद

**बृजमनगंज।** पुलिस ने क्षेत्र से चोरी हुए मोटरपंप को रविवार को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष चंद्रहास मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के बैसार टोला जसनपुर निवासी जगदेव का मोटरपंप 15 जुलाई को चोरी हो गया था। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में लगी हुई थी। रविवार को मोटरपंप बरामद कर आरोपी अनिल यादव निवासी करमहा टोला जुनरबी को गिरफ्तार चालान कर दिया गया। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-07-2022

# चोरी की तीन घटनाओं का पर्दाफाश, दो धराए

**बस्ती/पैकोलिया।** थानाक्षेत्र में हुई चोरी की तीन घटनाओं का पैकोलिया पुलिस ने रविवार को पर्दाफाश किया है दिन में 11 बजे क्षेत्र के हरिजनपुर गांव के पूरब काली माता मंदिर के पास से घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का ट्रासफॉर्मर क्वायल व 45 सौ नकद आदि बरामद किए गए हैं।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि विद्युत उप केंद्र बभनान पावर हाउस के कर्मचारी अभय कुमार ने थाने में तहरीर दी। बताया कि 10 जुलाई को पैकोलिया के हरिजनपुरमें 10 केवीए ट्रांसफार्मर से क्वायल चोरी कर लिया गया है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी का केस दर्ज किया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को हरिजनपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ कईम व राकेश कुमार उर्फ करिया को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है। आरोपियों ने बताया कि उन दोनों ने मिलकर हरिजनपुर से ट्रांसफार्मर क्वायल व हर्रैया थाना के पहितिया पूरे हुसैन और भिरतवा गांव से जेवरात चोरी की थी। संवाद

# मुख्यमंत्री का आपत्तिजनक फोटो भेजने पर मुकदमा

**बस्ती।** व्हाट्सएप पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आपत्तिजनक फोटो भेजने पर रुधौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

इस संबंध में रुधौली कस्बा निवासी संदीप जायसवाल ने थाने में तहरीर दी है। इसमें आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आपत्तिजनक फोटो उनके व्हाट्सएप पर भेज दिया।

इस संबंध में थाना प्रभारी रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री की आपत्तिजनक फोटो भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। संवाद

गया। संवाद

# एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकालने के दो आरोपी गिरफ्तार

दुबौलिया। थाने की पुलिस ने स्वाट टीम की मदद से रविवार को महिला का एटीएम बदलकर रुपये निकालने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक, एटीएम कार्ड एवं कट्टा कारतूस बरामद किया गया है।

**24 मई को दुबौलिया कस्बे में एटीएम से रुपये निकालने गई थी पीड़िता**

थानाक्षेत्र के चकोही गांव निवासी शीला देवी 24 मई को दुबौलिया कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गई थीं।

इस दौरान पीछे खड़े दो युवकों ने उनके एटीएम का पिन नंबर देख लिया। बाद में धोखे से उनका एटीएम बदलकर खाते से 55 हजार रुपये निकाल लिया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एटीएम के अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जिसके आधार पर रविवार को हर्रैया थाना क्षेत्र के बड़हर खुर्द निवासी रोहित पांडेय एवं उसी थाने के फरेंदा जागीर निवासी शेखर मिश्रा को दुबौलिया कस्बे से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से एटीएम कार्ड, बाइक व दो कट्टा कारतूस बरामद किया गया। संवाद

# दो पक्षों में मारपीट, आठ नामजद

दुबौलिया। थानाक्षेत्र के गुलौरी खुर्द निवासी श्रीराम चन्दर का आरोप है कि गांव के हरिश्चंद्र, अशोक, बिन्दू व जयप्रकाश ने भूमि विवाद को लेकर लाठी-डंडे से मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के हरिश्चंद्र का आरोप है कि रामचन्दर, संदीप, शीला व लवकुश ने जमीनी रंजिश को लाठी-डंडे से मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने क्रास एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# युवती के कंकाल का कराया पोस्टमार्टम

**फॉलोअप**

- सोनहा थानांतर्गत 11 जुलाई को सरयू नहर के माइनर में था कंकाल
- पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं, बिसरा किया गया सुरक्षित

सल्टौआ, हिन्दुस्तान संवाद। जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के जांता कर्मा गांव के गैर चिरागी मौरी परासी के पास 11 जुलाई को सरयू नहर के माइनर में मिट्टी में दफन युवती के कंकाल का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया।

प्रभारी निरीक्षक शंशाक शेखर राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बिसरा जांच के लिए सुरक्षित कर लिया गया है। साथ ही पुलिस ने शिनाख्त के लिए डीएनए का सैम्पल भी सुरक्षित किया है। कंकाल की पहचान कराने के लिए सर्विसलांस टीम के साथ डीसीआरबी से गुमशुदा युवतियों व महिलाओं के रिकार्ड खंगाले कर मिलान किया जा रहा है।

सोनहा थाने के मौरी परासी के समीप सोमवार की सुबह सरयू नहर के माइनर में मिट्टी में दफन कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई थी। मौके पर प्रभारी निरीक्षक शंशाक शेखर राय, फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और शव को जमीन से खोदवाकर बाहर निकलवाया था। सिर धड़ से अलग था। मौके पर ढेर सारे बाल भी बरामद हुए थे। मृतका की उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच आंकी जा रही थी।

मृतका के कपड़े और बूटादार दुपट्टे के आधार पर भी पहचान का प्रयास जारी है। पुलिस जिले के सभी थानों में दर्ज महिलाओं की गुमशुदगी के फाइल को खंगाल रही है। पोस्टमार्टम में मौत की वजह साफ नहीं हो सकी है।

# दो पक्षों में मारपीट आठ नामजद

बस्ती। दुबौलिया के गुलौरी खुर्द निवासी श्रीराम चन्दर का आरोप है कि गांव के हरिश्चंद्र, अशोक, बिन्दू व जयप्रकाश ने भूमि विवाद को लेकर लाठी-डंडे से मारपीट कर जानमाल की धमकी दी।

दूसरे पक्ष के हरिश्चंद्र का आरोप है कि रामचन्दर, संदीप, शीला व लवकुश ने जमीनी रंजिश में लाठी-डंडे से मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने क्रास एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री की लगाई आपत्तिजनक फोटो

बस्ती। रुधौली पुलिस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की आपत्तिजनक फोटो को व्हाट्सअप की डीपी पर लगाने के आरोप में केस कायम किया है।

रुधौली निवासी संदीप जायसवाल ने थाने पर दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने सीएम योगी की आपत्तिजनक फोटो व्हाट्सअप की डीपी पर लगाई। व्हाट्सअप पर देखने के बाद इसकी जानकारी हुई। थाना प्रभारी रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि आपत्तिजनक फोटो की डीपी लगाने के आरोप में अज्ञात व्यक्ति पर आईपीसी 505(2) के तहत केस दर्ज किया है।



रविवार को पैकोलिया पुलिस की गिरफ्त में चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी।

# चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा, दो गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। पैकोलिया पुलिस ने चोरी की तीन घटनाओं का रविवार को खुलासा किया है। पुलिस ने इसी थाने के हरिजनपुर के पूरब काली माता के चौरा के पास से रविवार को दिन में 11 बजे के करीब चोरी के माल के साथ दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी का ट्रासफार्मर क्वायल और 45 सौ रुपया नगद बरामद किया गया है।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि विद्युत उप केंद्र बभनान पावर हाउस के टीजी द्वितीय अभय कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि 10 जुलाई को पैकोलिया के हरिजनपुर गांव में 10 केवीए ट्रांसफार्मर से क्वायल चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी का केस दर्ज किया था। इस घटना की छानबीन में जुटी टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को हरिजनपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ कईम व राकेश उर्फ करिया को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उन दोनों ने मिलकर हरिजनपुर से ट्रांसफार्मर क्वायल और हर्रैया थाना के पहितिया पूरे हुसैन और भिरवा गांव से पैसा व जेवरात चोरी किया था। दोनों के खिलाफ पैकोलिया व हर्रैया थाने में तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# पैसा निकालने के दो आरोपितों को दबोचा

दुबौलिया, हिसं। दुबौलिया व स्वॉट की संयुक्त टीम ने एटीएम बदलकर खाते से पैसा निकालने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपितों के कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी की पल्सर बाइक, एक एटीएम कार्ड, दो कट्टा-कारतूस व 600 रुपये नगद बरामद किया है। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय व थाना प्रभारी विनोद कुमार ने रविवार को धरपकड़ का खुलासा किया।

दुबौलिया थाना क्षेत्र के चकोही निवासी शीला देवी ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि एसबीआई ब्रांच दुबौलिया बाजार पर वह एटीएम से पैसा निकालने 24 मई को गई थीं। पैसा निकालते समय पीछे खड़े अज्ञात लोगों ने धोखाधड़ी करके उनका पिन नंबर देख लिया। इसके बाद उनका एटीएम



रविवार को एटीएम बदलकर पैसा निकालने के आरोपितों की धरपकड़ का खुलासा करते सीओ हर्रैया व एसएचओ दुबौलिया। ● हिन्दुस्तान

कार्ड भी बदलकर उनके खाते 55 हजार रुपया निकाल लिया। पुलिस ने आईपीसी 420 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी।

रविवार को दुबौलिया थाना व स्वॉट की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी हर्रैया थाना के बड़हर खुर्द गांव निवासी रोहित पांडेय व फरेंदा जागीर गांव निवासी शेखर मिश्रा को दुबौलिया कस्बे से गिरफ्तार कर लिया।

दोनों पर आईपीसी 467, 468, 471, 411, 413, 3/ 25 आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एसपी ने थानेदारों के साथ बैठक कर कांवड़ यात्रा को लेकर ट्रैफिक डायवर्जन की तैयारियों का लिया जायजा

# स्मार्ट कंट्रोल रूम से होगा यातायात का संचालन




बस्ती, निज संवाददाता। कांवड़ यात्रा को लेकर रविवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान थानेवार की गई तैयारियों की जानकारी ली गई। कावड़ यात्रा के दौरान यातायात को सुगम बनाने के लिए 23/ 24 जुलाई की रात्रि से 26/ 27 जुलाई की रात तक जनपद के फोरलेन पर व शहर के भीतर रूट डायवर्जन प्रभावी रहेगा।

बैठक में एसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर कांवड़ यात्रा मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहेगा। ऐसे में सड़क मार्ग के किनारे चौड़े स्थानों पर ही पार्किंग स्थल चिह्नित कर आवश्यक तैयारियां समय से पूरी की जाएं। पार्किंग संचालन के लिए संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर पार्किंग की व्यवस्था सुनियोजित रूप से कर लें। सभी पार्किंग स्थलों पर इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पार्किंग स्थल में इंट्री व एग्जिट प्वाइंट अलग-अलग हो।

एसपी ने कहा कि यात्रा काल के दौरान यातायात का संचालन स्मार्ट कंट्रोल रूम (सीसीटीवी कैमरा एवं वायरलेस सेट) के माध्यम से किया जाएगा। कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत आने वाले यात्रियों के लिए पुलिस से सम्बन्धित चेतावनी व संकेतक बोर्ड इत्यादि को अपने-अपने थाना क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से लगवाना सुनिश्चित करें। निर्देश दिया कि यात्रा के दौरान आवश्यक सेवाओं के वाहनों को न रोका जाए और उन्हें शहर में प्रवेश की अनुमति होगी। स्थानीय जनमानस को असुविधा से बचाने के लिए उनके वाहनों के पास बनाकर शहर में प्रवेश की अनुमति देने की कार्ययोजना तैयार कर ली जाए।



पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में रविवार को कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर एसपी आशीष श्रीवास्तव ने एएसपी, सीओ व थानेदारों संग बैठक की। • हिन्दुस्तान

### तलवार, डंडा, त्रिशूल यात्रा में रहेगा प्रतिबंधित

बैठक के दौरान एसपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा में तलवार, डंडा, त्रिशूल इत्यादि को लेकर आना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस विषय में थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कांवड़ यात्रा के दौरान रूट डायवर्जन के अनुसार यातायात का संचालन किया जाएगा। बैठक में एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सभी सर्किल के सीओ, एलआईयू इंस्पेक्टर, सभी थानेदार, हाईवे के चौकी प्रभारी आदि शामिल रहे।

# पड़ोसी जिलों के भी 283 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

**सुरक्षा**

बस्ती, निज संवाददाता। कावड़ यात्रा के दौरान जनपद में रेंज के अन्य जनपदों से पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

डीआईजी आरके भारद्वाज ने बताया कि परिक्षेत्र के सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर जनपद से एक एएसपी और दो सीओ सहित कुल 283 पुलिस कर्मी आवंटित किए गए हैं। इसमें सिद्धार्थनगर से एक एएसपी, एक सीओ, चार इंस्पेक्टर, 36 सब इंस्पेक्टर, दो महिला सब इंस्पेक्टर, 110 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 12 महिला कांस्टेबल, चार ट्रैफिक कांस्टेबल और एक फायर टेंडर आवंटित किया गया है।

संतकबीरनगर से एक सीओ, दो इंस्पेक्टर, 24 सब इंस्पेक्टर, एक महिला एसआई, 70 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, आठ महिला कांस्टेबल, एक टीएसआई, चार ट्रैफिक कांस्टेबल, एक फायर टेंडर बस्ती को आवंटित हुआ।

### विहिम कांवड़ियों पर बरसाएगा फूल

बस्ती। विश्व हिन्दू महासंघ की बैठक रविवार को अमहट घाट स्थित शिव मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में श्रावण मास में कावरियों की सेवा, स्वागत, दवा, प्रसाद वितरण के साथ ही हर स्तर पर सहयोग व उन पर फूलों की वर्षा कराये जाने का निर्णय लिया गया। मण्डल प्रभारी सरयू प्रसाद शुक्ल और गोरक्ष प्रान्त के प्रभारी राणा दिग्विजय सिंह ने कहा कि भगवान की आराधना का पर्व कांवर यात्रा शिव वंदना का बड़ा उत्सव है। महासंघ के कार्यकर्ता उनका स्वागत और सहयोग करेंगे। बैठक में जिला महामंत्री विन्दु गोपाल त्रिपाठी, अखिलेश पटेल, अमरजीत सिंह, विजय शंकर, परसुराम साहनी, डब्लू सिंह राणा, मुन्ना सिंह, राकेश सिंह, चन्द्रेश, कृष्णानन्द, अभय दूबे, प्रमोद कुमार, अंशू पाण्डेय व अन्य शामिल रहे।

# जमीन के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

बभनान। गौर थाना के हलुआ बाजार गांव निवासी गंगाराम चौधरी ने तहरीर में बताया है कि उनका जवाहर चौधरी से जमीनी विवाद को लेकर रंजिश चली आ रही है। रविवार को जवाहर चौधरी, जितेंद्र, वीरेंद्र, दयाशंकर व घर की महिलाएं लाठी-डंडा लेकर पहुंची व मारपीट शुरू कर दिया। घर के अन्य सदस्यों को भी बुरी तरह से मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेंद्र पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# मारपीट की दो घटनाओं में दर्ज हुआ मुकदमा

**जासं.बस्ती:** गौर थाना क्षेत्र के पड़री निवासी वीरेन्द्र कुमार उपाध्याय का आरोप है गांव के विनोद कुमार, प्रमोद कुमार समेत चार ने भूमि विवाद को लेकर उन्हें व उनके बेटे के साथ मारपीट और जानमाल की धमकी दी। वहीं कप्तानगंज के बैदोलिया अजायब बिगहिया निवासी काली प्रसाद का आरोप है गांव के जैसराज व पार्वती ने मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# यातायात व्यवस्था को बनाएं सुगम : एसपी

## कांवड़ यात्रा के दौरान 23 की रात से 26 जुलाई की रात तक रहेगा रूट डायवर्जन

**जासं, बस्ती :** कांवड़ यात्रा को लेकर रविवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान थानेवार की गई तैयारियों की जानकारी ली गई। कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात को सुगम बनाने के लिए 23 जुलाई की रात से 26 जुलाई की रात तक फोरलेन व शहर के भीतर रूट डायवर्जन प्रभावी रहेगा।



कांवड यात्रा को देखते भद्रेश्वरनाथ शिव मंदिर पर तैयारियों को जायजा लेते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ● जागरण

एसपी ने कहा कि लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर कांवड़ यात्रा मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहेगा। ऐसे में सड़क मार्ग के किनारे चौड़े स्थानों पर ही पार्किंग स्थल चिह्नित कर आवश्यक तैयारियां समय से पूरी की जाएं। सभी पार्किंग स्थलों पर इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पार्किंग स्थल में एंट्री व एग्जिट प्वाइंट अलग-अलग हों।

यात्रा काल के दौरान यातायात का संचालन स्मार्ट कंट्रोल रूम (सीसी कैमरा एवं वायरलेस सेट) के माध्यम से किया जाएगा। कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत आने वाले यात्रियों के लिए पुलिस से सम्बन्धित चेतावनी व संकेतक बोर्ड इत्यादि को अपने-अपने थाना क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से उपलब्ध सुनिश्चित करें।



निर्देश दिया कि यात्रा के दौरान आवश्यक सेवाओं के वाहनों को न रोका जाए और उन्हें शहर में प्रवेश की अनुमति होगी।

स्थानीय जनमानस को असुविधा से बचाने के लिए उनके वाहनों के पास बनाकर शहर में प्रवेश की अनुमति देने की कार्ययोजना तैयार कर ली जाए।

कांवड़ यात्रा में तलवार, डंडा, त्रिशूल इत्यादि को लेकर आना प्रतिबंधित रहेगा। एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे। बाद में एसपी ने बाबा भद्रेश्वरनाथ मंदिर जाकर तैयारियों का जायजा लिया। कांवड़ियों की भीड़ के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम करने के लिए निर्देशित किया।

# रकम उड़ाने वाले दो लोग गिरफ्तार

**जासं दुबौलिया, बस्ती :** दुबौलिया पुलिस ने स्वाट टीम की मदद से एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के खाते से रकम उड़ाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एटीएम कार्ड, 600 रुपये नकद, दो कट्टा व दो कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की एक बाइक बरामद किए हैं।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने रविवार को बताया कि शनिवार को चकोही गांव निवासी शीला देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि 24 जून को दुबौलिया कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम पर पैसा निकालते समय पीछे खड़े तीन अज्ञात व्यक्तियों ने धोखाधड़ी करके पिन नंबर देखकर व एटीएम कार्ड बदल कर मेरे खाते से 55 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस मुकदमा दर्ज छानबीन कर रही थी। इस बीच रविवार को दुबौलिया कस्बे से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।



रुपयेउड़ाने वालों के बारे में बताते दुबौलिया थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ● जागरण

यह हैं रोहित पांडेय निवासी बड़हर खुर्द थाना हरैया और शिखर मिश्र निवासी फरेंदा जागिर थाना हरैया। पूछताछ के बाद दोनों ने बताया वे एटीएम के बाहर खड़े रहते हैं। मदद के नाम पर एटीएम कार्ड बदलकर खाते से रकम निकाल लेते थे। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया विनोद कुमार, स्वाट टीम प्रभारी संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक राजेश आदि थे।

# सीएम की आपत्तिजनक फोटो लगाने पर मुकदमा

**जासं. बस्ती :** रुधौली पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आपत्तिजनक फोटो वाट्सएप की डीपी में लगाने के आरोप में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। रुधौली के संदीप जायसवाल की ओर से थाने में दी गई तहरीर में बताया गया है कि एक व्यक्ति ने सीएम आदित्यनाथ की आपत्तिजनक फोटो अपने वाट्सएप की डीपी पर लगाई। है। आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# महिला उत्पीड़न के दो मामलों में मुकदमा दर्ज

**जासं, बस्ती:** दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरैया अतिबल निवासी प्रमिला देवी का आरोप है पारिवारिक विवाद को लेकर खाना खाते समय ननद कांती, सास बेचना देवी, देवर अजीत व जेठानी पुष्पा ने खाने में पानी डाल दिया। विरोध करने पर मारपीट कर धमकाया। वहीं कप्तानगंज पुलिस ने अख्तारून्निशा की तहरीर पर कप्तानगंज के हरदी खास निवासी सैदा के विरुद्ध प्रताड़ित करने व मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा

**जासं,गोटवा, बस्ती :** नगर पुलिस ने पुश्तैनी जमीन में घारी का निर्माण को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

थानाक्षेत्र के हथिया निवासी प्रहलाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि वह अपनी पुश्तैनी जमीन में घारी का निर्माण करवा रहे थे। तभी गांव के अमरजीत, रामजीत व शांति देवी पत्नी रामकेश अपशब्द कहने लगे।

विरोध किया तो वह लोग एक राय होकर उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। पुरानी दीवाल को भी गिरा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा

**जासं,गोटवा, बस्ती:** नगर पुलिस ने पुश्तैनी जमीन में घारी का निर्माण को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

थानाक्षेत्र के हथिया निवासी प्रहलाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि वह अपनी पुश्तैनी जमीन में घारी का निर्माण करवा रहे थे। तभी गांव के अमरजीत, रामजीत व शांति देवी पत्नी रामकेश अपशब्द कहने लगे।

विरोध किया तो वह लोग एक राय होकर उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। पुरानी दीवाल को भी गिरा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# सावन का पहला सोमवार आज, व्यवस्था चुस्त

## कांवड़ यात्रा में त्रिशूल तलवार, डंडे प्रतिबंधित



पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रसिद्ध भद्रेश्वर नाथ मंदिर का मुआयना किया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के संबंध में रविवार को पुलिस लाइंस में एसपी आशीष श्रीवास्तव ने गोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कांवड़ यात्रा में त्रिशूल, तलवार व डंडे साथ ले जाने पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

कांवड़ यात्रा के संबंध में थानेदारों व अधिकारियों से तैयारी की जानकारी ली गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। गोष्ठी में बताया गया कि यात्रा मार्ग पर यातायात के अत्यधिक दबाव के कारण यथासंभव सड़क मार्ग के किनारे चौड़े स्थानों पर ही पार्किंग स्थल बनाए जाएं। पार्किंग संचालन के लिए सभी संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर लिया जाए।

इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पार्किंग स्थल में प्रवेश एवं निकास अलग-अलग हों। यात्रा काल के दौरान यातायात का संचालन स्मार्ट कंट्रोल रूम (सीसीटीवी कैमरा एवं वायरलैस सेट) के माध्यम से संचालित किया जाए। पुलिस से संबंधित चेतावनी एवं संकेतक बोर्ड इत्यादि को थाना क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से लगाए जाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। यात्रा के दौरान आवश्यक सेवाओं के वाहनों को न रोकने तथा उन्हें शहर में प्रवेश की अनुमति देने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

### स्थानीय लोगों के आवागमन के लिए जारी होंगे पास

कांवड़ यात्रा के दौरान स्थानीय जनमानस को असुविधा से बचाने के लिए उनके वाहनों के पास बनाकर शहर में प्रवेश की अनुमति देने के संबंध में कार्य योजना तैयार करने को कहा गया। कांवड यात्रा में तलवार, डंडे, त्रिशूल इत्यादि को लेकर आना पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। एएसपी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, निरीक्षक प्रज्ञान एवं हाईवे के समस्त चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## वाहनों के लिए 23 जुलाई से 72 घंटे बंद रहेगा अयोध्या-गोरखपुर फोरलेन

### गोरखपुर से जाने वाले वाहन खलीलाबाद से बखिरा की तरफ मोड़ दिए जाएंगे

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कांवड़ यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर आगामी 23 जुलाई से 72 घंटे तक अयोध्या-गोरखपुर फोरलेन वाहनों के लिए बंद रहेगा। लिहाजा चार दिन तक खलीलाबाद और अयोध्या से बस्ती की तरफ कोई वाहन नहीं जाने दिया जाएगा।

23 जुलाई की आधी रात से 26 जुलाई को आधी रात तक फोरलेन सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद रहेगा। इस दौरान गोरखपुर से होकर फैजाबाद लखनऊ आने-जाने वाले वाहन परिवर्तित मार्ग से चलाए जाएंगे। इस बार ध्यान रखा जा रहा है कि कांवड़ यात्रियों को किसी भी तरह की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए।

कांवड़िए अयोध्या से सरयू का जल लाकर 26 जुलाई को तेरस पर बस्ती के भद्रेश्वरनाथ समेत विभिन्न शिवालयों में भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। डीआईजी आरके भारद्वाज के अनुसार 23 जुलाई से ही कांवड़िए अयोध्या के लिए रवाना होने लगेंगे। वापसी 25 जुलाई की रात तक होगी। इसके चलते गोरखपुर-लखनऊ फोरलेन संतकबीरनगर-बस्ती से अयोध्या के बीच चार दिन बंद रहेगा।

श्रावण शिवरात्रि का मुख्य पर्व तेरस 26 जुलाई को है। लाखों की संख्या में कांवड़िए अयोध्या स्थित नए घाट जाते हैं और वहां से जल लेकर पैदल यहां भद्रेश्वरधाम आते हैं। अधिकारियों का कहना है कि 23 जुलाई की रात से ही भारी वाहन का संचलन रोक दिया जाएगा।

एंबुलेंस व शव वाहन नहीं रोके जाएंगे। एक तरफ का टू लेन कांवड़ियों के लिए तो व दूसरी तरफ का पुलिस व प्रशासनिक वाहनों की आवाजाही के लिए होगा। सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए जाएंगे। सुरक्षा प्लान को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

### 23 जुलाई से ही अयोध्या के लिए रवाना होने लगेंगे कांवड़ यात्री

### विश्व हिंदू महासंघ करेगा कांवड़ियों पर फूलों की वर्षा

**बस्ती।** विश्व हिंदू महासंघ कांवड़ियों पर फूलों की बरसात करेगा। यह निर्णय रविवार को अमहट घाट स्थित शिव मंदिर परिसर में महासंघ की बैठक में लिया गया। जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में श्रावण मास में कांवड़ियों की सेवा, स्वागत, दवा और प्रसाद वितरण के साथ ही हर स्तर पर सहयोग करने का निर्णय लिया गया। मंडल प्रभारी सरयू प्रसाद शुक्ल और गोरक्ष प्रांत के प्रभारी राणा दिग्विजय सिंह ने कहा कि भगवान की आराधना का पर्व कांवर यात्रा एक बड़ा उत्सव है। बैठक में मुख्य रूप से महासंघ के जिला महामंत्री बिंदु गोपाल त्रिपाठी, अखिलेश पटेल, अमरजीत सिंह, विजय शंकर शुक्ल व परशुराम सहानी आदि मौजूद रहे। संवाद

### फोरलेन के डायवर्जन का खाका

- गोरखपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को संतकबीरनगर से डायवर्ट कर बखिरा, नंदौर, खेसरहा, बांसी होते हुए आगे रवाना किया जाएगा।
- गोरखपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन (सरकारी बस) बस्ती बड़ेबन ओवरब्रिज से मनौरी, बेवा चौराहा (डुमरियागंज) से उतरौला, गोंडा होते हुए लखनऊ जाएंगी।
- आंबेडकरनगर-टांडा से बस्ती की तरफ आने वाले वाहनों को कलवारी-धनघटा मार्ग पर डायवर्ट किया जाएगा।
- लखनऊ, फैजाबाद की तरफ से आने वाले वाहनों को कटरा, लकड़मंडी से नवाबगंज मनकापुर की ओर और गोंडा से आने वाले वाहनों को नवाबगंज से ही डायवर्ट कर मनकापुर, उतरौला, डुमरियागंज, बांसी, नन्दौर, बखिरा होते हुए गोरखपुर भेजे जाने की व्यवस्था होगी।
- लखनऊ-बाराबंकी की तरफ से गोरखपुर व बस्ती की तरफ जाने वाले वाहनों को रोककर सुविधानुसार डायवर्ट करने की व्यवस्था होगी।

### कांवड़ यात्रा के लिए 283 पुलिसकर्मी बस्ती को मिले

**बस्ती।** कांवड़ यात्रा के दौरान जनपद में शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपी स्तर से अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई है। जिसके क्रम में डीआईजी आरके भारद्वाज ने बताया कि परिक्षेत्र के सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर जनपद से एक अपर पुलिस अधीक्षक व 02 पुलिस उपाधीक्षक सहित कुल 283 पुलिस कर्मी आवंटित किए गए हैं। जिसमें सिद्धार्थनगर जनपद से एक एएसपी, एक सीओ, चार इंस्पेक्टर, 36 सब इंस्पेक्टर, दो महिला सब इंस्पेक्टर, 110 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 12 महिला कांस्टेबल, चार ट्रैफिक कांस्टेबल और एक फायर टेंडर आवंटित किया गया है। इसी प्रकार जनपद संतकबीरनगर से एक सीओ, दो इंस्पेक्टर, 24 सब इंस्पेक्टर, एक महिला एसआई, 70 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, आठ महिला कांस्टेबल, एक टीएसआई, चार ट्रैफिक कांस्टेबल, एक फायर टेंडर बस्ती के लिए भेजा जाएगा। डीआईजी ने बताया कि सभी पुलिस कर्मियों को निर्धारित ड्यूटी के समय से एक घंटे पहले पुलिस लाइंस बस्ती में आमद कराने को कहा गया है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2022

# सीमावर्ती क्षेत्रों में खाद की तस्करी से संकट

**परसा (एसएनबी)**। भारतीय यूरिया से नेपाल के किसानों की फसल लहलहा रही है। नेपाल के किसान भारत से खाद की तस्करी कर सब्सिडी को चूना लगा रहे हैं। सीमा में पड़ने वाली पडंडियों से नेपाल में खाद व अन्य पदार्थों की तस्करी पर अंकुश नहीं ल पा रहा है। भारत-नेपाल की 68 किलोमीटर सीमा में कई पडंडियां हैं। इनमें से कई पडंडियों पर ,स,सबी की चौकियां स्थापित हैं तो कुछ पर चौकी नहीं है जिसकी निरानी ,स,सबी के जवान लातार करते हैं।

ढ़ेबरुआ व शोहरतढ़ थानो में भारत-नेपाल की खुली सीमा पर कई पडंडियां हैं जिनसे खाद व अन्य पदार्थों की तस्करी अक्सर होती रहती है ।मी। इलाकों के र्मो से तस्कर बेरोकटोक खाद की तस्करी कर रहे हैं। क्षेत्र के तुलसियापुर, केवटलिया, बानं, नेशपुर, सिसवा व ग्रामीणों सहित आदि जहों पर स्थित खाद की दुकानों से तस्करों को आसानी से 350-450 रुप, की दर से यूरिया खाद मिल जा रही है और तस्कर इन खादों को भारत-नेपाल की सीमा पर भारत में स्थित सीमावर्ती गांवों सें मौका देखकर खाद को नेपाली सीमा में पहुंचा दे रहे हैं और नेपाल में 800-1000 रुप, तक की दर से यूरिया बेच रहे हैं ।नेपाल से भारत के रोटी-बेटी के संबंध का भी खाद की तस्करी में प्रयो होता है। सीमा से सटे क्षेत्र में रहने वाले लोगों का कहना है कि एसएसबी के जवानों व पुलिस से बचकर कुछ लो खाद व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं। उनका यह भी कहना है कि भारत की यूरिया से नेपाल देश के किसानों की फसलें लहलहा रही हैं ।भारत-नेपाल की 68 किलोमीटर सीमा पूरी तरह से खुली है। यहां बिना रोक-टोक के लो इस पार से उस पार आते-जाते हैं। इस सुविधा का दुरुपयो तस्कर करते चले आ रहे हैं। ये भारत और नेपाल में डिमांड और वस्तु की कमी के हिसाब से तस्करी करते हैं। मौजूदा समय में सीमा पर

# न्यायालय में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाए- एसपी

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने अपराध गोष्ठी में थानेदारों को चिन्हित किये गए टप 10 पेशेवर माफियाओंध्अपराधियो को सजा दिलाने के लिए उ न्यायालय में प्रभावी रूप से पैरवी करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपस्थित सभी को निर्देश दिया कि थानों पर आने वाले लोगो के साथ अच्छा व्यवहार करें,उनके समस्याओं को सुने तथा समस्याओं समाधान करें।आगामी त्योहारों को सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गोष्ठी में समस्त थानों के हेड मोहर्रिर, सीसीटीएनएस आपरेटर, कोर्ट मोहर्रिर, न्यायालय पैरवीकार व मानीटरिंग सेल/ सम्मन सेल/न्यायालय सम्मन सेल के समस्त कर्मी क्षेत्राधिकारी आदि मौजूद रहे। इसके अतरिक्त समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष गूगल मीट के माध्यम से प्रतिभाग किये।



फोटो : एसएनबी

# पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

इटवा (एसएनबी) । स्थानीय पुलिस ने ग्राम गंगवल में दो पक्षों में मारपीट की घटना में हुए महिला की मौत के पांच आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त जानकारी प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम रविवार को सुबह मुखबिर ने सूचना दिया कि ग्राम गंगवल में हुए घटना के आरोपी अपने घर से भागने की फिराक में है। इस सूचना पर मुअसं- 101/2022 धारा 147, 149, 323, 302 आईपीसी से संबंधित अभियुक्तगण लाल जी शर्मा पुत्र भगवती प्रसाद शर्मा , बृजभान शर्मा पुत्र भगवती प्रसाद शर्मा, दुर्गा प्रसाद पुत्र बृजभान, रोहित पुत्र बृजभान, उदय राज पुत्र भगवती प्रसाद निवासीगण ग्राम गंगवल थाना इटवा को पुलिस टीम के साथ उनके घर पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया ।

# दो अभियुक्त गिरफ्तार

डुमरियागंज (एसएनबी)। थाना डुमरियागंज में पंजीकृत मु.अ.सं. - 138/2022 धारा 379, 411 आईपीसी से संबंधित वांछित 2 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना डुमरियागंज के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना डुमरियागंज में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 138/2022 धारा 379, 411 आईपीसी से संबंधित 2 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम शिवराज पुत्र राधेश्याम साकिन चौकानिया थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर व आजम पुत्र बरकत हुसैन साकिन चौकनिया थाना डुमरियागंज है।

# बकरा चोरी करते दो शातिर गिरफ्तार

**बांसी (एसएनबी)।** कोतवाली क्षेत्र के सोनखर में रविवार को दिनदहाड़े बकरा चुराने की कोशिश करते दो चोरों को ग्रामीणों ने मौके पर ही दबोच लिया। सूचना पर मय टीम पहुंचे कोतवाली प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने दोनों को कब्जे में ले लिया। पकड़े गये अभियुक्तों की पहचान अतिंद्र पासवान पुत्र मुन्ना प्रसाद व हसन पुत्र साजिद अहमद ग्राम चौरा, थाना चौराचौरी जनपद गोरखपुर के रूप में हुई। पुलिस ने मुअसं 189/ 22 धारा 379/411 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर दोनों को न्यायालय भेज दिया। चोरों के पास से बरामद चाकलेटी कलर काबकरा व वैगन आर कार यूपी 52 क्यू 9188 को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। एसआई चंद्र प्रताप सिंह, हे कां. सुभाष चंद्र, शैलेश कुमार व पवन कुमार मौर्य उक्त कार्रवाई में शामिल थे।

# एसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

क्रासर- मातहतों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**गोल्हौरा (एसएनबी)**। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने गोल्हौरा थाने का औचक निरीक्षण किया, जिससे पुलिसकर्मी भौचक्के रह गए।

अपरा लगभग 1.30 बजे इटवा की ओर से अचानक एसपी श्री आनन्द गोल्हौरा थाने पर पहुंचे गए। अपनी गाड़ी से उतरकर वे सबसे पहले महिला डेस्क पर पहुंचे। डेस्काधिकारी महिला कांस्टेबल रविता यादव से रजिस्टर लेकर वे निरीक्षण करने लगे। जिसमें दर्ज मामलों के बारे में उनसे पूंछताछ किया, और निर्देश दिए कि पीड़ितों से फोन कर फीडबैक लेते रहें, और रजिस्टर में दर्ज करें। उसके बाद वे कार्यालय में पहुंचकर अपराध रजिस्टर, मालखाना, हवालात आदि को देखकर हेडमोहर्रिर उमेश चन्द्र उपाध्याय को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कम्प्यूटर कक्ष में आपरेटर कांस्टेबल अनुज शुक्ल से भी पूंछताछ किये। तत्पश्चात परिसर में खड़े मुकदमाती वाहनों के रखरखाव के संबंध में भी निर्देश दिया, और थाना भवन के पीछे पोखरे में गन्दगी देख उसकी सफाई के लिए हिदायत दिए। परिसर व कार्यालय की साफ-सफाई पर प्रसन्नता जाहिर किये। उनके लगभग 15 मिनट के निरीक्षण में मातहतों की घिग्घी बंधी रही। निरीक्षण के दौरान उक्त के अलावा दिवसाधिकारी उपनिरीक्षक रामनाथ, उपनिरीक्षक जालन्धर प्रसाद, मोहर्रिर हरेंद्र प्रजापति व राजन सिंह आदि मौजूद रहे।




गोल्हौरा थाने पर अपराध रजिस्टर का निरीक्षण करते एसपी। फोटो : एसएनबी

# 21 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में कमी पाए जाने, यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 21 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 23500 रुपये शमन शुल्क वसूली की कार्रवाई की गई।

# मारपीट में हुई महिला की मौत में पांच लोग गिरफ्तार

- इटवा थाना क्षेत्र के गंगवल गांव में शुक्रवार रात हुई थी घटना
- रविवार को इटवा पुलिस ने गांव से ही पांचों को किया गिरफ्तार

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। इटवा क्षेत्र के गंगवल गांव में शुक्रवार की रात हुई मारपीट में घायल महिला की मौत के मामले में पुलिस ने रविवार को पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

इंस्पेक्टर बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि गंगवल गांव निवासी राम अचल शर्मा व उनके सगे भाइयों में लालजी शर्मा आदि से काफी दिनों से मकान से लगे जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उसी रंजिश में शुक्रवार रात दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। इसमें राम अचल की पत्नी शोभा देवी(55) के सिर में गंभीर चोट लग गई थी। इलाज के लिए पीएचसी खुनियांव ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। मृतका के पुत्र विक्रांत की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित लालजी शर्मा, बृजभान शर्मा, दुर्गा प्रसाद, रोहित, निरहुआ, घूरहू, समकल्ला, उदयराज शर्मा, सोनी, मोनी, छोटू, रवि, आरती, विशाल, गुड़िया सहित 16 लोगों पर केस दर्ज कर लिया था। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को पुलिस टीम ने गंगवल गांव से लालजी शर्मा, बृजभान शर्मा, दुर्गा प्रसाद, रोहित, उदयराज को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई अजय यादव, मोतीलाल, मुख्य आरक्षी इमामुदीन, नागेन्द्र गौंड़, आरक्षी धर्मवीर, पप्पू आदि रहे।

## 10-10 हजार के इनामिया दो भाई गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। कठेला समय माता पुलिस ने रविवार को 10-10 हजार के इनामियां दो गोतस्करों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों सगे भाई हैं। प्रभारी निरीक्षक सौदागर राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार सुबह क्षेत्र के इमिलिया जनूबी गांव निवासी दिलीप गिरि उर्फ लालू व इंद्रजीत गिरि उर्फ पप्पू पुत्र स्व. गौरी गिरि को गिरफ्तार कर लिया।

# एसपी ने मातहतों संग माफियाओं को सजा दिलाने को लेकर किया मंथन

सिद्धार्थनगर। एसपी अमित कुमार आनंद ने रविवार को पुलिस लाइंस सभागार में कॉप ऑफ द मंथ, ऑपरेशन क्लीन व चिन्हित माफिया, टॉप-10 अपराधियों के खिलाफ न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सजा कराने को लेकर मातहतों संग बैठक की। उन्होंने मातहतों को निर्देशित किया कि माफियाओं के खिलाफ विशेष पैरवी करें।

जिले में कानून व्यवस्था, जनता में पुलिस की छवि में सुधार व विधिक कार्यों में पुलिस के कार्यों में गुणवत्ता लाने के लिए निर्धारित कॉप ऑफ द मंथ, लावारिश-मुकदमाती आदि वाहनों के निस्तारण के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान व जनपद के चिन्हित माफियाओं, टाप-10 अपराधियों के खिलाफ न्यायालय में पैरवी कर दोष सिद्ध कराने के लिए निर्धारित किए गए उत्तरदायित्व, कर्तव्यों के संबंध में चर्चा कर दिशा-निर्देश दिया।

---

# बकरा चोरी करते दो धराए

बांसी। बांसी पुलिस ने बकरा चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के सोनखर चौराहे के पास एक कार से दो युवक उतरे और भूरे रंग के एक बकरे को उठाकर अपने गाड़ी में रखने लगे।

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। बर्डपुर बाजार में किराने व ज्वेलरी की दुकान में हुई चोरी के मामले का मोहाना पुलिस ने खुलासा किया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर नगदी व सामान बरामद की है। पूछताछ में उनकी पहचान बर्डपुर निवासी आसिफ हकीम व सहजनवा निवासी वीरेन्द्र उर्फ भुवाल के रूप में हुई।

# एक परिवार को बिखरने से बचाया

सिद्धार्थनगर। महिला थाना पर रविवार को नई किरण का आयोजन कर एक परिवार को बिखरने से बचाया गया। नई किरण में तीन मामले आए। इसमें से सुलह समझौते के आधार पर रोली पत्नी संदीप निवासी रैनाजोत थाना बांसी संग रहने को राजी हो गए।

# मारपीट व हत्या के मामले में पांच गिरफ्तार

**जासं, इटवा :** ग्राम गंगवल में शुक्रवार की रात आपसी रंजिश में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और महिला की मृत्यु के मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने 16 लोगों के विरुद्ध हत्या एवं अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

गांव निवासी राम अचल व उनके पट्टीदार लालजी शर्मा आदि के बीच काफी दिनों से रंजिश चल रही थी। घटना की रात बाजा बजाने को लेकर फिर से विवाद हो गया। विवाद मारपीट में बदल गया और लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में 55 वर्षीय शोभा देवी की मृत्यु हो गई। जबकि सात अन्य घायल हुए। शोभा देवी के सिर के पीछे चोट लगी थी, जिससे उनकी जान चली गई, जबकि पूरे जिस्म में कहीं और चोट के निशान नहीं मिले। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने घटना का मुआयना करते हुए पूछताछ की और पुलिस को आवश्यक कार्यवाही संबंधित निर्देश दिए। पुलिस ने लालजी शर्मा, बृजभान, दुर्गा प्रसाद, रोहित, निरहुआ, समकल्ला, उदय राज, भगवती प्रसाद, सोनी, मोनी, छोटू, रवि, नेबुआवाली, आरती, विशाल व गुड़िया कुल 16 आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया, जिसमें से लालजी, उदयराज, बृजभान, रोहित व दुर्गा प्रसाद को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपितों की गिरफ्तारी में पुलिस टीम लगी हुई है।

# अंतरजनपदीय गिरोह के सदस्यों से पूछताछ करेगी पुलिस

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : चिल्हिया थाना में मनी एक्सचेंज कारोबारी के साथ हुई 16.50 लाख की लूट मामले के सात आरोपितों को एसटीएफ टीम ने लखनऊ में धर दबोचा है। यह गिरोह सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, महराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में घटना को अंजाम देते रहे। पूछताछ में इन्होंने कई अहम जानकारियां दी हैं। वहीं चिल्हिया पुलिस ने भी इन्हें वारंट-बी (पूछताछ के लिए पुलिस अभिरक्षा में दूसरे जनपद में ले जाने की अनुमति) पर लेने के लिए न्यायालय में पैरवी शुरू कर दी है। रेकी करने में सहयोग करने वाले के संबंध में जानकारी प्राप्त की जाएगी।

एसटीएफ लखनऊ की टीम ने बीबीडी थाना क्षेत्र से शाहपुर थाना के बिछिया निवासी रामप्रवेश राजभर, चंद्रशेखर राजभर, कूड़ाघाट के जितेंद्र पासवान, सिंहासनपुर के रजनीश मिश्रा, खोराबार के अनिल पासवान, महराजगंज के नौतनवा थाना के मधुबन नगर के प्रवीण चौहान, मधुरनगर के संजय कुमार को गिरफ्तार किया। इनके पास से रिवाल्वर, पिस्टल, तमंचा और कारतूस के साथ लूटे गए रुपये, घटना में प्रयुक्त कार बरामद किया। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बैंकों के 20 एटीम कार्ड भी मिले।

पूछताछ में इन्होंने बताया कि वह सीमावर्ती जनपद में भारतीय व नेपाली मुद्रा को बदलने का काम करने वाली कंपनियों के कर्मचारियों पर नजर रखते थे। पकड़े गए बदमाशों ने 24 दिसंबर 2021 को महराजगंज में कोल्हुई बाजार के पास, 16 मई को गोरखपुर के मानीराम क्रॉसिंग के पास और 14 जून को चिल्हिया थाना क्षेत्र के गौरा बाजार मार्ग पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। बरामद रिवाल्वर की चोरी बिहार के सीतामढ़ी से किया था। इसके संबंध में वहां के थाना में मुकदमा दर्ज है।



- **14 जून को चिल्हिया थाना क्षेत्र में 16.50 लाख की लूट की घटना को दिया था अंजाम**
- **सीमावर्ती जनपद के मनी एक्सचेंज कारोबारी को बनाते थे निशाना**
- **एसटीएफ लखनऊ की टीम ने सात आरोपितों को किया है गिरफ्तार**

> चिल्हिया थाना क्षेत्र में लूट की घटना करने वाले शातिर अपराधी हैं। इनके लखनऊ में पकड़े जाने की सूचना मिली है। संबंधित थाना को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। न्यायालय से वारंट-बी प्राप्त कर उन्हें यहां लाया जाएगा। कई अनुत्तरित प्रश्नों के उत्तर पूछे जाएंगे।
>
> **अमित कुमार आनंद**, पुलिस अधीक्षक

## दो इनामी गो तस्कर गिरफ्तार

**बढ़या** : रविवार को कठेला पुलिस ने दो गो तस्कर को गिरफ्तार किया, जिनके ऊपर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। प्रभारी निरीक्षक सौदागर राय ने बताया कि दिलीप गिरी उर्फ लालू व इंद्रजीत गिरी उर्फ पप्पू निवासी इमिलिया जनूबी को सोनबरसा पुल के पास गिरफ्तार किया गया। दोनों इनामिया गो तस्कर थे। विधिक कार्यवाही के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# बांसी में पकड़े गए चौरीचौरा के बकरा चोर

**जागरण संवाददाता, बांसी** : कोतवाली के सोनखर से सड़क किनारे चर रहे एक बकरा को चुरा कर भाग रहे दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। यह दोनों कार से लेकर जा रहे थे। पकडे. गए दोनों शातिर बकरा चोर हैं। जो ग्रामीण क्षेत्रों से बकरा चुराते हैं और उसे गोरखपुर ले जाकर बेंच देते हैं। आरोपित अतिंद्र पासवान पुत्र मुन्ना प्रसाद व हसन पुत्र साजिद अहमद ग्राम चौरा थाना चौरी चौरा गोरखपुर के निवासी हैं।

रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे सोनखर गांव निवासी एकबाल का बकरा सोनखर हाटा मार्ग के किनारे चर रहा था। कार सवार दोनों चोर कुछ दूर पर कार रोक कर उतरे और उसे घेर कर पकड़ लिए। कार में भरते समय ग्रामीणों ने उन्हें देख लिया और दौड़ा लिया। सभी कार छोड़ भागने लगे। कुछ दूर पर ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया तथा पुलिस को सिपुर्द कर दिया। कोतवाल भानू प्रताप सिंह को पूछताछ में सभी ने बताया कि उनका बकरा चोरों का एक गैंग है, जो बकरों को चुरा कर अच्छे पैसों में गोरखपुर जनपद की विभिन्न मंडियों में बेचता है। कोतवाल ने बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया तथा उनके बताए अनुसार बकरा चोरी गैंग के अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए टीम गठित की जा रही है।



बांसी पुलिस की गिरफ्त में बकराचोरीके आरोपित

# छह क्विंटल लहन व 46 लीटर कच्ची बरामद

**सिद्धार्थनगर** : जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु के नेतृत्व में रविवार को मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के कई गांवों में दबिश दी। शुभोली, रतनपुर, ओदनवताल, कनकटी, मंझरिया गांव से छह क्विंटल लहन व 46 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। लहन व शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गए। आबकारी निरीक्षक मुकेश शर्मा, अजय, राममहेश सिंह आदि मौजूद रहे।

**तस्करी की मटर के साथ एक धराया**

**लोटन** : लोटन थाना की पुलिस ने पिकअप पर लदे 94 बोरी मटर के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। आरोपित का नाम महराजगंज के थाना कोल्हुई के चैनपुर गांव निवासी बलवंत भारती है। वह मटर की तस्करी करके नेपाल से ला रहा था।

# बांसी पुलिस ने किया अर्ध विक्षिप्त का अंतिम संस्कार

**जासं, बांसी** : बांसी कोतवाली पुलिस ने कम्युनिटी पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत किया। रविवार को एक अर्ध विक्षिप्त का अंतिम संस्कार किया। उसका शव काफी देर तक एनएच पर पड़ा रहा। पुलिस ने पहले उसका पोस्टमार्टम कराया और उसके बाद राप्ती तट पर विधिविधान से अंतिम संस्कार किया। नगर के मोहल्लों में कई दिनों से एक अर्ध विक्षिप्त घूम रहा था।

सुबह लोगों ने उसका शव एनएच के किनारे पड़ा देखा। पुलिस को सूचना दी तो जवानों ने उसे पोसटमार्टम कराने के लिए मुख्यालय भेजा। परिवार के किसी सदस्य के नहीं होने की स्थिति में अंतिम संस्कार के लिए चिता लगवाई। एसओ बांसी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि अर्ध विक्षिप्त के परिवार में कोई नहीं है। ऐसी स्थिति में पुलिस जवानों ने स्वजन की भूमिका का निवर्हन किया।

# चोरी का सामान बरामद, दो शातिर गिरफ्तार

**जासं, बर्डपुर**: मोहाना पुलिस ने रविवार को चोरी के मामले का पर्दाफाश किया। चोरी के सामान के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से किराना की दुकान के सामान व जेवरात बरामद किया है। आरोपितों का नाम बर्डपुर बाजार निवासी आसिफ हकीम व सहजनवा निवासी विरेंद्र उर्फ भुआल है। 29 जून को बर्डपुर बाजार में स्थित दो दुकान में नकब काट कर चोरी हुई थी। किराना के सामान के साथ जेवरात उठा ले गए थे। हुई चोरी हुआ था। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम तिलकपुर मोड़ के पास रुटीन चेकिंग कर रही थी। तभी दोनों आरोपित आते हुए दिखाई दिए। जवानों ने उन्हें रोककर पूछताछ किया तो वह हड़बड़ा गए। संदेह होने पर थाना ले आए तो चोरी में संलिप्तता की जानकारी दी।

# पांच आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

इटवा। गंगवल गांव में महिला शोभादेवी की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ इटवा विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि गंगवल निवासी लालजी शर्मा, बृजभान शर्मा, दुर्गा प्रसाद, रोहित व उदय राज को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। संवाद

**आरोपित को नहीं पकड़ सकी पुलिस :**

**बढ़या** : कटेला पुलिस ने रविवार को अपृहता लड़की को तो खोज निकाला पर आरोपित को पकड़ने में असफल रही। थानांतर्गत एक गांव में लड़की को युवक भगा ले गया था, तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों की तलाश में जुटी थी। उप निरीक्षक विजय प्रताप यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कटेला गर्वी टोला पटना स्थित नहर पुलिया से लड़की को पकड़ लिया जबकि आरोपित फरार बताया गया है।

# जल्द चलेगा जनपद पुलिस का आपरेशन क्लीन : एसपी

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में कोर्ट मोहर्रिर व न्यायालय पैरोकार के साथ समीक्षा बैठक की। आपरेशन क्लीन चलाने की रणनीति तैयार की। काप आफ द मंथ में पुलिस कर्मियों को बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करेंगे। माफिया व टाप-10 अपराधियों के खिलाफ न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए।

एसपी ने कहा पुलिस का उत्तरदायित्व है कि वह जनपद में कानून व्यवस्था को बनाए रखें। जनता में पुलिस की बेहतर छवि तैयार की जाए। विधिक कार्यों में थाना पुलिस के कार्यों में गुणवत्ता लाने के लिए काप आफ द मंथ में बेहतर काम करने वाले कर्मी का चयन किया जाएगा। आपरेशन क्लीन में थानों में लावारिश खड़े वाहनों को निस्तारित करने की मुहिम चलेगी। न्यायालय में अपराधियों को दोषसिद्ध कराने के लिए उत्तरदायित्व सौंपेंगे।



एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइंस में बैठक की। विज्ञप्ति

# पेशेवर अपराधियों के खिलाफ हो प्रभावी पैरवी : एसपी

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि ऑपरेशन क्लीन के तहत चिह्नित माफिया, पेशेवर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी पैरवी की जाए। उनको सजा दिलाई जाए।

पुलिस लाइंस सभागार कक्ष में रविवार को हुई समीक्षा बैठक में एसपी ने मातहतों को ऑपरेशन क्लीन की जानकारी दी।

पेशेवर अपराधियों पर विधिक कार्यवाई में देरी न करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इसमें लापवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 46 लीटर कच्ची शराब बरामद



मिश्रौलिया क्षेत्र में लहन नष्ट किया गया। विज्ञप्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्घार्थनगर।** आबकारी विभाग ने रविवार को मिश्रौलिया क्षेत्र के कई गांवों में छापा मारा। 46 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। छह क्विंटल लहन नष्ट किया गया।

जानकारी के अनुसार आबकारी निरीक्षक मुकेश कुमार शर्मा की टीम ने मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम शुभोली, रतनपुर, ओदनवताल, कनकटी और मंझरिया में दबिश दी। टीम के दबिश की भनक लगते ही धंधे में लिप्त लोग फरार हो गए।

## आबकारी विभाग की टीम ने मिश्रौलिया क्षेत्र में की कार्रवाई

जमीन के अंदर गड्ढों में छुपा कर रखा गया लगभग छह क्विंटल लहन मिला, जिसे नष्ट कर दिया गया। 46 लीटर अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण को कब्जे में लिया गया है।

# बकरा चोरी करने में दो गिरफ्तार

**बांसी।** थाना क्षेत्र के सोनखर गांव में रविवार को बकरा चोरी कर कार में डालते हुए दो आरोपियों को लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। एसओ बांसी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान गोरखपुर जिले के चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरा निवासी अतिंद्र पासवान और हसन के रुप में हुई है। संवाद

# दो इनामी तस्कर गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** कठेला समय माता थाना क्षेत्र में पुलिस ने 10-10 हजार रुपये के इनामी दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तस्करों की पहचान इमिलिया जनूबी निवासी दिलीप गिरी उर्फ लालू और इंद्रजीत गिरी उर्फ पप्पू के रुप में हुई। यह जानकारी एसओ कठेला सौदागर राय ने दी। संवाद

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार



मोहाना पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी। विज्ञप्ति

सिद्धार्थनगर। मोहाना पुलिस ने रविवार को चोरी के सामान के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर बाजार में किराने व ज्वेलरी की दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही थी। रविवार को थाना क्षेत्र के तिलकपुर मोड़ के पास स्थित ईंट-भट्ठे के पास पुलिस गश्त कर रही थी। इसी बीच दो संदिग्धों को देख पुलिस ने रोककर तलाशी ली।

पूछताछ में उन्होंने अपना नाम  मोहाना थाना क्षेत्र के सहजनवा गांव निवासी वीरेंद्र उर्फ भुवाल और बर्डपुर कस्बा निवासी आसिफ हकीम बताया। उनके पास बोरी में सरसो तेल, क्रीम, दाल और नकदी चार हजार रुपये और जेवरात बरामद हुए। एसओ मोहाना संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को जेल भेज दिया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2022

# बहला-फुसलाकर युवती का अपहरण, केस

**धनघटा** । धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवती का बहला-फुसलाकर अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपहृता के भाई ने बताया कि एक दिन पूर्व शनिवार को थाना क्षेत्र के छपरामगर्वी गांव निवासी आरोपी संजीत पुत्र फूलमन नामक युवक उसकी 22 वर्षीय बहन को बहला-फुसलाकर घर से बाहर गांव के सीवान में बुला लिया और बहन का अपहरण कर उसे कहीं गुप्त स्थान पर बंधक बनाकर छिपाकर रखा है। तहरीर में बताया कि परिवार के साथ बहन की सभी सम्भावित ठिकानों एवं नात-रिस्तेदारों के यहां बहन की खोजबीन किया लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने प्रार्थनापत्र के आधार पर आरोपी युवक थाना क्षेत्र के छपरामगर्वी गांव निवासी संजीत पुत्र फूलमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती समेत अपहरणकर्ता की तलाश शुरू कर दी है।

# किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाया, केस

**नाथनगर** । महुली पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने बताया है कि बीते 10 जुलाई को महुली कस्बा निवासी राजू सोनकर पुत्र पप्पू सोनकर ने उसकी 17 वर्षीया बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जब इसकी शिकायत लेकर उक्त महिला आरोपी के घर पहुंची तो उसके घर के संजय व शनि पुत्रगण पप्पू सोनकर,कलावती पत्नी पप्पू सोनकर, विनोद पुत्र रामदेव उसे गाली देतें हुए जान-माल की धमकी दी और उसे अपने घर से भगा दिया। महुली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर उपरोक्त पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया और मामले की छानबीन शुरू करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# दो के विरूद्ध लूट और मारपीट की गंभीर धाराओं में केस

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के मड़पौना गांव में एक घर में घुसकर पूर्व में की गई मारपीट की घटना में शामिल रहे दो हमलावरों के खिलाफ रविवार को पुलिस ने लूट और मारपीट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया कोर्ट के निर्देश पर पूरी की है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के मड़पौना गांव निवासी गिरजेश सिंह पुत्र बहादुर सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर बीते 24 अप्रैल को विपक्षी मड़पौना गांव निवासी पिल्टू सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह तथा सूरज सिंह पुत्र पिन्टू सिंह लाठी-डण्डे से लैश होकर घर में घुस गए और तोड़फोड़ करते हुए घर में रखा कीमती सामान नष्ट कर दिया। इस दौरान विपक्षियों द्वारा घर में जमकर लूटपाट भी किया गया। इतना ही नहीं परिवार के लोगों ने जब विपक्षियों के इस कृत्य का विरोध किया तो उक्त विपक्षी भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए घर पर मौजूद लोगों को मारपीट कर घायल भी कर दिया। पीड़ित ने बताया कि घटना की लिखित तहरीर पुलिस को तत्काल दिया लेकिन पुलिस ने विपक्षियों के दबाव में कोई कार्रवाई नहीं की तो अंत में थक-हार कर वह कोर्ट की शरण में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई तो सुनवाई के बाद कोर्ट ने धनघटा पुलिस को उक्त दोनों हमलावरों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था जिसके अनुपालन में पुलिस ने रविवार को आईपीसी की धारा 323,504,352,392,506,452,427 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी।

# महिलाओं की शिकायत पर कच्ची के ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी

**धनघटा (एसएनबी)।** शनिवार को तहसील समाधान दिवस में महिलाओं द्वारा धनघटा थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर, भोतहा और मांझा खड़कपुर गांव में तीन दर्जन नामजद कारोबारियों के ऊपर कच्ची शराब बनाने और उसको बिक्री किए जाने की शिकायत के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रविवार को धनघटा पुलिस हरकत में आ गयी।

तहसील दिवस में दी गई लिखित शिकायत में महिलाओं ने बताया कि उक्त तीनों गांवों में भारी संख्या में लोग कच्ची कारोबार में लिप्त हैं और शराब बनाने से लेकर उसकी बिक्री करने में जुटे हुए हैं। महिलाओं ने बताया कि गांव में भारी पैमाने पर फैले कच्ची कारोबार से गांव में महिलाओं का रहना मुश्किल हो गया है। दिन-रात गांव में हो रहे शराबियों के हुड़दंग से गांव की महिलाओं का घरों से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। महिलाओं की शिकायत पर तहसील दिवस में मौजूद पुलिस उच्चाधिकारियों ने स्थानीय पुलिस तो तत्काल कच्ची कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी कर कारोबार को तत्काल बन्द कराते हुए कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। पुलिस उच्चाधिकारियों के



धनघटा। छापेमारी के बाद पुलिस टीम के साथ मौजूद शिकायतकर्ता महिलाएं। फोटो : एसएनबी

निर्देश के अनुपालन में रविवार को थाने के पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार मिश्र हमराही पुलिसकर्मी प्रदीप सिंह, जुबेर अली, रामचन्द्र यादव, अंकित, मोहन चौधरी, रामसूरत तथा अंकित के साथ हरिवंशपुर, भोतहा और मांझा खड़कपुर गांव के समीप सरयू नदी के मांझा क्षेत्र में स्थित कच्ची कारोबारियों के ठिकाने पर जबरजस्त छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को दूर से ही देखकर मौके पर मौजूद कारोबारी नदी की धारा में कूद कर फरार होने में सफल हो गए लेकिन उसके बाद छापेमारी पुलिस टीम ने मांझा क्षेत्र में लगातार कई घंटे तक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान नदी तट पर रेत के नीचे प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी पन्नियों में भरकर छिपाकर रखे गए 800 लीटर से अधिक अर्द्धनिर्मित शराब बरामद किया है।

बरामद अर्द्धनिर्मित शराब को पुलिस टीम ने नदी की धारा के बीच नष्ट कर दिया। इतना ही नहीं तलाशी अभियान में मांझा क्षेत्र में जगह-जगह धधक रही दर्जनों भट्ठियों को भी तोड़फोड़ कर पुलिस टीम ने नष्ट कर दिया साथ ही मौके पर बरामद शराब बनाने के तमाम उपकरण, बर्तन, कच्चा माल जैसे गुड़, यूरिया, नौसादर आदि भी पुलिस टीम ने मौके से बरामद किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम के साथ शिकायतकर्ता महिलाएं रेखा, प्रमिला, संगीता, नीतू देवी, किसमती, मीरा, सुभावती देवी, विद्यावती देवी, यशोदा देवी, बासमती, संतोरा देवी, सीमा समेत तमाम अन्य महिलाएं भी मौजूद रहीं।

**छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित कच्ची शराब बरामद, छापेमारी टीम ने दर्जनों भट्ठियों समेत शराब बनाने में उपयोग होने वाले उपकरण और कच्चे माल को किया नष्ट**

**शनिवार को तहसील समाधान दिवस में महिलाओं ने मांझा क्षेत्र के भोतहा, हरिवंशपुर और मांझा खड़कपुर गांव निवासी तीन दर्जन कारोबारियों के उपर कच्ची शराब बनाने और उसकी बिक्री करने की नामजद की थी शिकायत**

## जानलेवा हमले करने के मामले में वांछित

# अभियुक्तों के घर पुलिस ने की डुग्गी-मुनादी


अभियुक्त के घर डुग्गी-मुनादी कराते प्रभारी चौकी बरदहिया ।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जानलेवा हमले करने के मामले में तीन अभियुक्तों के घर रविवार को प्रभारी चौकी बरदहिया उ.नि. वीरेंद्र मिश्रा ने अपने हमराहियों के साथ डुग्गी-मुनादी करायी। फरार अभियुक्तों को समयावधि के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर उनके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करने की बात कही। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 279/22 धारा 147, 148, 149, 323, 307, 504, 506 भादवि से संबंधित फरार तीन अभियुक्तों आलोक राय पुत्र दिनेश राय निवासी ग्राम एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद, संपूर्णानंद सिंह पुत्र नवदिश्वर से निवासी ग्राम विषया हन्नू थाना कोतवाली खलीलाबाद तथा नीरज पांडेय उर्फ अन्ना पुत्र ओंकारनाथ पांडेय निवासी ग्राम तेनुहारी दोयम थाना कोतवाली खलीलाबाद के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की गयी। थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत उक्त अभियोग में उपरोक्त तीनों अभियुक्तगण फरार चल रहे हैं तथा अभी तक न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं। जिस पर प्रभारी चौकी बरदहिया उ.नि. वीरेंद्र मिश्रा द्वारा उक्त अभियुक्तों के घर पर जाकर न्यायालय के आदेश पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की गयी। डुग्गी-मुनादी कराकर उपरोक्त अभियुक्तों के निवास स्थान ग्राम एकमा, विषया हन्नू, तेनुहारी में नोटिस चस्पा कराकर मुनादी करायी गयी। यदि फरार अभियुक्त समयावधि के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी चौकी बरदहिया उ.नि. वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि यदि आलोक राय पुत्र दिनेश राय निवासी एकता थाना कोतवाली खलीलाबाद न्यायालय या फिर थाने पर विवेचक के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं तो इनके विरूद्ध चल संपति की नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मनमुटाव खत्म कर दो परिवार एक साथ रहने को राजी

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** विगत कई वर्षों से चले आ रहे 02 परिवारों के मध्य पारिवारिक विवाद को महिला थाना की मध्यस्थता से खत्म करा दिया गया। अब दोनों परिवार एक साथ खुशी-खुशी रहने को राजी हो गए। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अभियान के तहत परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में कुल 02 मामले आये। दोनों मामलों में लम्बे समय से चल रह रहे विवाद को सफलता पूर्वक निस्तारित करते हुए सुलह समझौता कराकर विवाद का निस्तारण कराया गया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा ने बताया कि श्रीमती रोशनी पुत्री रामधनी निवासी मलोरना थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष अवधेश पुत्र रामधीरज निवासी निवासी करौंदा थाना लालगंज जनपद बस्ती तथा श्रीमती रेखा देवी पत्नी मनीष निवासी चिट्ठापार थाना बखिरा व द्वितीय पक्ष श्री सुभावती पत्नी बसन्त निवासी उपरोक्त के दोनों परिवारों के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण आपसी मनमुटाव था। दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर दोनों पक्षों के मध्य व्याप्त मनमुटाव को दूर कराते हुए सुलह समझौता कराया गया। सभी के मध्य समझौता हो जाने के बाद वे लोग खुशी-खुशी एक साथ पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने घर को रवाना हुए।

# युवती को भगाने के मामले में तीन भाइयों समेत पांच पर मुकदमा

जासं, नाथनगर : पुलिस ने रविवार को युवती को भगाने के मामले में तीन भाइयों समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। महुली थाने में दी गई तहरीर में एक गांव की महिला ने उल्लेख किया है कि महुली कस्बा निवासी राजू सोनकर पुत्र स्वर्गीय पप्पू 18 वर्षीय बेटी को दो दिन पूर्व बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसका साथी विनोद ने सहयोग किया। उलाहना देने पर परिवार के सदस्यों ने जान मारने की धमकी दी। पुलिस ने महुली कस्बा निवासी राजू सोनकर, इनके भाई संजय व शनि, मां कलावती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# शांतिभंग में 5 लोग गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। इस दौरान कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। धनघटा पुलिस ने एक, दुधारा पुलिस ने चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# एक वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। वांछितों के खिलाफ चल रहे अभियान के क्रम में रविवार को धनघटा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तारकर न्यायालय में प्रस्तुत किया। इंस्पेक्टर धनघटा ने बताया कि वारंटी रामसिंह पुत्र रामगौड़ निवासी प्रसादपुर, धनघटा को गिरफ्तार किया गया।

# 10 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ रामपुर दक्षिणी निवासी रामजीत पुत्र स्वर्गीय परदेशी को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया ।

# बसवारी क्षेत्र में भैंस चुराकर पिकअप से भागे तस्कर

**लोहरैया, हिन्दुस्तान संवाद।** बसवारी गांव पुलिस चौकी क्षेत्र में इस दिनों पशुतस्कर फिर से सक्रिय हो रहे हैं। पुलिस की रात्रि गश्त ज्यों ही ढीली होती है तो उसका फायदा पशु तस्कर सक्रिय हो जाते हैं। पिछले कुछ महीनों से लोहरैया, बसवारी गांव क्षेत्र में पशु तस्करों पर पुलिस ने नकेल कसी थी।

इधर ढिलाई होते ही फिर सक्रिय हो गए हैं। शनिवार की देर रात करीब 1 बजे बसवारी गांव पुलिस चौकी क्षेत्र के कठवतिया (भरतपुरा) गांव में रामजानकी मार्ग पर स्थित जयराम चौहान के घर के बाहर खूंटे में बंधी भैंस चोरी कर पिकअप पर लाद रहे थे। तभी पास में ही सो रही जयराम की पत्नी की आंख खुल गई।

वह शोर मचाने लगी तब तक पशु तस्कर भैंस लेकर भाग गए। घर पर कोई पुरुष न होने के कारण भैंस चोरी की तहरीर ख़बर लिखे जाने तक पुलिस को नहीं दी गई थी।

# फरार अभियुक्तों पर की गई 82 की कार्रवाई

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने छात्र नेता पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध 82 की कार्रवाई किया। गांव में डुग्गी मुनादी कराते हुए घर पर कुर्की का नोटिस भी चस्पा किया।

कोतवाल ने बताया कि छात्र नेता पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार आरोपी आलोक राय पुत्र दिनेश राय, निवासी ग्राम एकमा, संपूर्णानंद सिंह पुत्र नर्वदेश्वर से निवासी ग्राम विशयाहन्नू, नीरज पांडेय उर्फ अन्ना पुत्र ओंकारनाथ पांडेय निवासी ग्राम तेनुहारी दोयम थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की गई।

# बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, तीन भाइयों पर केस

जासं,बखिरा, संतकबीर नगर: बखिरा थाना के तरकुलवा गांव में रविवार को सुबह बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में मुकामी पुलिस ने तीन सगे भाइयों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बखिरा थाने में दी गई तहरीर में तरकुलवा गांव निवासी मो. तलहा पुत्र जलालुद्दीन ने यह उल्लेख किया है कि रविवार को सुबह करीब 11 बजे बच्चों में विवाद हो गया। इसको लेकर गांव के फिरोज, आलम, बिन्नू पुत्र रशीद अपशब्द कहते हुए उन्हें व परिवार के सदस्यों को लाठी-डंडे से पीटा। इससे उन्हें काफी चोटें आई। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि तीन भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# भूमि को लेकर मारपीट में छह लोग घायल, केस दर्ज



**जासं,नाथनगर, संतकबीर नगर**: महुली थाना के लखनोहर गांव में रविवार को भूमि को लेकर मारपीट हो गई। इस घटना में छह लोग घायल हो गए। पुलिस प्रधान व इनके तीन बेटों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। महुली थाना के लखनोहर गांव निवासी रामजी चौधरी व इनके भाई रमाकांत चौधरी खेत की पैमाइश कराए थे। इस गांव के वर्तमान प्रधान रमेश पासवान रविवार को दोपहर के करीब 12 बजे बेटे जंग बहादुर, तेज बहादुर व राज बहादुर को साथ लेकर रामजी चौधरी का घर नापने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। इससे रामजी, इनके भाई रमाकांत, अंशु पुत्र रामजी, अमरावती देवी पत्नी रामजी, मुरासी देवी पत्नी स्वर्गीय श्रीराम आदि छह लोग घायल हो गए। पीड़ित परिवार की तहरीर पर प्रधान व इनके तीन बेटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

थानाध्यक्ष आरके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कच्ची को लेकर महिलाओं में गुस्सा, 50 क्विंटल लहन नष्ट



भोतहा में कच्ची के विरुद्ध अभियान में पुलिस के साथ खड़ी महिलाएं ● जागरण

**जासं,धनघटा, संतकबीर नगर**: धनघटा क्षेत्र में कच्ची के बनाने व बेंचने से नाराज चल रही महिलाओं का गुस्सा रविवार को फूट गया। हाथ में लाठी लिए महिलाए कच्ची के ठिकाने की तरफ बढ़ने लगी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी भी पहुंचे। इनको देखकर धंधेबाज भाग गए। महिलाओं की मौजूदगी में पुलिस कर्मियों ने शराब बनाने की भट्ठियों को तोड़ते हुए 50 क्विंटल से अधिक लहन को नष्ट किया। धनघटा तहसील के भोतहा और लौकिहा गांव के पास सरयू नदी के किनारे कच्ची शराब बनाने व बेंचने का धंधा चलता है। यहां पर बनने वाली कच्ची की सप्लाई गांव-गांव की जाती है। महिलाओं ने कहा कि अब यह धंधा चलने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए सभी महिलाएं संकल्पित है। पुलिस चौकी पौली के प्रभारी राजेश मिश्र ने कहा कि महिलाओं के सहयोग से पुलिस ने 50 क्विंटल से अधिक लहन नष्ट की।

# 10 लीटर कच्ची के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**जासं, बखिरा, संतकबीर नगर :** बखिरा पुलिस ने कुसरूकला गांव में रविवार को 10 लीटर कच्ची के साथ सुक्खू निषाद को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ये गांव से मिश्रौलिया की तरफ कच्ची लेकर जा रहे थे। इनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जानलेवा हमले के तीन फरार आरोपितों पर पुलिस का शिकंजा

**जासं, संतकबीर नगर**: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एकमा गांव के आलोक राय पुत्र दिनेश, बिसयाहन्नु गांव के संपूर्णानंद सिंह पुत्र नर्वदेश्वर व तेनुहारी दोयम गांव के नीरज पांडेय उर्फ अन्ना पुत्र ओंकारनाथ आदि तीन जानलेवा हमले के फरार आरोपितों पर शिकंजा कस दिया है। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने कहा कि ये तीनों आरोपित न्यायालय में पेश नहीं हुए हैं। पुलिस चौकी बरदहिया के प्रभारी वीरेंद्र मिश्र सहयोगी सिपाहियों के साथ रविवार को आरोपितों के गांव में पहुंचे। कोर्ट के आदेश पर आरोपितों के घर नोटिस चस्पा करने के बाद डुग्गी मुनादी कराई गई। तीनों आरोपित समय से कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए तो इनके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।



माझा में घाघरा नदी किनारे अवैध रुप से चल रही शराब की भट्टियों को नष्ट करतीं महिलाएं। संवाद

# महिलाओं ने तोड़ी शराब की भट्ठियां, लहन भी नष्ट किया

संवाद न्यूज एजेंसी

पौली। क्षेत्र में भारी पैमाने पर बनाई व बेची जा रही जा रही अवैध कच्ची शराब से आजिज आ चुकीं महिलाएं रविवार को हाथ में लाठी लिए अवैध कारोबारियों के अड्डे पहुंच गईं।


महिलाओं के जाने की सूचना पर पुलिस भी आ गई। पुलिस को देखकर कारोबारी भाग निकले। पुलिस के साथ भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने अवैध शराब बनाने की भट्ठियां तोड़कर 50 कुंतल से अधिक लहन नष्ट कर दिया।

## पुलिस को देख धंधेबाज हुए फरार

गांव वालों का कहना है कि भोतहा और लौकिहा गांव के माझा में घाघरा नदी किनारे बड़े पैमाने पर अवैध रूप से कच्ची शराब की भट्ठियां धधकती हैं। यहां से बनने वाली कच्ची शराब की सप्लाई पूरे क्षेत्र में गांव-गांव की जा रही है।

अवैध शराब बनाने और बेचने पर रोक लगाने की मांग लंबे समय से आबकारी व पुलिस विभाग से की जा रही है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इससे परेशान महिलाओं ने स्वयं अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का निर्णय लिया और माझा क्षेत्र में पहुंचकर अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट कर दिया।

महिलाओं का कहना है कि अब अवैध कारोबार को यहां नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए सभी महिलाएं संकल्पित हैं। पौली चौकी इंचार्ज राजेश मिश्रा ने बताया कि सौ से अधिक शराब की भट्ठियां और 50 कुंतल से अधिक लहन नष्ट हुई है। इस कारोबार में लिप्त लोग भाग निकले।



एकमा गांव में आरोपी के घर नोटिस चस्पा करती पुलिस। संवाद

# पुलिस ने फरार अभियुक्तों के घर नोटिस चस्पा किया

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने रविवार को जानलेवा हमले के आरोपियों के घर नोटिस चस्पा किया है। कोर्ट में हाजिर न होने पर कुर्की की कार्रवाई की बात कही है।

बरदहिया बाजार चौकी इंचार्ज वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि एकमा निवासी आलोक राय, विशयाहनु निवासी संपूर्णानंद सिंह और तेनुआरी निवासी नीरज पांडेय पर कोतवाली थाने में जानलेवा हमला समेत अन्य मामलों में केस दर्ज है। तीनों अभियुक्त फरार चल रहे हैं तथा अभी तक न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं। न्यायालय के आदेश पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत अभियुक्तों के निवास स्थान पर नोटिस चस्पा कराकर मुनादी कराई गई है।

# युवती को भगाने के मामले में पांच के खिलाफ केस

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही रहने वाले एक ही परिवार के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**पुलिस मामले की छानबीन कर रही है**

पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने, साजिश रचने, गाली गलौज करने व धमकी देने का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसके गांव का ही एक लड़का उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इस कृत्य में उसके एक साथी ने सहयोग किया। महिला का आरोप है कि परिजनों से उलाहना देने पर उसके साथ गाली गलौज और जानमाल की धमकी दी गई।

थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी व उसके साथी, आरोपी के दो भाई और मां के खिलाफ युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने, आपराधिक षड़यंत्र रचने, गाली गलौज और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2022

# इंद्रदेव के खिलाफ शिकायती पत्र फर्जी, केस

- वर्षा न होने से इंद्र भगवान के खिलाफ वायरल हुआ था शिकायती पत्र
- सीआरओ ने करनैलगंज पहुंचकर की जांच, कोतवाली में मुकदमा दर्ज

करनैलगंज, संवाददाता। तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान इंद्र भगवान के खिलाफ बरसात न करवाने का एक फर्जी शिकायती पत्र सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। रविवार को यह खबर मीडिया की सुर्खियां भी बनी। इस मामले की रविवार को मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) जयनाथ यादव, तहसीलदार नरसिंह नरायन वर्मा व सीओ मुन्ना उपाध्याय ने जांच की।

इसके बाद कोतवाली में कटराबाजार के ग्राम झाला निवासी सुमित कुमार यादव के खिलाफ मामला दर्ज कराया। सीआरओ जयनाथ यादव ने बताया कि मामले की जांच के दौरान खुलासा हुआ कि सकरौरा नगर के पुनीत यादव ने मोबाइल फोन पर धमकी मिलने की शिकायत क्रमांक 684 पर की थी। इस सीओ ने संज्ञान लेकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। जबकि, इसी क्रमांक पर इंद्रदेव के खिलाफ शिकायत दिखाकर तहसीलदार की फर्जी मुहर और हस्ताक्षर से सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इसी मामले में अधिवक्ता बरखण्डी गुप्ता से भी जब पूछताछ की गई तो उन्होंने भी शिकायती पत्र पर अपना हस्ताक्षर होने से इनकार किया।

सीआरओ ने बताया कि संबंधित गांव के लेखपाल, प्रधान और कोटेदार ने सुमित कुमार यादव नाम के किसी व्यक्ति के गांव में होने से इनकार किया। सीओ मुन्ना उपाध्याय ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं।

कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि इंद्र देव के फर्जी वायरल शिकायती पत्र पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है। रविवार को भी यह प्रकरण लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। तहसीलदार ने बताया कि वायरल प्रार्थनापत्र पूर्णतया फर्जी है, उस बने हस्ताक्षर भी फर्जी हैं।

# चोरी की दो बाइकों के साथ आरोपी गिरफ्तार

रगड़गंज, संवाददाता। मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी रगड़गंज ने चोरी की दो बाइकों के साथ चोर को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी के दौरान बाइक की डिग्गी से एक किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ भी बरामद हुआ है।

थाना तरबगंज के रगड़गंज चौकी प्रभारी कामेश्वर राय ने बताया की रविवार को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई की एक व्यक्ति चोरी की बाइक के साथ उमरी रोड से रगड़गंज कस्बे की तरफ आ रहा है। अपने हमराही सिपाही के साथ पहुंच कर आते हुए संदिग्ध व्यक्ति को रोकने के लिए इसारा किया गया लेकिन उक्त व्यक्ति गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। उसी बीच हमराही सिपाही के साथ दबोच लिया गया।

# चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

गोण्डा। कोतवाली कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम चांदपुर निवासी दिलीप तिवारी ने थाने में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी ने बीते शुक्रवार की रात घर पर हमला कर दिया था। जिसमें परिवार में मां- बहन के साथ जमकर मारपीट किया और चाचा को उठाकर दबंग अपने घर पर ले गए और उन्हें भी मारा पीटा। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई थी। पुलिस ने बताया कि शामिल अंजनी, हितेश, विनोद मिश्रा और रविशंकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लड़की को भगाने का आरोपी हत्थे चढ़ा

खरगूपुर। नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही अपहृत लड़की को भी बरामद कर लिया है।

थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसे उपनिरीक्षक किशोर पासवान, निजामुद्दीन और महिला आरक्षी अंजली चौहान ने गिरफ्तार किया है। आरोपी रिजवान निवासी गुलहरिया मौजा लोनावा दरगाह को पकड़ा है।

# पीआरवी जवानों ने युवक की बचाई जान

वजीरगंज। पति-पत्नी के आपसी विवाद की वजह से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने जा रहे युवक को पीआरवी जवानों ने बचा लिया। यह युवक पेड़ पर चढ़कर फंदे से झूलने की कोशिश में था।

थाना क्षेत्र के वकील कुआं निवासी युवक रविवार की सुबह फांसी लगा रहा था। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तत्काल पहुंचे बाइक सवार पीआरवी प्रभारी धर्मवीर चौधरी व संतराम वर्मा ने फांसी लगा कर लटक रहे युवक को किसी तरह पेंड़ से नीचे उतारा। साथ ही उसके गले से फंदा निकाला गया।

पुलिस ने युवक के घरवालों को बुलाकर समझा। पुलिस ने युवक को परिजनों को सुपुर्द कर किया। क्षेत्रीय लोगों ने पीआरवी जवानों की सराहना कर रहे हैं।

# एक साथ रहने को राजी हुए तीन जोड़े

गोण्डा। पुलिस लाइन के परिवार परामर्श केन्द्र में रविवार को तीन बिछुड़े जोड़े को समझाबुझाकर सुखी जीवन जीने के लिए राजी कर लिया। इनमें कृष्णावती व पवन कुमार, अंजनी व अंकित पाण्डेय शामिल हैं। इस दौरान एएसपी शिवराज, सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम, ट्रेनी सीओ शिल्पा वर्मा, महिला थाने की एसएचओ पूनम यादव, गंगाधर शुक्ला, संतोष ओझा, यशोदानन्दन रहे।

# पुलिस ने दो चोरी की बाइक की बरामद, युवक को किया गिरफ्तार

संसू, बेलसर ( गोंडा): दो चोरी की बाइक समेत एक युवक को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। उसके पास से एक किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने कहा कि रगड़गंज चौकी प्रभारी कामेश्वर राय रविवार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक से रगड़गंज कस्बे की तरफ आ रहा है। इसके बाद चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस को देखते ही बाइक सवार युवक भागने लगा। उसे दौड़ाकर पकड़या गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कुंवर लाल उर्फ सचिन निवासी आदमपुर थाना उमरीबेगमगंज बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक अन्य बाइक बरामद की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपित को उमरीरोड स्थित बाग से गिरफ्तार किया है।

## चारपहिया की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार घायल

संसू, मनकापुर: मनकापुर–मसकनवा मार्ग पर स्थित अमवा मोड़ पर चारपहिया की ठोकर से बाइक सवार सूरज निवासी लमती घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत को नाजुक बताते हुए गोंडा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने चारपहिया को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जाता है कि सूरज यादव अपनी बहन कांती देवी को बाइक पर बैठा कर मसकनवां जा रहा था। पीछे से तेज रफ्तार में आ रही चार पहिया ने बाइक में ठोकर मार दी। इसमें दोनों भाई–बहन गिर गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि तहरीर नहीं मिली है। दोनों लोग आपस में सुलह–समझौता कर रहे हैं।

# तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर व मुहर से हुई थी भगवान इंद्र के खिलाफ शिकायत

**जांच में सच्चाई आई सामने,अभिलेखों में हेराफेरी कर फर्जी शिकायत कराने के आरोप में युवक के खिलाफ तहसीलदार ने कराई एफआइआर**

आरसंसू, कर्नलगंज (गोंडा) : बारिश न होने पर भगवान इंद्र के खिलाफ संपूर्ण समाधान दिवस में हुई शिकायत के मामले में नया मोड़ आ गया है। अभिलेखों में हेराफेरी करके फर्जी शिकायत कराने के आरोप में तहसीलदार ने युवक के खिलाफ एफआइआर कराई है।

शनिवार को कर्नलगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भगवान इंद्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का मामला प्रकाश में आया था। पत्र में तहसीलदार के शिकायत के अग्रसारित करने को लेकर चर्चा का बाजार गर्म था। मामला इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद जांच कराई गई। रविवार को मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, सीओ मुन्ना उपाध्याय व तहसीलदार नरसिंह नरायन वर्मा ने मामले की जांच की। तहसीलदार ने कहा कि सकरौरा नगर के पुनीत ने मोबाइल पर धमकी मिलने की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस पंजिका के क्रमांक 684 पर दर्ज कराई थी। सीओ ने मामले में कार्रवाई का निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिया था। जांच में पाया गया कि पुनीत ने दूसरे प्रार्थना पत्र में वही क्रमांक डालकर तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर व मुहर लगाकर पत्र इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया था। अधिवक्ता बरखंडी गुप्ता ने भी पूछताछ में इंद्रदेवता के खिलाफ शिकायत पर हस्ताक्षर करने से इन्कार किया है। तहसीलदार ने पुनीत के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा कराया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि इंद्र देवता के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

## दो आरोपित गिरफ्तार

संसू, खरगूपुर : मटेरा गांव निवासी हरिश्चंद्र मौर्य व शिवगढ़ निवासी लल्लू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने कहा कि दोनों आरोपितों पर एससी एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। दोनों फरार थे।

## 36 घंटे के भीतर युवती बरामद

संसू, खरगूपुर : एक गांव की रहने वाली युवती को पुलिस ने 36 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। बकौल पुलिस गुलहरिया लोनावा दरगाह निवासी आरोपित रिजवान को रविवार को अपहृत की गई युवती को खरगूपुर पृथ्वीनाथ मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया गया।

# आत्मसुरक्षा के बताए तरीके

आर्यनगर : मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों की टीम ने पैड़ी बरा व कौड़िया गांव का भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला आरक्षी प्रियंका सिंह व ऋचा सिंह ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। वह ऐसे लोगों का डटकर सामना करें। (संसू)

# नाराज लोगों की बिजली कर्मियों से हाथापाई

## अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में आक्रोश चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संसू, मोतीगंज (गोंडा) : बिजली आपूर्ति न शुरू होने से नाराज लोगों का आरोप है कि बिजली कर्मियों के साथ हाथापाई की। अभद्रता करने के साथ ही फाइलों को फाड़ने का प्रयास किया। संविदा कर्मी शुभम यादव की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार शाम को तेज हवा के कारण लाइनों में खराबी आ गई। सुरक्षा की दृष्टि से फीडर बंद करके मरम्मत शुरू कराया गया। रात नौ बजे पावर हाउस के सामने रहने वाले कय्यूम व शेबू व उसके दो अन्य साथी उपकेंद्र पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। जबरन लाइन चालू कराने के लिए दबाव बनाने लगे। खोरहंसा उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मी शुभम यादव ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि मना करने पर दबंगों ने हाथापाई शुरू कर दी।

मोबाइल तोड़ने के साथ फाइलों को फाड़ने का प्रयास करने लगे। देहात कोतवाल कमला कांत त्रिपाठी ने कहा कि चार लोगों के खिलाफ मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**ग्रामीणों का हंगामा:** बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने नवाबगंज के बहादुरा गांव स्थित उपकेंद्र पर हंगामा किया। यहां स्थिति नियंत्रण से बाहर देखकर अवर अभियंता संतोष कुमार मंडल मौके से चले गए। इसके बाद भी एक घंटे से अधिक समय तक लोगों ने हंगामा किया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया गया कि चार दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित थी लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। इसी तरह से अन्य उपकेंद्रों पर भी बिजली कटौती के बाद कर्मियों को लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।

**समाधान योजना पर असर:** पावर कारपोरेशन ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना शुरू की थी। कर्मियों में गांव में जाकर लोगों को जागरूक करने का दायित्व सौंपा गया था लेकिन, बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश था। इसको लेकर गांव में शिविर लगाने में मुश्किल हुई। यहां निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 20 फीसद उपभोक्ताओं का भी पंजीकरण नहीं कराया जा सका।



नवाबगंज के बहादुरा स्थित बिजली उपकेंद्र पर एकत्र लोग ● जागरण

### लाइन टूटी, बिजली आपूर्ति ठप

संसू, बाबागंज (गोंडा) : माधवगंज बिजली उपकेंद्र की 33केवी लाइन टूट गई है। इससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। यहां लोग पिछले एक सप्ताह से अघोषित कटौती से परेशान हैं। अब लाइन गिरने के बाद उनकी समस्या और बढ़ गई है। उपकेंद्र से एक किलोमीटर दूर स्थित सहिलापुल के पास लाइन टूटकर गिर जाने से 20 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। उमस भरी गर्मी में लाइन टूटने से मुश्किल होगी। यहां पिछले एक सप्ताह से कहीं न कहीं तार टूटने की शिकायत रहती है। 24 घंटे में बामुश्किल पांच घंटे ही बत्ती दी जा रही है। इससे लोगों में आक्रोश पनप रहा है। अवर अभियंता के सीयूजी नंबर पर काल रिसीव नहीं होती है। अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र ने कहा कि अधिशासी अभियंता को लाइन सही कराने का निर्देश दिया जा रहा है।

# छिनैती के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश

संसू, इटियाथोक (गोंडा) : एक गांव की रहने वाली महिला से अभद्रता कर छिनैती किए जाने के मामले में न्यायालय ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह देवर की शादी में शामिल होने के लिए मुंबई से घर आई थी। शौच करने के लिए वह जा रही थी तभी चार लोगों ने उसे पकड़ लिया। चीख पुकार सुनकर लोग दौड़े तो आरोपितों ने उसकी पिटाई कर दी। गले से सोने का हार छीन लिया। उसने थाने पर शिकायत की लेकिन, पुलिस ने उसकी एक न सुनी। न्यायालय का आदेश मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# गिले-शिकवे कराए दूर

गोंडा। पुलिस लाइंस में रविवार को आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में परामर्शदाताओं के समझाने पर तीन जोड़े साथ रहने को राजी हो गये। इस दौरान सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम, ट्रेनी सीओ शिल्पा वर्मा, महिला थाना प्रभारी पूनम यादव, प्रभारी महिला सहायतता प्रकोष्ठ के शेषमणि पांडेय, गंगाधर शुक्ल, संतोष ओझा, यशोदा नंदन मौजूद रहे। संवाद

# लड़की के अपहरण का गिरफ्तार

खरगूपुर (गोंडा)। नाबालिग लड़की को बहला फुसालकर भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की नाबालिंग लड़की को ग्राम पंचायत लोनावा दरगाह के मजरा गुलहरिया निवासी रिजवान को उपनिरीक्षक किशोर पासवान, आरक्षी निजामुद्दीन, अंजली चौहान की टीम ने गिरफ्तार किया। वहीं अपहृता की बरामदगी भी की गई। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि आरोपी रिजवान को कोर्ट रवाना कर दिया गया है। संवाद

# इंद्रदेवता की शिकायत का प्रार्थनापत्र वायरल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**करनैलगंज (गोंडा)।** संपूर्ण समाधान दिवस में भगवान इंद्र देव के विरुद्ध शिकायत करने का एक प्रार्थना पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामले में डीएम के आदेश पर सीआरओ ने जांच की तो वायरल प्रार्थनापत्र फर्जी निकला। मामले में करनैलगंज तहसीलदार ने कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

करनैलगंज तहसील में बीते शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में क्रमांक 684 पर दर्शाया गया एक प्रार्थनापत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें सुमित कुमार यादव पुत्र जगदेव प्रसाद निवासी ग्राम झाला, थाना कौड़िया बाजार ने भगवान इंद्र देव के विरुद्ध पानी नहीं बरसाने व सूखा पड़ने का कारण दर्शाते हुए शिकायत की है। प्रार्थनापत्र में कहा गया कि कई माह से पानी नहीं गिर रहा है, जिससे जनमानस बहुत परेशान है।

जीव-जंतुओं व खेती पर सूखा का भारी प्रभाव है। प्रार्थनापत्र में छह लोगों के हस्ताक्षर हैं, जिसमें पांच नाम पढ़ने में नहीं आ रहे है। एक नाम ही पढ़ने में आ रहा है। जबकि मामले में जांच में पता चला कि करनैलगंज तहसील में बीते शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के रजिस्टर में क्रमांक 684 पर पुनीत कुमार यादव पुत्र शिव मंगल यादव निवासी ग्राम सकरौरा, करनैलगंज का प्रार्थना पत्र दर्ज है। उसमें पुनीत ने कुछ लोगों पर उसे जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है, उस प्रार्थनापत्र पर सीओ ने करनैलगंज इंस्पेक्टर को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

### जांच में निकला फर्जी, तहसीलदार ने कोतवाली में दी तहरीर

> “ इंद्र देवता की शिकायत का वायरल प्रार्थनापत्र किसी ने फर्जीवाड़ा करके तैयार किया है। इसकी जांच सीआरओ ने की है। रजिस्टर में उक्त क्रमांक पर दूसरा प्रार्थनापत्र दर्ज है। मामले में तहसीलदार की तरफ से एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।
> **-हीरालाल,** एसडीएम करनैलगंज

वहीं, वायरल प्रार्थनापत्र का संज्ञान लेते हुए डीएम ने सीआरओ जयनाथ यादव को जांच सौंपी। सीआरओ ने रविवार को तहसील पहुंचकर जांच की। रजिस्टर चेक किया और तहसीलदार नरसिंह नारायन वर्मा से पूछताछ की। पता चला कि तहसील के किसी भी अधिकारी के उक्त वायरल प्रार्थनापत्र में हस्ताक्षर नहीं हैं। सीआरओ ने बताया कि प्रार्थनापत्र फर्जी है। मामले में तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए करनैलगंज कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

# मां व दो बच्चों के गायब होने की सूचना पर हलकान रही पुलिस

संस, नवाबगंज : नागपुरवा गांव में मां व उसके दो बच्चों के गायब होने की सूचना पर पुलिस हलकान रही। बाद में तीनों के सकुशल मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह के मुताबिक गांव निवासी विपिन दूबे ने सूचना दी कि उसकी पत्नी निशा दूबे को उसके पिता और भाई ने मिल कर बच्चों सहित घर से गायब कर दिया है। पुलिस हरकत में आई। निशा का मोबाइल बंद मिला। सुबह मोबाइल आन होने पर निशा ने बताया कि वह अपनी मर्जी से बच्चों को लेकर कटरा शिवदयालगंज बाजार स्थित रिश्तेदार के यहां आई है। पुलिस टीम निशा को लेकर थाने आई। दोनों पक्षों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**पुलिस कर्मियों ने बचाया :** वजीरगंज प्रतिनिधि के अनुसारवकील कुआं का निवासी उदय भान का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे नाराज होकर वह फांसी लगाने जा रहा था। पुलिस कर्मियों की सूझबूझ से उसे बचा लिया गया।

# फांसी लगा रहे युवक को बचाया

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के वकील कुंआ में पति-पत्नी के आपसी विवाद के कारण नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने जा रहे युवक को पीआरवी जवानों ने बचा लिया। क्षेत्र के वकील कुआं का निवासी उदयभान रविवार सुबह फांसी लगा रहा था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पीआरवी प्रभारी धर्मवीर चौधरी व संतराम वर्मा ने फांसी लगा रहे युवक को किसी तरह फंदे से उतारा और उसके गले से फंदा निकाला। पुलिस ने युवक के घरवालों को बुलाकर समझाया। पुलिस ने युवक को परिजनों के सुपुर्द किया। संवाद

# रंजिश में दो महिलाओं की पिटाई, केस

**परसपुर (गोंडा)।** पुरानी रंजिश में दो महिलाओं से अभद्रता कर पिटाई कर दी गई। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पहली घटना ग्राम पसका सिसई मांझा प्रभु वैश्य पुरवा की है। यहां की निवासिनी मंजू तिवारी पत्नी मनोज तिवारी ने बताया कि शनिवार रात गांव निवासी संदीप यादव उसके घर चढ़ कर उससे अभद्रता कर पिटाई करने लगे। आसपास के लोगों ने बीचबचाव कराया। मंजू की तहरीर पर संदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरी घटना ग्राम पूरे अंगद गोपी पुरवा की है। यहां की निवासिनी पूनम यादव ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही करिया उसकी पत्नी, लालबहादुर व माला पत्नी रंगई यादव उससे अभद्रता कर पिटाई करने लगे। लोगों ने बीचबचाव कराया। पूनम की तहरीर पर करिया, उसकी पत्नी, लालबहादुर व माला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों प्रकरणों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2022

हिन्दुस्तान

# परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया

**सादुल्लाहनगर।** सादुल्लाहनगर थाना के ग्राम पंचायत रहमतपुर के मजरा अतरौरा निवासी 28 वर्षीय राजेश तिवारी पुत्र मेवाराम की मौत करंट लगने से हो गई थी। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने मृतक के परिवारीजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की । साथ ही बिजली विभाग के उपखण्ड अधिकारी को फोन कर कड़ी फटकार लगाई। गुडडू शुक्ला, दुखेश्वर तिवारी, दीप नारायण, विजय गुप्ता, बजरंगी गुप्ता, संकटा तिवारी, हनुमान प्रसाद आदि ग्रामीणों विधायक को बताया कि अतरौरा में एल टी लाईन नहीं है।

# शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**उतरौला, संवाददाता।** रेहरा थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर ग्रंट में विवाहिता की हत्या के बाद उसके शव को दफनाने की प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसके बाद शनिवार को एसडीएम संतोष ओझा व सीओ उदयराज सिंह की उपस्थिति में शव कब्र से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

गोंडा जिले में मनकापुर थाना क्षेत्र के कटहर बुटहनी निवासिनी मृतका मीना जायसवाल के पिता राम प्रताप ने 14 जुलाई को रेहरा थाने में हत्या की शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें साक्ष्य छिपाने व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। एसडीएम संतोष कुमार ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए। जिसके बाद कब्र की खोदाई कर शव को निकालकर पोस्टमार्टम कराने ने का भी आदेश दिया। कब्र की खुदाई के समय पुलिस बल की तैनाती की गई। पिता राम प्रताप ने बताया कि उनकी पुत्री का विवाह सुरेंद्र कुमार के साथ 2015 में हुआ था। दोनों से दो बच्चे भी हैं।

हिन्दुस्तान

# गिरफ्तारी न होने पर लेखपाल करेंगे कार्य बहिष्कार

**ज्ञापन**

श्रीदत्तगंज, संवाददाता। लेखपालों ने विगत दो माह पहले हुई घटना में वकीलों की गिरफ्तारी न होने पर 23 जुलाई से थाना दिवस का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। लेखपालों ने इस निर्णय को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम उतरौला को दी है। उनके इस निर्णय से वकीलों में आक्रोश फैल गया है।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा उतरौला की बैठक तहसील सभागार में अध्यक्ष अभय चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लेखपालों ने विगत दो माह पहले वकीलों के विरुद्ध दर्ज पुलिस रिपोर्ट में कोई कार्रवाई न होने पर नाराजगी जाहिर की। लेखपालों का आरोप है कि उतरौला तहसील क्षेत्र में लेखपाल व वकील के बीच हुई घटना में दो महीने से पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की है।



एसडीएम उतरौला को ज्ञापन देते लेखपाल संघ उतरौला अध्यक्ष अभय चन्द्र श्रीवास्तव

घटना के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। लेखपालों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो इसे पुलिस व प्रशासन की विफलता मानी जाएगी। इसके विरोध में आगामी थाना दिवस का बहिष्कार करते हुए सभी लेखपाल तहसील परिसर में मौजूद रहेंगे। मांग को लेकर लेखपालों ने एक ज्ञापन एसडीएम उतरौला संतोष कुमार ओझा को दी।

उधर लेखपालों की मांग पर वकीलों में आक्रोश फैल गया है। अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि दो माह पहले हुई घटना में प्रशासन वकीलों व लेखपालों में समझौता करा रहा था। दोनों पक्षों में समझौता के लिए वकीलों व लेखपालों का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम उतरौला की मौजूदगी में समझौता करने के लिए राजी थे। बावजूद इसके लेखपालों के थाना दिवस बहिष्कार के निर्णय से दोनों पक्षों में विवाद बढ़ जाएगा।

हिन्दुस्तान

# प्री-प्राइमरी से तीन तक शैक्षिक योजनाओं का लक्ष्य जारी

**निपुण भारत मिशन**

महुआ बाजार, संवाददाता। तहसील सभागार उतरौला में खंड शिक्षाधिकारी सतीश कुमार, बीईओ गैड़ास बुजुर्ग विनय चौधरी, बीईओ रेहरा बाजार समय प्रकाश पाठक, बीईओ श्रीदत्तगंज सियाराम वर्मा ने शनिवार को उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा एवं सीओ उदय राज सिंह को निपुण भारत मिशन लक्ष्य का फोल्डर सौंपा।

केंद्र सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत निपुण भारत मिशन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को भी लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग की अपील गई।



एसडीएम व सीओ उतरौला को निपुण भारत लक्ष्य का फोल्डर देते शिक्षाधिकारीगण

परिषदीय स्कूलों में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्री-प्राइमरी से कक्षा तीन तक शैक्षिक लक्ष्यों की योजना जारी की गई है। तहसील के चारों खंड शिक्षाधिकारियों ने अन्य सभी अधिकारियों को प्री-प्राइमरी की बाल वाटिका से कक्षा तीन तक के शैक्षिक लक्ष्यों की जानकारी देते हुए लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग मांगा। बीईओ सतीश कुमार ने नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सामंजस्य की आवश्यकता है। सभी अधिकारियों से नई शिक्षा नीति के निपुण भारत मिशन के लक्ष्य प्राप्ति के प्रति गंभीरता से सहयोग प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

# एंटी रोमियो एक्शन स्क्वाड ने महिलाओं को दिया संबल



उतरौला में छात्राओं को मिशन शक्ति की जानकारी देती महिला आरक्षी ● जागरण

- विभिन्न थानों में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन
- अपराधों से सचेत रहने की नसीहत दे सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**संसू, बलरामपुर :** जिले के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड एक्शन टीम ने मिशन शक्ति के तहत शनिवार को सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं व महिलाओं को साइबर अपराधों से सचेत रहने की नसीहत देते हुए आत्मरक्षा के गुर सिखाए। त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने कहा कि मिशन शक्ति के पहले चरण में महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण के संबंध में व्यापक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। दूसरे चरण में अभियान को आपरेशन के रूप में संचालित किया गया। कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं व लड़कियों को जागरूक कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। महिलाओं के प्रति हिंसा करने वाले लोगों की पहचान उजागर करना है। छात्राओं को वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, फायर ब्रिगेड 101, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 व थानों के प्रभारी निरीक्षकों के सीयूजी नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।


रा
चरण सिंह
की आपूर्ति
विक्रेता के
प्रकाशकों /
दिनांक 30
हैं। अधिक
की वेबसाइट
देखें।

# निपुण भारत मिशन लक्ष्य की पूर्ति को मांगा सहयोग

**संवादसूत्र, उतरौला (बलरामपुर):** केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत निपुण भारत मिशन लक्ष्य की पूर्ति के लिए संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों से अपील की गई। उतरौला, श्रीदत्तगंज, गैंड़ासबुजुर्ग व रेहराबाजार के खंड शिक्षा अधिकारियों ने उपजिलाधिकारी संतोष ओझा व क्षेत्राधिकारी उदय राज सिंह को भारत मिशन लक्ष्य का फोल्डर सौंपा।

बीईओ श्रीदत्तगंज सियाराम वर्मा ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्री प्राइमरी से कक्षा तीन तक शैक्षिक लक्ष्यों की योजना जारी की गई है। इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों, शिक्षकों व अभिभावकों के बीच सामंजस्य की आवश्यकता बताई। बीईओ रेहराबाजार डा. समय प्रकाश पाठक ने कहा कि निपुण भारत मिशन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, जो बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव व नवाचार लाएगा। कार्यक्रम में बीईओ उतरौला सतीश कुमार व बीईओ गैंड़ासबुजुर्ग विनय चौधरी मौजूद रहे।

# मेधावियों का सम्मान




गैंसड़ी के जय हिंद मार्डन पब्लिक स्कूल में छात्र को प्रमाण पत्र देते उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव ● जागरण

**संसू, गैंसड़ी :** मनकापुर रजडेरवा स्थित जय हिंद मार्डन पब्लिक स्कूल में यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को सम्मानित किया गया। ब्लाक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को सम्मान मिला। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं कक्षाओं में बेहतर परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को 'स्वर्गीय हाजी नईम उल्ला खान अचीवर्स स्कालरशिप अवार्ड' से सम्मानित किया। उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव, अकमल बलरामपुरी ने छात्रों को उपहार व प्रमाण पत्र दिया। विद्यालय प्रबंधक शकील अहमद खान ने कहा कि आधुनिक संसाधनों की कमी के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रबंधक शकील अहमद ने कहा, आर्थिक रूप से कमजोर 22 बच्चों को निश्शुल्क शिक्षा प्रदान करेंगे। प्रधानाचार्य अजय कुमार गुप्त, साहित्य चौधरी, इकरार अहमद, सिराज अहमद, सरदार परमजीत सिंह पम्मी, राकेश, इलियास मौजूद रहे।

# दो बच्चों संग महिला नदी में कूदी, पुलिस व ग्रामीणों ने बचाया

**देहात (बलरामपुर)।** पारिवारिक कलाह से तंग महिला ने अपने दो बच्चों के साथ राप्ती नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की। आस-पास मौजूद ग्रामीणों तथा पुलिस ने तीनों को नदी से बाहर निकाल लिया। घटना देहात कोतवाली क्षेत्र के मदारा गांव के निकट रविवार को हुई है। जानकारी के अनुसार रिंका जो कि बलुआ बलुई गांव के पास बाग में अपने पति गोली व बच्चों के साथ घुमंतू परिवार की तरह रहती हैं। बताया कि उसके पति आएदिन उसे मारते-पीटते हैं। रविवार को अपने छह माह के दुधमुंहे बच्चे को कमर में बांधकर तथा छह वर्षीय पुत्री काजल को लेकर मदारा गांव में भीख मांगने आई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रिंका दोनों बच्चों के साथ नदी में छलांग लगा दी। (संवाद)

# 62.67 फीसदी ने पुलिस पर जताया भरोसा

**बलरामपुर।** एडीजी जोन गोरखपुर की तरफ से जून माह में 11 जिलों के पुलिस कार्यशैली की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग की रैकिंग जारी कर दी गई है। बलरामपुर जिले के 62.67 फीसदी लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर संतोष जताया है। सबसे बेहतर संत कबीर नगर और सबसे फिसड्डी गोरखपुर जिला रहा है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने गत शुक्रवार को बताया कि जून 2022 की एडीजी जोन कार्यालय गोरखपुर की ओर से 11 जिलों के पुलिस की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग की रैंकिंग जारी की गई है। रैंकिंग में बलरामपुर जिले के 62.67 फीसदी लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर भरोसा जताया है। ऑनलाइन वोटिंग में आईजीआरएस, ट्विटर पोल, डायरेक्ट पोल, एफआईआर फीडबैक, पीआरबी रिस्पांस, पासपोर्ट व चरित्र प्रमाणीकरण को शामिल किया गया है। जबकि गोरखपुर में 44.87, देवरिया में 52.97, कुशीनगर में 61.13, महराजगंज में 58.07, बस्ती में 72.20, संत कबीर नगर में 73.47, गोंडा में 56.98, सिद्धार्थ नगर में 69.23 बलरामपुर में 62.67, बहराइच में 63.17 और श्रावस्ती में 60.93 फीसदी लोगों ने अपने यहां के पुलिस की कार्यशैली पर मतदान किया है। (संवाद)



# फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों ने लगाई दौड़

**बलरामपुर।** पुलिसकर्मियों को फिट रखने के लिए पुलिस लाइंस में उनसे दौड़ लगवाई गई। सभी पुलिसकर्मियों को चुस्त-दुरुस्त रहने का निर्देश दिया गया। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बीते दिन पुलिस लाइंस के परेड का निरीक्षण किया। कहा कि शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए नियमित दौड़ लगाएं। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए एसपी ने टोली गठित कर ड्रिल कराई। सबसे पहले परेड की सलामी ली और फिर परेड का निरीक्षण किया। प्रतिसार निरीक्षक को एसपी ने निर्देश दिया कि इसी तरीके से पुलिसकर्मियों से नियमित दौड़ कराएं, जिससे वह हष्ट-पुष्ट रहें। एसपी ने सभी कार्यालयों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यूपी 112 के दो व चार पहिया वाहनों का निरीक्षण किया। इन पर तैनात पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता व दक्षता परखी गई। चार पहिया वाहनों में दंगा नियंत्रण उपकरण रखने के निर्देश दिए। आरक्षी बैरक व पुलिस लाइंस आवास के आसपास साफ-सफाई रखने का भी निर्देश दिया। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-07-2022

# तीन तालक मामले के आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस

फॉलोअप

बलहा, संवाददाता। तीन तलाक मामले में तीन सप्ताह पूर्व दर्ज एफआईआर में नामजद आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। नामजद आरोपी पीड़ित परिवार को जानमाल की धमकी दे रहे हैं।

मटेरा थाने के शकरपुर चौराहा निवासी अल्लारखां ने अपनी बेटी साहिबा की शादी लगभग पांच वर्षो पूर्व नानपारा कोतवाली के बाड़ा निवासी सद्दाम पुत्र मुजीब के साथ किया था। शादी में दहेज व रोजगार को काफी धन दिया था। इसके बावजूद और धन की मांग कर आए दिन साहिबा को मारपीट कर उत्पीड़न किया जा रहा था। शादी के दूसरे वर्ष में जब वह गर्भवती थी। धन की मांग को लेकर मारा-पीटा और उसके मायके छोड़ गया। परिवारीजन प्रसव के बाद बेटी को समझा बुझा कर ससुराल ले आए। लगभग ढाई लाख की रकम भी दी थी।

धन खर्च होने पर ससुराल वालों ने दामाद को चाय मिष्ठान्न की दुकान कराई। इसके बाद फिर साहिबा को मारपीट कर मायके भेज दिया गया। पीड़िता के मुताबिक ससुराल जाकर पता चला कि सद्दाम की यह दूसरी शादी है।

# वीडीओ, प्रधान सहित नौ लोगों पर केस दर्ज

बहराइच, संवाददाता। परिवार रजिस्टर में छेड़छाड़ व धोखाधड़ी कर भूमि बैनामे के मामले में खैरीघाट थाने में ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, प्रधान पुत्र सहित नौ लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

खैरीघाट थाने के मटेरा कलां ग्राम पंचायत के भदईपुरवा गांव निवासी बदलू पुत्र सोनासर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी को तहरीर दी थी। जिसमें गांव निवासी छोटेलाल, जग्गू उर्फ जग प्रसाद, राकेश उर्फ जवाहिर, मोती लाल, ग्राम प्रधान शकुन्तला देवी उर्फ लक्ष्मी व प्रधान पुत्र देवी शरण वर्मा, प्रदीप वर्मा, कुलदीप वर्मा सहित ग्राम विकास अधिकारी यासिर शकील आदि ने मिलकर भाग दो यानि परिवार रजिस्टर नकल से पन्ना फाड़कर निकाल दिया। फर्जी परिवार रजिस्टर नकल पर दूसरी तारीख में भाई बाबूराम को मृतक दिखाकर फर्जी बैनामा व वसीयतनामा करा दिया है। बदलू प्रसाद ने बताया कि उसके भाई बाबूराम की मौत 25 सितम्बर 2007 को हुई थी।

ग्राम विकास अधिकारी यासिर शकील ने परिवार रजिस्टर नकल से पन्ना फाड़ कर बाबूराम की मौत कूट रचित तरीके से 28 जून 2008 कर दिया।

# शिव मंदिरों में आज उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

## सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों में होगा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक व रात्रि जागरण

**जासं, बहराइच :** सावन के पहले सोमवार पर जिले भर के शिवालयों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ेगा। रंग-रोगन से लेकर मंदिरों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कोरोनाकाल के बाद मंदिरों में लगी रोक इस बार नहीं है तो भक्तों में भी उत्साह है। साफ-सफाई और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सावन के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक को लेकर कांवड़ियों के जत्थे दो दिन पहले ही रवाना हो चुके हैं। कांवड़िए पवित्र नदियों से जल भरकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

शहर के प्राचीन सिद्धनाथ मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। यहां शहर के अलावा दूरदराज से आने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। सायंकाल भजन कीर्तन आदि के आयोजन होंगे। इसके अलावा मौनी बाबा आश्रम, बाबा भोलेश्वरनाथ मंदिर ब्राह्मणीपुरा, सागर नाथ शिव मंदिर राजा रेहुआ, पारसनाथ मंदिर बभनौटी शंकरपुर, जंगलीनाथ मंदिर मटेरा, मंगलीनाथ मंदिर नवाबगंज के अलावा अन्य शिवमंदिरों को भी सजाया गया है। दिन में भंडारे आदि के आयोजन किए जाएंगे। संघारन मंदिर में भी रुद्राभिषेक आदि के कार्यक्रम होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष रूबीना रेहान ने सभी मंदिरों में सफाई के साथ चूना डलवाने के निर्देश कर्मचारियों को दिए हैं। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। एसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि मंदिरों में महिला और पुरुष जवान तैनात रहेंगे। सभी सीओ अपने क्षेत्र में भ्रमण पर रहेंगे।



सिद्धनाथ मंदिर में श्रृंगार के बाद मनमोहक रूप में सजा शिवलिंग ● जागरण

### बूढ़ेश्वरनाथ के लिए रवाना हुआ कांवड़ियों का जत्था

**संसू, बिछिया(बहराइच) :** भगवान शिव की आराधना के महापर्व सावन की शुरुआत हो चुकी है। ग्राम पंचायत सुजौली व बझखड़िया के अलग-अलग गांवों से बड़ी संख्या में कांवड़ियों का जत्था सुजौली स्थित मंदिर से पूजन-अर्चन कर गाजे-बाजे के साथ बूढ़ेश्वर नाथ के लिए रवाना हुआ। ग्राम प्रधान राजेश गुप्त के नेतृत्व में कांवड़ियों का जत्था बझखड़िया चहलवा होते हुए चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज पंहुचा। घाघरा नदी से जल भरकर कांवड़िए महाराज सिंह नगर कठौतिया होते हुए उर्रा के लिए रवाना हुए। कालीकोट माता मंदिर पर रात्रि विश्राम के बाद सुबह कांवड़ियों का जत्था ग्राम रामपुर धोबियाहार स्थित बूढ़ेश्वरनाथ के लिए रवाना होगा। वहां रुद्राभिषेक कर सभी लौटेंगे। प्रधान ने बताया कि शिव भक्तों को धूमधाम से जलाभिषेक करने का मौका मिला है।

# सरकारी दुकान पर मिलावटी शराब के कारोबार का भंडाफोड़

- आबकारी टीम की छापेमारी में ढक्कन और अन्य सामान बरामद
- विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज पहले भी सीज हो चुकी थी दुकान

**जासं, बहराइच :** जिला आबकारी अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद मिलावटी शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसने को लेकर रणनीति तैयार कर अभियान चलाया। टीमों का गठन कर सरकारी दुकानों पर छापेमारी कराई। सरकारी दुकान पर मिलावटी शराब बिक्री का भंडाफोड़ हुआ। दुकान से ढक्कन व अन्य सामान के साथ मिलावटी शराब बरामद की गई। विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि रानीपुर इलाके में सरकारी देसी शराब की दुकान पर मिलावटी शराब की बिक्री किए जाने की जानकारी मुखबिर से मिली। इसे गंभीरता से लेकर आबकारी निरीक्षक विवेक चौहान, जावेद हुसैन, आरक्षी सुभाष पांडेय, प्रवीन कुमार, राजेश सिंह, शेर अली की टीम गठित कर उत्तर गंगा मोगलहा स्थित सरकारी शराब की दुकान पर छापेमारी की गई। मौके पर दो लीटर की बोतल में मिलावटी शराब, 100 नकली ढक्कन, 13 झूम ब्रांड की मिलावटी शराब बरामद हुई। दुकान में शराब बिक्री करने वाले ने स्वयं को विक्रेता बताते हुए अपना नाम सत्यम सिंह निवासी खैरीघाट बताया। आबकारी टीम ने बरामद सामान को जब्त करते हुए आरोपित विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अनुज्ञापी नीतू गुप्त व सत्यम सिंह के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है।

थानाध्यक्ष रानीपुर शिवनाथ गुप्त ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अगर कहीं मिलावटी शराब का कारोबार हो रहा है तो उनको सूचना दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।

# देशी शराब की दुकान में चल रहा था मिलावटी खेल, छापे में खुलासा

**बहराइच।** जिले में नकली व मिलावटी शराब की बिक्री पर अंकुश को लेकर रविवार को जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने अभियान चलाया। उन्हें सूचना मिली कि थाना रानीपुर के उत्तरगंगा मोगलहा गांव स्थित विभाग की एक महिला अनुज्ञापी नीतू गुप्ता की दुकान पर मिलावटी शराब तैयार की जा रही है।

आबकारी निरीक्षक विवेक चौहान की अगुवाई में विभाग की टीम ने मौके पर छापा मारा। यहां टीम को दो लीटर की बोतल में नकली शराब, सौ से अधिक बोतलों के ढक्कन और मिलावटी शराब मौके पर बरामद हुई। टीम ने दुकान पर मिलावटी शराब की बिक्री कर रहे युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम थाना खैरीघाट निवासी सत्यम सिंह बताया। टीम ने विक्रेता को मौके पर गिरफ्तार कर अनुज्ञापी नीतू गुप्ता व विक्रेता सत्यम सिंह के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। एसओ रानीपुर शिवनाथ गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। (संवाद)

# डीएम ने ईओ को सौंपी जांच

**बहराइच।** नगर पालिका परिषद नानपारा के पूर्व सभासद दिलीप मदेशिया ने डीएम को पत्र सौंपकर शिकायत की थी कि नपाप नानपारा में ठेका पद्धति व आउटसोसिंग का ठेका जेम पोर्टल के माध्यम से हुआ था। जिसमें नपाप के तत्कालीन ईओ और मौजूदा चेयरमैन व नपाप के एक कर्मचारी द्वारा आपस में बंदरबांट कर ठेकेदारों से लाखों की वसूली की गई है। पूर्व सभासद ने कहा कि तत्कालीन ईओ ने शासनादेश को दरकिनार कर 9 से 10 प्रतिशत सेवा शुल्क लेकर ठेके को स्वीकृति प्रदान की थी। पूर्व सभासद ने डीएम से मामले में जांच कराकर ठेका निरस्त कराने की मांग की है। डीएम का निर्देश मिलने के बाद एसडीएम ने नपाप की वर्तमान ईओ को जांच कर आख्या 25 जुलाई तक मांगी है। (संवाद)

कोशिश

महिला किसान ने शुरू की खेती, एक साल में पैदा होगा 'टामी एटकिंस'

नंबर 15533

# अमेरिकन आम के लिए जाना जाएगा बहराइच

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** फलों का राजा कहे जाने वाले आम की प्रजाति 'लंगड़ा' ने वाराणसी व 'दशहरी' ने लखनऊ को खासी पहचान दी है लेकिन अब अमेरिकन 'टामी एटकिंस' आम के लिए बहराइच को भी जाना जाएगा। खास बात यह कि एक साल में ही यह फलने लगता है।

शहर की रहने वाली ज्योति तुल्सयान का शहर के बाहरी छोर पर फार्म हाउस है। साल 2021 में उन्होंने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत अपने फार्म हाउस पर आम का पौधा लगाया। सही तरीके से खेती करने के लिए उद्यान विभाग के योजना प्रभारी आरके वर्मा ने पूरा सहयोग किया। ज्योति के बाग में अमेरिकन प्रजाति के 'टामी एटकिंस' के पौधे ने बहुत ही जल्दी फल देना शुरू कर दिया। एक साल पूरा होने पर ही उसमें फल आ गया जो काफी स्वादिष्ट रहा।

पहले साल सीमित मात्रा में ही इसका उत्पादन हुआ। ज्योति का कहना है कि अब बड़े पैमाने पर इसकी खेती की जाएगी। उन्होंने 2.25 हेक्टेयर में आम की खेती की है। बताया कि उन्हें भी यकीन नहीं हो रहा था कि एक साल में ही फल लगने लगेगा। उम्मीद है कि अगले साल आम की पौध अधिक होने के कारण अच्छी पैदावार होगी और बेचने पर अच्छा मुनाफा भी मिलेगा।





लखनऊ में हुए आम महोत्सव में बहराइच के आम के बारे में जानकारी लेते सीएम व फार्म हाउस पर लगा अमेरिकन आम। -संवाद

■ ***ऐसे आया एक साल में फल :*** उद्यान विभाग के योजना प्रभारी आरके वर्मा ने बताया कि विदेशी प्रजाति होने के कारण एक साल में फल आ गया। बताया कि बलुई मिट्टी होने के कारण पौधे की जड़ अंदर तक चली गई। साल भर नमी रखने के कारण वह मजबूत हो गया। साथ-साथ जैविक खाद का प्रयोग भी किया गया।

## सीएम योगी ने सराहा

लखनऊ में बीते दिनों आम महोत्सव का आयोजन हुआ था। उसमें ज्योति ने अपने आम की प्रदर्शनी लगाई थी। उन्होंने बताया कि जब स्टाल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे तो उन्हें आम की खासियत बताई गई। सुनते ही वह खुश हो गए और आम की पैदावार के बारे में जानकारी ली। यही नहीं, उन्होंने मंच से भी बहराइच के आम व उनके प्रयासों की सराहना की।

## आय होगी दोगुनी

"'टामी एटकिंस' बहुत ही स्वादिष्ट होता है। बाजार में अच्छी कीमत में बिकेगा। ज्योति प्रदेश की पहली महिला किसान हैं जिन्होंने आम की खेती शुरू की है।

**-आरके वर्मा,**
योजना प्रभारी उद्यान विभाग

# जेल में बंदी को खून की है जरूरत, जल्दी पैसा भेजो

## साइबर ठगों ने ठगी का निकाला नया तरीका, अब तक 30 से 40 लोग हो चुके शिकार

## साइबर अपराधी अपना निशाना जेल में निरुद्ध बंदियों के परिजनों को बना रहे, जांच शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** हेलो..! जेल की दीवार टूट कर गिर गई है। जिसकी चपेट में जेल में बंद तुम्हारा बंदी आ गया है। उसकी हड्डी टूट गई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे खून की जरूरत है। जल्दी से पैसा भेज दो। वरना उसकी मौत हो जाएगी। कुछ ऐसा ही कॉल करके इस समय जेल में निरुद्ध बंदियों के परिजनों को फोन करके उनसे पैसा मंगाया जा रहा है। साइबर ठगों ने पैसा ठगने का यह तरीका अपनाया है। अब तक करीब 30 से 40 परिजन इस नये ठगी के जाल में फंसकर अपना पैसा गंवा चुके है। साइबर अपराधियों द्वारा की जा रही ठगी की जानकारी होने के बाद जेल प्रशासन ने पर्ची काउंटर के पास नोटिस चस्पा करा दिया है और जेल में अनाउंसमेंट भी कराकर लोगों को जागरूक करने की अपील की है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

अब साइबर अपराधियों ने अपना निशाना जेल में निरुद्ध बंदियों के परिजनों को बनाया है। साइबर अपराधी जेल में निरुद्ध बंदियों के परिजनों को फोन करके हांफते हुए कहते हैं कि जेल की दीवार गिर गई है। बंदी को अत्यधिक चोट लग गई है। उसे तत्काल खून की जरूरत है। जल्दी से फोन पे, पेटीएम व एकाउंट में पैसा भेज दो। जिससे बंदी की जान बचाई जा सके। जब तक उधर से कुछ पूछा जाए, फोन कट कर दिया जाता। बंदी के परिजन परेशान होकर साइबर अपराधी के बताए अकाउंट में पैसे डाल दे रहे हैं।

जेल प्रशासन के मुताबिक अब तक करीब 30 से 40 लोग ऐसे साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस कर अपना पैसा गंवा चुके है। जब यह बात जेल प्रशासन को पता चली तो जेल के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जेल प्रशासन ने तत्काल इसकी सूचना जिले के डीएम व एसपी को दी। इसके साथ ही पर्ची काउंटर की दीवारों पर नोटिस भी चस्पा करा दिया गया है। जिससे बंदियों से मिलने आने वाले परिजन या रिश्तेदार इसको पढ़कर सचेत हो सकें। जेल प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के बाद पुलिस महकमे ने जांच शुरू कर दी है।



बहराइच में स्थित जिला कारागार के पर्ची काउंटर पर चस्पा किया गया नोटिस। -संवाद

### “ जल्द किया जाएगा घटना का खुलासा



साइबर ठगों ने ठगी करने का नया तरीका अपनाया है। जेल प्रशासन द्वारा इसकी शिकायत मिली है। मामले का खुलासा करने के लिए साइबर सेल के साथ सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। सभी से अपील है कि कोई भी ऐसा कॉल आये तो किसी को पैसा न भेजे। खुद जागरूक रहे और दूसरों को जागरूक करें। -**केशव चौधरी,** एसपी बहराइच

### पद पूछने पर गाली देकर काट देते हैं फोन

जेलर आनंद शुक्ला ने बताया कि जब परिजनों ने यह जानकारी दी तो उनसे पूछा गया। परिजनों ने बताया कि जब वह ऐसी बात बताते हैं और जैसे ही हम लोग पूछते है कि आप कौन बोल रहे है। वैसे ही उधर से गाली आती है और कहते है कि हम तुम्हारे बंदी की जान बचाने में लगे है और तुम कहानी पूछ रहे हो, ऐसे डांटते हुए फोन काट देते है। जिसके बाद लोग घबराकर पांच से 10 हजार रूपये भेज देते है। जेलर बताते हैं कि पहले लोग बताने में हिचकते थे, लेकिन जब पता चला कि पूरा मामला फर्जी है तो लोग अब बता रहे हैं कि उनके साथ फ्राड हुआ है। अब तक लगभग 30 से 40 लोग साइबर ठग के शिकार में फंस कर अपना पैसा गंवा चुके है। अभी भी पता चल रहा है कि रोजाना एक न एक केस ऐसा अभी भी हो जा रहा है।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2022

# पुलिस ने तीन दम्पतियों में कराई सुलह

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देशन में शनिवार को पुलिस लाइन में पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीम ने पति-पत्नी के मध्य आपसी मनमुटाव को दूर करते हुए उनमें समझौता कराया गया। इसमें सकीना पत्नी अलीरजा निवासी रंजीतपुर, आयशा खातून पत्नी इरफान निवासी नौसहरा व जनदुलारी पत्नी जोखन निवासी खपरीपुर साथ रहने को राजी हो गए। जिन्हे एकसाथ घर भेजा गया।

# 20 लीटर कच्ची शराब बरामद, एक पकड़ा गया

**श्रावस्ती।** अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शनिवार शाम को मल्हीपुर थाने की पुलिस क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों की धर पकड़ के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# 46 वाहनों का पुलिस ने काटा चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, सीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 46 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर एक लाख तीन हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# एसपी ने किया विभूति मंदिर का निरीक्षण

**श्रावस्ती, संवाददाता।** सावन के पहले सोमवार पर हर वर्ष की तरह इस बार भी विशाल जलाभिषेक किया जाएगा। जिसकी सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

सोमवार को एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने पूर्वी सोहेलवा जंगल में स्थित पांडव कालीन शिव मंदिर विभूतिनाथ पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने बैरिकेटिंग से लेकर अन्य सुरक्षा इंतजामों को देखा। उन्होंने सुरक्षा में तैनात किए गए पुलिस बन को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो इसका ध्यान रखा जाय। इसके साथ ही एसपी ने मंदिर प्रशासन के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# 20 शीशी नेपाली शराब बरामद

श्रावस्ती : मल्हीपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लालबोझा दरवेश निवासी राजू मौर्या को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 20 शीशी नेपाली शराब बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शिवालयों में गूंजेंगे हर-हर महादेव के जयकारे

## सावन का पहला सोमवार आज, मंदिरों में जलाभिषेक को जुटेंगे श्रद्धालु

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** देवाधिदेव महादेव की अराधना का पावन मास श्रावण का आगाज हो चुका है। इसके साथ ही शिवलायों में शिव भक्तों का जमावड़ा लगने लगा है। ऐसे में आज पड़ने वाले सावन मास के पहले सोमवार को जिले के प्रमुख शिवालयों में शिव भक्तों की खासी भीड़ एकत्र होगी। इसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

जिले के सिरसिया विकास क्षेत्र स्थित पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर के साथ ही गिलौला के सदाशिव महादेव, झारखंडी महादेव, इकौना के बेचू बाबा व जमुनहा क्षेत्र के जगपतिनाथ व जंगली नाथ महादेव सहित अन्य शिवालयों में सावन के पहले दिन से ही शिवभक्तों की भीड़ जुटने लगी है। सावन में जलाभिषेक के लिए सबसे ज्यादा उत्साह युवाओं में देखा जा रहा है। जो विभिन्न शिवालयों में अपने आराध्य देव महादेव का पूजन अर्चन करने पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रावण मास के पहले सोमवार पर विभूतिनाथ सहित सदाशिव, बेचू बाबा व जगपतिनाथ पर जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों का पहला जत्था रविवार देर रात रवाना होगा। यह कांवड़िये जिले के इन चारों प्रमुख शिवालयों में आज सोमवार को जलाभिषेक करेंगे। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनजर कहीं कोई चूक न हो इसके लिए अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने संबंधित थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले इन शिवालयों में थाना प्रभारियों को पर्याप्त संख्या में पुलिस, होमगार्ड व चौकीदारों के साथ मुस्तैद रहने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं एएसपी ने भिनगा जंगल के अंटा तिराहे पर उप निरीक्षक, पुलिस कर्मी व होमगार्ड के जवानों को तैनात करने का आदेश दिया है।



विभूतिनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते एसपी। संवाद

### तीसरी आंख की निगहबानी में मंदिर परिसर, एसपी ने लिया जायजा

**श्रावस्ती।** सिरसिया के विभूतिनाथ मंदिर पर आज भक्तों की भारी भीड़ जमा होगी। देवाधिदेव महादेव पर जलाभिषेक के लिए आज भोर से ही शिव भक्त मंदिर परिसर में कतारबद्ध होंगे। ऐसे में कहीं कोई चूक न हो इसके लिए रविवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों व महंथ के साथ बैठक कर सीसीटीवी कैमरा आदि के संचालन के बारे में जानकारी ली। साथ ही थानाध्यक्ष सिरसिया पंकज कुमार को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में लगाई गई पुलिस ड्यूटी के बारे में दिशा-निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मेला परिसर में यातायात प्रबंधन की भी जांच की। (संवाद)

# 46 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने रविवार को विभिन्न चेकपोस्ट, बैरियर सहित संदिग्ध वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न चेकपोस्टों पर वाहनों की जांच कर 46 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 1,03,600 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। (संवाद)

# शांतिभंग में नौ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार रात अभियान चला कर नौ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# 20 लीटर कच्ची शराब संग युवक गिरफ्तार

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर पुलिस ने शनिवार रात गश्त के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम लाल बोझा दर्वेश गांव निवासी राजू मौर्या के रूप में हुई। (संवाद)